बुद्धकालीन भारतका भौगोलिक परिचय

बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय

बुद्धकाल में भारतवर्ष तीन मण्डलों, पाँच प्रदेशों और सोलह महाजनपदों में विभक्त था। महामण्डल, मध्यमण्डल और अन्तर्मण्डल—ये तीन मण्डल थे। जो क्रमश ९००, ६००, ३०० योजन विस्तृत थे। सम्पूर्ण भारतवर्ष (= जम्बूद्वीप) का क्षेत्रफल १०,००० योजन था। मध्यम देश, उत्तरापथ, अपरान्तक, दक्षिणापथ और प्राच्य—ये पाँच प्रदेश थे। हम यहाँ इनका सक्षेप में वर्णन करेंगे, जिससे बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय प्राप्त हो सके।

§ १ मध्यम देश

भगवान् बुद्ध ने मध्यम देश में ही विचरण करके बुद्धधर्म का उपदेश किया था। तथागत पद-चारिका करते हुए पश्चिम में मथुरा[1] और कुरु के थुल्लकोट्ठित[2] नगर से आगे नहीं बढ़े थे। पूरब में कजगला निगम के सुखेलु वन[3] और पूर्व-दक्षिण की सललवती नदी[4] के तीर को नहीं पार किया था। दक्षिण में सुसुमारगिरि[5] आदि विन्ध्याचल के आसपास वाले निगमों तक ही गये थे। उत्तर में हिमालय की तलहटी के सापुग[6] निगम और उसीरध्वज[7] पर्वत से ऊपर जाते हुए नहीं दिखाई दिये थे। विनय पिटक में मध्यम देश की सीमा इस प्रकार बतलाई गई है—"पूर्व दिशा में कजगला निगम । पूर्व दक्षिण दिशा में सललवती नदी । दक्षिण दिशा में सेतकण्णिक[8] निगम । पश्चिम दिशा में थूण[9] नामक ब्राह्मणों का ग्राम···। उत्तर दिशा में उसीरध्वज पर्वत ।[10]"

मध्यम देश ३०० योजन लम्बा और २५० योजन चौड़ा था। इसका परिमण्डल ९०० योजन था। यह जम्बूदीप (= भारतवर्ष) का एक बृहद् भाग था। तत्कालीन सोलह जनपदों में से ये १४ जनपद इसी में थे—काशी, कोशल, अंग, मगध, वज्जी, मल्ल, चेदि, वत्स, कुरु, पञ्चाल, मत्स्य, शूरसेन, अश्वक और अवन्ति। शेष दो जनपद गन्धार और कम्बोज उत्तरापथ में पड़ते थे।

§ काशी

काशी जनपद की राजधानी वाराणसी (बनारस) थी। बुद्धकाल से पूर्व समय समय पर

---

१ अंगुत्तर निकाय ५ २ १०। इस सूत्र में मथुरा नगर के पाँच दोष दिखाये गये हैं।
२ मज्झिम निकाय २ ३ ३२। दिल्ली के आसपास कोई तत्कालीन प्रसिद्ध नगर।
३ मज्झिम निकाय ३ ५ १७। ककजोल, सथाल परगना, बिहार।
४ वर्तमान सिलई नदी, हजारी बाग और बीरभूमि।
५ चुनार, जिला मिर्जापुर।
६ अंगुत्तर निकाय ४ ४ ५ ४।
७ हरिद्वार के पास कोई पर्वत।
८. हजारीबाग जिले में कोई स्थान।
९ आधुनिक थानेश्वर।
१०. विनय पिटक ५ ३ २।

बुद्धकालीन भारत का मानचित्र
६०० ई० पूर्व

बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय

बुद्धकाल में भारतवर्ष तीन मण्डलों, पाँच प्रदेशों और सोलह महाजनपदों में विभक्त था। महामण्डल, मध्यमण्डल और अन्तर्मण्डल—ये तीन मण्डल थे। जो क्रमशः ९००, ६००, ३०० योजन विस्तृत थे। सम्पूर्ण भारतवर्ष (= जम्बूद्वीप) का क्षेत्रफल १०,००० योजन था। मध्यम देश, उत्तरापथ, अपरान्तक, दक्षिणापथ और प्राच्य—ये पाँच प्रदेश थे। हम यहाँ इनका संक्षेप में वर्णन करेंगे, जिससे बुद्धकालीन भारत का भौगोलिक परिचय प्राप्त हो सके।

§ १. मध्यम देश

भगवान् बुद्ध ने मध्यम देश में ही विचरण करके बुद्धधर्म का उपदेश किया था। तथागत पद्-चारिका करते हुए पश्चिम में मथुरा[१] और कुरु के थुल्लकोट्ठित[२] नगर से आगे नहीं बढ़े थे। पूरब में कजंगला निगम के मुखेलु वन[३] और पूर्व-दक्षिण की सललवती नदी[४] के तीर को नहीं पार किया था। दक्षिण में सुसुमारगिरि[५] आदि विन्ध्याचल के आसपास वाले निगमों तक ही गये थे। उत्तर में हिमालय की तलहटी के सापुग[६] निगम और उसीरध्वज[७] पर्वत से ऊपर जाते हुए नहीं दिखाई दिये थे। विनय पिटक में मध्यम देश की सीमा इस प्रकार बतलाई गई है—"पूर्व दिशा में कजंगला निगम । पूर्व दक्षिण दिशा में सललवती नदी । दक्षिण दिशा में सेतकण्णिक[८] निगम । पश्चिम दिशा में थूण[९] नामक ब्राह्मणों का ग्राम । उत्तर दिशा में उसीरध्वज पर्वत ।[१०]"

मध्यम देश ३०० योजन लम्बा और २५० योजन चौड़ा था। इसका परिमण्डल ९०० योजन था। यह जम्बूद्वीप (= भारतवर्ष) का एक बृहद् भाग था। तत्कालीन सोलह जनपदों में से ये १४ जनपद इसी में थे—काशी, कोशल, अंग, मगध, वज्जी, मल्ल, चेदि, वत्स, कुरु, पञ्चाल, मत्स्य, शूरसेन, अश्वक और अवन्ति। शेष दो जनपद गन्धार और कम्बोज उत्तरापथ में पड़ते थे।

§ काशी

काशी जनपद की राजधानी वाराणसी (बनारस) थी। बुद्धकाल से पूर्व समय समय पर

---

१ अगुत्तर निकाय ५ २ १०। इस सूत्र में मथुरा नगर के पाँच दोष दिखाये गये हैं।

२ मज्झिम निकाय २ ३ ३२। दिल्ली के आसपास कोई तत्कालीन प्रसिद्ध नगर।

३. मज्झिम निकाय ३ ५ १७। ककजोल, सथाल परगना, बिहार।

४ वर्तमान सिलई नदी, हजारी बाग और वीरभूमि।

५ चुनार, जिला मिर्जापुर।

६ अगुत्तर निकाय ४ ४ ५ ४।

७ हरिद्वार के पास कोई पर्वत।

८ हजारीबाग जिले में कोई स्थान।

९. आधुनिक थानेश्वर।

१० विनय पिटक ५ ३ २।

सुरुन्धन सुदर्शन ब्रह्मवर्द्धन पुष्पवती मालिनी और रम्यनगर इसके नाम थे। इस नगर का विस्तार १२ योजन था। भगवान् बुद्ध से पूर्व काशी राजनीतिक क्षेत्र में शक्तिशाली जनपद था। काशी और कोसल के राजाओं में प्रायः युद्ध हुआ करते थे जिसमें काशी का राजा विजयी होता था। उस समय सम्पूर्ण उत्तर भारत में काशी जनपद सब से बलशाली था। किन्तु, बुद्धकाल में उसकी राजनीतिक शक्ति क्षीण हो गई थी। इसका कुछ भाग कोसल नरेश और कुछ भाग मगध नरेश के अधीन था। उनमें भी प्रायः काशी के लिये ही युद्ध हुआ करते थे। अन्त में काशी कोसल नरेश प्रसेनजित् के अधिकार से निकलकर मगध नरेश अजातशत्रु के अधीन हो गया था।

वाराणसी के पास ऋषिपतन मृगदाय (सारनाथ) में भगवान् बुद्ध ने धर्मचक्र प्रवर्तन करके इसके महत्व को बढ़ा दिया। ऋषिपतन मृगदाय बौद्ध धर्म का एक महातीर्थ है।

वाराणसी शिल्प व्यवसाय विद्या आदि का बहुत बड़ा केन्द्र था। इसका व्यावसायिक सम्बन्ध श्रावस्ती तक्षशिला, राजगृह आदि नगरों से था। काशी का चन्दन और काशी के रंग-बिरंगे वस्त्र बहुत प्रसिद्ध थे।

§ कोशल

कोसल की राजधानियाँ श्रावस्ती और साकेत नगर थे। अयोध्या सरयू नदी के किनारे स्थित एक कस्बा था किन्तु बुद्धकाल में इसकी प्रसिद्धि न थी। कहा जाता है कि श्रावस्ती नामक ऋषि के नाम पर ही श्रावस्ती नगर का नाम पड़ा था किन्तु पपञ्चसूदनी के अनुसार सब कुछ होने के कारण (= सर्व+अस्ति) इसका नाम श्रावस्ती पड़ा था।

श्रावस्ती नगर बड़ा समृद्धिशाली एवं सुन्दर था। इस नगर की आबादी सात करोड़ थी। भगवान् बुद्ध ने यहाँ २५ वर्षावास किया था और अधिकांश उपदेश यहीं पर दिया था। अनाथपिण्डिक यहाँ का बहुत बड़ा सेठ था और मृगारमाता विशाखा बड़ी श्रद्धावान् उपासिका थी। पटाचारा कृशा गौतमी खन्द कंखा रेवत और कोसल नरेश की बहिन सुमना इसी नगर के प्रसिद्ध व्यक्ति थे।

प्राचीन कोसल राज्य दो भागों में विभक्त था। सरयू नदी दोनों भागों के मध्य स्थित थी। उत्तरी भाग को उत्तर-कोसल और दक्षिणी भाग को दक्षिण-कोसल कहा जाता था।

कोसल जनपद में अनेक प्रसिद्ध निगम और ग्राम थे। कोसल का प्रसिद्ध आचार्य पोक्खरसाति उक्कट्ठा नगर में रहता था जिसे प्रसेनजित् ने उसे प्रदान किया था। कोसल जनपद के साला नगरविन्द और वेनागपुर ग्रामों में जाकर भगवान् बुद्ध ने बहुत से लोगों को दीक्षित किया था। बावरी कोसल का प्रसिद्ध अध्यापक था जो दक्षिणापथ में जाकर गोदावरी नदी के किनारे अपना आश्रम बनाया था।

हम ऊपर कह आये हैं कि कोसल और मगध में वाराणसी के लिए प्रायः युद्ध हुआ करता था किन्तु बाद में दोनों में सन्धि हो गई थी। सन्धि के पश्चात् कोसल नरेश प्रसेनजित् ने अपनी पुत्री वजिरा का विवाह मगध नरेश अजातशत्रु से कर दिया था। कोसल की उत्तरी सीमा पर स्थित कपिलवस्तु के शाक्य प्रसेनजित् के अधीन थे और वे कोसल नरेश प्रसेनजित् से बड़ी ईर्ष्या रखते थे।

दण्डकप्पक नलकपान तोरणवत्थु और पङ्कधा—ये कोसल जनपद के प्रसिद्ध ग्राम थे जहाँ पर भगवान् समय-समय पर गये थे और उपदेश दिये थे।

§ अङ्ग

अङ्ग जनपद की राजधानी चम्पा नगरी थी जो चम्पा और गंगा के संगम पर बसी थी। चम्पा मिथिला से ६ योजन दूर थी। अंग जनपद वर्तमान भागलपुर और मुँगेर जिलों के साथ उत्तर में कोसी नदी तक फैला हुआ था। कभी यह मगध जनपद के अन्तर्गत था और सम्भवतः समुद्र के किनारे तक विस्तृत था। अंग की प्राचीन राजधानी के खँडहर सम्प्रति भागलपुर के निकट चम्पा नगर

और चम्पापुर—इन दो गाँवों में विद्यमान हैं। महापरिनिर्वाण सुत्त के अनुसार चम्पा बुद्धकाल में भारत के छ: बड़े नगरों में से थी। चम्पा से सुवर्ण-भूमि (लोअर बर्मा) के लिये व्यापारी नदी और समुद्र-मार्ग से जाते थे। अंग जनपद में ८०,००० गाँव थे। आपण अंग का एक प्रसिद्ध व्यापारिक नगर था। महागोविन्द सुत्त से प्रगट है कि अंग भारत के सात बड़े राजनीतिक भागों में से एक था। भगवान् बुद्ध से पूर्व अंग एक शक्तिशाली राज्य था। जातक से ज्ञात होता है कि किसी समय मगध भी अंग नरेश के अधीन था। बुद्धकाल में अंग ने अपने राजनीतिक महत्त्व को खो दिया और एक युद्ध के पश्चात् अंग मगध नरेश सेनिय बिम्बिसार के अधीन हो गया। चम्पा की रानी गग्गरा द्वारा गग्गरा-पुष्करिणी खोदवाई गई थी। भगवान् बुद्ध भिक्षुसंघ के साथ वहाँ गये थे और उसके किनारे वास किया था। अंग जनपद का एक दूसरा नगर अश्वपुर था, जहाँ के बहुत से कुलपुत्र भगवान् के पास आकर भिक्षु हो गये थे।

§ मगध

मगध जनपद वर्तमान गया और पटना जिलों के अन्तर्गत फैला हुआ था। इसकी राजधानी गिरिव्रज अथवा राजगृह थी, जो पहाड़ियों से घिरी हुई थी। इन पहाड़ियों के नाम थे—ऋषिगिलि, वेपुल्ल, वेभार, पाण्डव और गृद्धकूट। इस नगर से होकर तपोदा नदी बहती थी। सेनानी निगम भी मगध का ही एक रमणीय वन-प्रदेश था। एकनाला, नालकग्राम, खाणुमत, और अम्बकविन्द इस जनपद के प्रसिद्ध नगर थे। वज्जी और मगध जनपदों के बीच गंगा नदी सीमा थी। उस पर दोनों राज्यों का समान अधिकार था। अंग और मगध में समय-समय पर युद्ध हुआ करता था। एक बार वाराणसी के राजा ने मगध और अंग दोनों को अपने अधीन कर लिया था। बुद्धकाल में अंग मगध के अधीन था। मगध और कोशल में भी प्राय युद्ध हुआ करता था। पीछे अजातशत्रु ने लिच्छवियों की सहायता से कोशल पर विजय पाई थी। मगध का जीवक कौमारभृत्य भारत-प्रसिद्ध वैद्य था। उसकी शिक्षा तक्षशिला में हुई थी। राजगृह में वेलुवन कलन्दक निवाप प्रसिद्ध बुद्ध विहार था। राजगृह में ही प्रथम संगीति हुई थी। राजगृह के पास ही नालन्दा एक छोटा ग्राम था। मगध का एक सुप्रसिद्ध किला था, जिसकी मरम्मत वर्षकार ने करायी थी। बाद मे मगध की राजधानी पाटलिपुत्र नगर हुआ था। अशोक-काल मे उसकी दैनिक आय ४००,००० कार्षापण थी।

§ वज्जी

वज्जी जनपद की राजधानी वैशाली थी, जो इस समय विहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर जिले के बसाढ़ गाँव में मानी जाती है। वज्जी जनपद में लिच्छवियों का गणतन्त्र शासन था। यहाँ से खोदाई में प्राप्त लेखों से वैशाली नगर प्रमाणित हो चुका है। इस नगर की जनसंख्या की वृद्धि से नगर-प्राकार को तीन बार विशाल करने के ही कारण इसका वैशाली नाम पड़ा था। वैशाली समृद्धिशाली नगरी थी। उसमें ७७०७ प्रासाद, ७७०७ कूटागार (कोठे), ७७०७ उद्यान-गृह (आराम) और ७७०७ पुष्करिणियाँ थीं। वहाँ ७७०७ राजा, ७७०७ युवराज, ७७०७ सेनापति और इतने ही भण्डागारिक थे। नगर के बीच में एक सस्थागार (ससद-भवन) था। नगर में उदयन, गौतमक, सप्ताम्रक, बहुपुत्रक, और सारदद चैत्य थे। भगवान् बुद्ध ने वैशाली के लिच्छवियों की उपमा तावतिंस लोक के देवों से की थी। वैशाली की प्रसिद्ध गणिका अम्बपाली ने बुद्ध को भोजन दान दिया था। विमला, सिंहा, वासिष्ठी, अम्बपाली और रोहिणी वैशाली की प्रसिद्ध भिक्षुणियाँ थीं। वर्द्धमान स्थविर, अजनवनिय, वज्जीपुत्त, सुयाम, पियञ्जह, वसभ, वल्लिय और सब्बकामी यहाँ के प्रसिद्ध भिक्षु थे। सिंह सेनापति, महानाम, दुर्मुख, सुनक्खत्त आर उग्र गृहपति वैशाली के प्रसिद्ध गृहस्थ थे। वैशाली के पास महावन में कूटागारशाला नामक विहार था। वहीं पर सर्वप्रथम महाप्रजापति गौतमी के साथ अनेक शाक्य महिलायें भिक्षुणी हुई

थी। वैशाली में ही दूसरी संगीति हुई थी। वज्जी गणतंत्र को बुद्ध-परिनिर्वाण के तीन वर्ष बाद ही फूट डालकर मगध-नरेश अजातशत्रु ने हड़प लिया था।

§ मल्ल

मल्ल गणतन्त्र जनपद था। यह दो भागों में विभक्त था। कुसीनारा और पावा इसकी दो राजधानियाँ थीं। अनूपिया भूमग्राम, उरुवेलकप्प बलिहरण वनखण्ड भोगनगर और आम्रग्राम इसके प्रसिद्ध नगर थे। देवरिया जिले का कुसीनगर ही कुसीनारा थी और फाजिलनगर-सठियाँव पावा। कुसीनारा राजधानी के भग्नावशेष कुसीनगर के निकट अनुरुधवा ग्राम में विद्यमान हैं। कुसीनारा का प्राचीन नाम कुसावती था। यह नगर बड़ा समृद्ध एवं उन्नतिशील था। बोधिसत्व यहाँ छः बार चक्रवर्ती राजा होकर उत्पन्न हुए थे। पूर्व काल में यह १२ योजन लम्बा और ७ योजन चौड़ा था। महापरिनिर्वाण सुत्त से राजगृह से कुसीनारा तक आने का मार्ग विदित होता है। भगवान् बुद्ध ने अन्तिम समय में इसी मार्ग से यात्रा की थी—राजगृह अम्बलट्ठिका नालन्दा पाटलिग्राम कोटिग्राम नादिका वैशाली भण्डग्राम हस्तिग्राम (वर्तमान हाथीखाल), आम्रग्राम (अमया) जम्बुग्राम भोगनगर और पावा। पावा में चुन्द के घर बुद्ध ने अन्तिम भोजन ग्रहण किया था। पावा और कुसीनारा के मध्य तीन नदियाँ थीं जिनमें ककुत्था (घाघी) और हिरञ्ञवती के नाम ग्रन्थों में मिलते हैं। हिरञ्ञवती के पश्चिमी तट पर ही कुसीनारा थी और यहीं सालवन उपवत्तन में बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था। पावा के चुन्द कम्मारपुत्त खण्डसुमन धार्मिक सुबाहु बल्लिय और उत्तिय प्रसिद्ध व्यक्ति थे। कुसीनारा की महा विभूतियाँ थीं दब्ब स्थविर आयुष्मान् सिंह यशदत्त स्थविर बन्धुलमल्ल दीर्घकारायण रोजमल्ल वज्रपाणि मल्ल और वीरांगना मल्लिका। बुद्ध-परिनिर्वाण के बाद पावा और कुसीनारा में धातु-स्तूप बने थे।

§ चेदि

चेदि जनपद यमुना के पास कुरु जनपद के निकट था। यह वर्तमान बुन्देलखण्ड को लिये हुए विस्तृत था। इसकी राजधानी सोत्थिवती नगर था। इसके दूसरे प्रमुख नगर सहजाति और त्रिपुरी थे। वेदब्भ जातक से ज्ञात होता है कि काशी और चेदि के बीच बहुत डाकू रहते थे। जेतुत्तर नगर से चेदि राष्ट्र ३० योजन दूर था। सहजाति में महाचुन्द ने उपदेश दिया था। यह बौद्ध धर्म का एक बड़ा केन्द्र था। आयुष्मान् अनुरुद्ध ने चेदि राष्ट्र के प्राचीनवंस मृगदाय में रहते हुए अर्हत्व प्राप्त किया था। सहञ्चनिक भी चेदि जनपद का एक प्रसिद्ध ग्राम था जहाँ भगवान् बुद्ध गये थे।

§ वत्स

वत्स जनपद भारत के सोलह बड़े जनपदों में से एक था। इसकी राजधानी कौशाम्बी थी। इस समय उसके भग्नावशेष इलाहाबाद से ३० मील पश्चिम यमुना नदी के किनारे कोसम नामक ग्राम में स्थित हैं। सुंसुमारगिरि का भग्ग राज्य वत्स जनपद में ही पड़ता था। कौशाम्बी बुद्धकालीन बड़ी नगरी थी। बावरी के चेला बावरी ने कौशाम्बी की यात्रा की थी। कौशाम्बी में घोषिताराम कुक्कुटाराम और पावारिकाराम तीन प्रसिद्ध विहार थे जिन्हें क्रमशः वहाँ के प्रसिद्ध सेठ घोषित कुक्कुट और पावारिक ने बनवाये थे। भगवान् बुद्ध ने इन विहारों में निवास किया था और भिक्षु संघ को उपदेश दिया था। यहीं पर संघ में फूट भी पड़ी हुई थी जो पीछे शान्त हो गई थी। बुद्धकाल में राजा उदयन यहाँ राज्य करता था उसकी मागन्दी श्यामावती और वासुलदत्ता तीन रानियाँ थीं जिनमें श्यामावती परम बुद्ध-भक्त उपासिका थी।

§ कुरु

प्राचीन साहित्य में दो कुरु जनपदों का वर्णन मिलता है—उत्तर कुरु और दक्षिण कुरु

ऋग्वेद में वर्णित कुरु सम्भवतः उत्तर कुरु ही है। पालि साहित्य में वर्णित कुरु जनपद ८००० योजन विस्तृत था। कुरु जनपद के राजाओं को कौरव्य कहा जाता था। कम्मासदम्म कुरु जनपद का एक प्रसिद्ध नगर था, जहाँ बुद्ध ने महासतिपट्ठान और महानिदान जैसे महत्वपूर्ण एवं गम्भीर सूत्रों का उपदेश किया था। इस जनपद का दूसरा प्रमुख नगर थुल्लकोट्ठित था। राष्ट्रपाल स्थविर इसी नगर से प्रव्रजित हुए प्रसिद्ध भिक्षु थे।

कुरु जनपद के उत्तर सरस्वती तथा दक्षिण दृशद्वती नदियाँ बहती थीं। वर्तमान सोनपत, अमिन, कर्नाल और पानीपत के जिले कुरु जनपद में ही पड़ते हैं। महासुतसोम जातक के अनुसार कुरु जनपद ३०० योजन विस्तृत था। इसकी राजधानी इन्दपट्टन (इन्द्रप्रस्थ) नगर था, जो सात योजन में फैला हुआ था।

§ पञ्चाल

पञ्चाल जनपद भागीरथी नदी से दो भागों में विभक्त था—उत्तर पञ्चाल और दक्षिण पञ्चाल। उत्तर पञ्चाल की राजधानी अहिच्छत्र नगर था, जहाँ दुर्मुख नामक राजा राज्य करता था। वर्तमान समय में बरेली जिले का रामनगर ही अहिच्छत्र माना जाता है। दक्षिण पञ्चाल की राजधानी काम्पिल्य नगर था, जो फरुक्खाबाद जिले के कम्पिल के स्थान पर स्थित था। समय-समय पर राजाओं की इच्छा के अनुसार काम्पिल्य नगर में भी उत्तर पञ्चाल की राजधानी रहा करती थी। पञ्चाल-नरेश की भगिनी का पुत्र विशाख श्रावस्ती जाकर भगवान् के पास दीक्षित हुआ और छः अभिज्ञाओं को प्राप्त किया था। पञ्चाल जनपद में वर्तमान बदाऊँ, फरुक्खाबाद, और उत्तर प्रदेश के समीपवर्ती जिले पड़ते हैं।

§ मत्स्य

मत्स्य जनपद वर्तमान जयपुर राज्य में पड़ता था। इसके अन्तर्गत पूरा अलवर राज्य और भरतपुर का कुछ भाग भी पड़ता है। मत्स्य जनपद की राजधानी विराट नगर था। नादिका के गिञ्जिकावसथ में विहार करते हुए भगवान् बुद्ध ने मत्स्य जनपद का वर्णन किया था। यह इन्द्रप्रस्थ के दक्षिण-पश्चिम और सूरसेन के दक्षिण स्थित था।

§ शूरसेन

शूरसेन जनपद की राजधानी मधुरा नगरी (मथुरा) थी, जो कौशाम्बी की भाँति यमुना के किनारे बसी थी। यहाँ पर भगवान् बुद्ध गये थे और मथुरा के विहार में वास किया था। मथुरा प्रदेश में महाकात्यायन ने घूम-घूम कर बुद्ध धर्म का प्रचार किया था। उस समय शूरसेन का राजा अवन्तिपुत्र था। वर्तमान मथुरा से ५ मील दक्षिण पश्चिम स्थित महोली नामक स्थान प्राचीन मधुरा नगरी मानी जाती है। दक्षिण भारत में भी प्राचीन काल में मधुरा नामक एक नगर था, जिसे दक्षिण मधुरा कहा जाता था। वह पाण्ड्य राज्य की राजधानी था। उसके नष्टावशेष इस समय मद्रास प्रान्त में वैगी नदी के किनारे विद्यमान है।

§ अश्वक

अश्वक जनपद की राजधानी पोतन नगर था। अश्वक-नरेश महाकात्यायन द्वारा प्रव्रजित हो गया था। जातक से ज्ञात होता है कि दन्तपुर नरेश कालिंग और अश्वक नरेश में पहले संघर्ष हुआ करता था, किन्तु पीछे दोनों का मैत्री सम्बन्ध हो गया था। पोतन कभी काशी राज्य में भी गिना जाता था। यह अश्वक गोदावरी के किनारे तक विस्तृत था। बावरी गोदावरी के किनारे अश्वक जनपद में ही

जिले की मयान तहसील में विद्यमान हैं। सिंहपुर हुएनसाग के समय में तक्षशिला से ११७ मील पूर्व स्थित था। अन्य नगरों का कुछ पता नहीं।

अल्लकप्प—वैशाली के लिच्छवियों, मिथिला के विदेहों, कपिलवस्तु के शाक्यों, रामग्राम के कोलियों, सुंसुमारगिरि के भर्गों और पिप्पलिवन के मौर्यों की भाँति अल्लकप्प के बुलियों का भी अपना स्वतन्त्र राज्य था, किन्तु बहुत शक्तिशाली न था। यह १० योजन विस्तृत था। इसका सम्बन्ध वेठदीप के राजवश से था। श्री बील का कथन है कि वेठदीप का द्रोण ब्राह्मण शाहाबाद जिले में मसार से वैशाली जानेवाले मार्ग में रहता था। अत अल्लकप्प वेठदीप से बहुत दूर न रहा होगा। अल्लकप्प के बुलियों को बुद्धधातु का एक अश मिला था, जिसपर उन्होंने स्तूप बनवाया था।

भद्दिय—अङ्ग जनपद के भद्दिय नगर में महोपासिका विशाखा का जन्म हुआ था।

वेलुवग्राम—यह वैशाली में था।

भण्डग्राम—यह वज्जी जनपद में स्थित था।

धर्मपाल ग्राम—यह काशी जनपद का एक ग्राम था।

एकशाला—यह कोशल जनपद में एक ब्राह्मण ग्राम था।

एकनाला—यह मगध के दक्षिणागिरि प्रदेश में एक ब्राह्मण ग्राम था, जहाँ भगवान् ने वास किया था।

एरकच्छ—यह दसण्ण राज्य का एक नगर था।

ऋषिपतन—यह ऋषिपतन मृगदाय वर्तमान सारनाथ है, जहाँ भगवान् ने धर्मचक्र प्रवर्तन किया था।

गया—गया में भगवान् बुद्ध ने सूचिलोम यक्ष के प्रश्नों का उत्तर दिया था। प्राचीन गया वर्तमान साहबगज माना जाता है। यहाँ से ६ मील दक्षिण बुद्धगया स्थित है। गयातीर्थ बुद्धकाल में स्नानतीर्थ के रूप में प्रसिद्ध था और यहाँ बहुत से जटिल रहा करते थे।

हस्तिग्राम—यह वज्जी जनपद का एक ग्राम था। भगवान् बुद्ध वैशाली से कुशीनगर जाते हुए हस्तिग्राम से होकर गुजरे थे। वर्तमान समय में यह विहार प्रान्त के हथुवा से ८ मील पश्चिम शिवपुर कोठी के पास अवस्थित है। आजकल उसके नष्टावशेष को हाथीखाल कहा जाता है। हस्तिग्राम का उग्गत गृहपति संघसेवकों में सबसे बढ़कर था, जिसे बुद्ध ने अग्र की उपाधि दी थी।

हलिद्दवसन—यह कोलिय जनपद का एक ग्राम था। यहाँ भगवान् बुद्ध गये थे। कोलिय जनपद की राजधानी रामग्राम थी और यह जनपद शाक्य जनपद के पूर्व तथा मल्ल जनपद के पश्चिम दोनों के मध्य स्थित था।

हिमवन्त प्रदेश—कोशल, शाक्य, कोलिय, मल्ल और वज्जी जनपदों के उत्तर में फैली पहाड़ी ही हिमवन्त प्रदेश कहलाती है। इसमें नेपाल के साथ हिमालय प्रदेश के सभी दक्षिणी प्रदेश सम्मिलित हैं।

इच्छानङ्गल—कोशल जनपद में यह एक ब्राह्मण ग्राम था। भगवान् ने इच्छानगल वनसण्ड में वास किया था।

जन्तुग्राम—चालिका प्रदेश के चालिका पर्वत के पास जन्तुग्राम था। भगवान् के चालिका पर्वत पर विहार करते समय मेघिय स्थविर जन्तुग्राम में भिक्षाटन करने गये थे और उसके बाद किमिकाला नदी के तीर जाकर विहार किया था।

कलवालगामक—यह मगध में एक ग्राम था। यहीं पर मौद्गल्यायन स्थविर को अर्हत्व की प्राप्ति हुई थी।

आश्रम बना कर रहता था। वर्तमान पैठन जिला ही अस्सक जनपद माना जाता है। वहाँ से खारवेल नरेश का एक शिलालेख भी प्राप्त हो चुका है। महागोविन्द सुत्त के अनुसार यह महागोविन्द द्वारा निर्मित हुआ था।

§ अवन्ति

अवन्ति जनपद की राजधानी उज्जैनी नगरी थी जो अच्युतगामी द्वारा बसायी गई थी। अवन्ति जनपद में वर्तमान मालवा, निमार और मध्यभारत के निकटवर्ती प्रदेश पड़ते थे। अवन्ति जनपद दो भागों में विभक्त था। उत्तरी भाग की राजधानी उज्जैनी में थी और दक्षिणी भाग की राजधानी माहिष्मती में। महागोविन्द सुत्त के अनुसार अवन्ति की राजधानी माहिष्मती थी जहाँ का राजा वेस्सभू था। कुररघर और सुदर्शनपुर अवन्ति जनपद के प्रसिद्ध नगर थे।

अवन्ति जनपद बौद्धधर्म का महत्त्वपूर्ण केन्द्र था। अभयकुमार, इसिदासी, इसिदत्त, सोणकुटिकण्ण और महाकात्यायन अवन्ति जनपद की महाविभूतियाँ थीं। महाकात्यायन उज्जैनी-नरेश चण्डप्रद्योत के पुरोहित पुत्र थे। चण्डप्रद्योत को महाकात्यायन ने ही बौद्ध बनाया था। भिक्षु इसिदत्त अवन्ति के वेणुग्राम के रहने वाले थे।

कौशाम्बी और अवन्ति के राजघरानों में वैवाहिक सम्बन्ध था। चण्डप्रद्योत तथा उदयन में कई बार युद्ध हुए। अन्त में चण्डप्रद्योत ने अपनी पुत्री वासवदत्ता का विवाह उदयन से कर दिया था और दोनों मित्र हो गये थे। उदयन ने मगध के साथ भी वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित कर लिया था जिससे कौशाम्बी दोनों ओर से सुरक्षित थी।

अवन्ति की राजधानी उज्जैनी से अशोक का एक शिलालेख मिल चुका है।

§ नगर, ग्राम और कस्बे

अपर गया—भगवान् उरुवेला से गया गये थे और गया से अपर-गया, जहाँ उन्हें नागराज सुदर्शन ने निमन्त्रित किया था।

अम्बसण्ड—राजगृह के पूरब अम्बसण्ड नामक एक ब्राह्मण ग्राम था।

अन्धकविन्द—मगध के अन्धकविन्द ग्राम में भगवान् रहे थे जहाँ सहम्पति ब्रह्मा ने उनका दर्शन करके स्तुति की थी।

अयोध्या—यहाँ भगवान् गये थे और वास किया था। पालि साहित्य के अनुसार यह गंगा नदी के किनारे स्थित था। फिर भी वर्तमान अयोध्या नगर ही माना जाता है। बुद्धकाल में यह बहुत छोटा नगर था।

अन्धपुर—यह एक नगर था जो तेलवाह नदी के किनारे बसा था।

आळवी—आळवी में अग्गाळव नामक प्रसिद्ध चैत्य था जहाँ बुद्ध ने वास किया था। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के नवल (या नेवल) को आळवी माना जाता है।

अनूपिया—यह मल्ल जनपद का एक प्रमुख निगम (कस्बा) था। यहीं पर सिद्धार्थ कुमार ने प्रव्रजित होने के बाद एक सप्ताह निवास किया था और यहीं अनुरुद्ध, भद्दिय, किम्बिल, भृगु, देवदत्त, आनन्द और उपालि प्रव्रजित हुए थे। दब्बमल्ल भी यहीं प्रव्रजित हुए थे। वर्तमान समय में देवरिया जिले में दारा के पास मझन नदी के किनारे का खँडहर ही अनूपिया नगर माना जाता है जिसे आजकल 'बादरप' कहते हैं।

अस्सपुर—राजा चेति के लड़कों ने हत्थिपुर, अस्सपुर, सीहपुर, उत्तर पञ्चाल और दद्दरपुर नगरों को बसाया था। हत्थिपुर ही पीछे हस्तिनापुर हो गया था और इस समय इसके ध्वंसावशेष मेरठ

जिले की मवान तहसील में विद्यमान हैं। सिंहपुर ह्वेनसांग के समय में तक्षशिला से ११७ मील पूरब स्थित था। अन्य नगरों का कुछ पता नहीं।

अल्लकप्प—वैशाली के लिच्छवियों, मिथिला के विदेहों, कपिलवस्तु के शाक्यों, रामग्राम के कोलियों, सुसुमारगिरि के भर्गों और पिप्पलिवन के मौर्यों की भाँति अल्लकप्प के बुलियों का भी अपना स्वतन्त्र राज्य था, किन्तु बहुत शक्तिशाली न था। यह १० योजन विस्तृत था। इसका सम्बन्ध वेठदीप के राजवंश से था। श्री बील का कथन है कि वेठदीप का द्रोण ब्राह्मण शाहाबाद जिले में मसार से वैशाली जानेवाले मार्ग में रहता था। अत: अल्लकप्प वेठदीप से बहुत दूर न रहा होगा। अल्लकप्प के बुलियों को बुद्धधातु का एक अंश मिला था, जिसपर उन्होंने स्तूप बनवाया था।

भद्दिय—अङ्ग जनपद के भद्दिय नगर में महोपासिका विशाखा का जन्म हुआ था।

वेलुवग्राम—यह वैशाली में था।

भण्डग्राम—यह वज्जी जनपद में स्थित था।

धर्मपाल ग्राम—यह काशी जनपद का एक ग्राम था।

एकशाला—यह कोशल जनपद में एक ब्राह्मण ग्राम था।

एकनाला—यह मगध के दक्षिणागिरि प्रदेश में एक ब्राह्मण ग्राम था, जहाँ भगवान् ने वास किया था।

एरकच्छ—यह दसण्ण राज्य का एक नगर था।

ऋषिपतन—यह ऋषिपतन मृगदाय वर्तमान सारनाथ है, जहाँ भगवान् ने धर्मचक्र प्रवर्तन किया था।

गया—गया में भगवान् बुद्ध ने सूचिलोम यक्ष के प्रश्नों का उत्तर दिया था। प्राचीन गया वर्तमान साहबगंज माना जाता है। यहाँ से ६ मील दक्षिण बुद्धगया स्थित है। गयातीर्थ बुद्धकाल में स्नानतीर्थ के रूप में प्रसिद्ध था और यहाँ बहुत से जटिल रहा करते थे।

हस्तिग्राम—यह वज्जी जनपद का एक ग्राम था। भगवान् बुद्ध वैशाली से कुशीनगर जाते हुए हस्तिग्राम से होकर गुजरे थे। वर्तमान समय में यह विहार प्रान्त के हथुवा से ८ मील पश्चिम शिवपुर कोठी के पास अवस्थित है। आजकल उसके नष्टावशेष को हाथीखाल कहा जाता है। हस्तिग्राम का उग्गत गृहपति संघसेवकों में सबसे बढ़कर था, जिसे बुद्ध ने अग्र की उपाधि दी थी।

हलिद्दवसन—यह कोलिय जनपद का एक ग्राम था। यहाँ भगवान् बुद्ध गये थे। कोलिय जनपद की राजधानी रामग्राम थी और यह जनपद शाक्य जनपद के पूर्व तथा मल्ल जनपद के पश्चिम दोनों के मध्य स्थित था।

हिमवन्त प्रदेश—कोशल, शाक्य, कोलिय, मल्ल और वज्जी जनपदों के उत्तर में फैली पहाड़ी ही हिमवन्त प्रदेश कहलाती है। इसमें नेपाल के साथ हिमालय प्रदेश के सभी दक्षिणी प्रदेश सम्मिलित हैं।

इच्छानङ्गल—कोशल जनपद में यह एक ब्राह्मण ग्राम था। भगवान् ने इच्छानंगल वनसण्ड में वास किया था।

जन्तुग्राम—चालिका प्रदेश के चालिका पर्वत के पास जन्तुग्राम था। भगवान् के चालिका पर्वत पर विहार करते समय मेघिय स्थविर जन्तुग्राम में भिक्षाटन करने गये थे और उसके बाद किमिकाला नदी के तीर जाकर विहार किया था।

कल्लवालगामक—यह मगध में एक ग्राम था। यहीं पर मौद्गल्यायन स्थविर को अर्हत्व की प्राप्ति हुई थी।

कजंगल—यह मध्यम देश की पूर्वी सीमा पर स्थित एक ग्राम था। यहाँ के वेळुवन और मुखेलुवन में तथागत ने विहार किया था। मिलिन्द प्रश्न के अनुसार यह एक ब्राह्मण ग्राम था और इसी ग्राम में नागसेन का जन्म हुआ था। वर्तमान समय में बिहार प्रान्त के संथाल परगना में कंकजोल नामक स्थान को ही कजंगल माना जाता है।

कोटिग्राम—यह वज्जी जनपद में एक ग्राम था। भगवान् पाटलि-ग्राम से यहाँ आये थे यहाँ से नादिका गये थे और नादिका से वैशाली।

कुण्डिय—यह कोलिय जनपद में एक ग्राम था। कुण्डिय के कुण्डिधानवन में भगवान् ने विहार किया था और सुप्पवासा को स्वस्ति-पूर्वक पुत्र जनने का आशीर्वाद दिया था।

कपिलवस्तु—यह शाक्य जनपद की राजधानी थी। सिद्धार्थ गौतम का जन्म कपिलवस्तु के ही शाक्य राजवंश में हुआ था। शाक्य जनपद में चातुमा सामगाम उलुम्प सक्कर शीलवती और खोमदुस्स प्रसिद्ध ग्राम एवं नगर थे। इसे कोशलनरेश विडूडभ ने आक्रमण करके नष्ट कर दिया था। वर्तमान समयमें इसके ध्वंसावशेष नेपाल की तराई में बस्ती जिले के शोहरतगढ़ स्टेशन से १२ मील उत्तर तौलिहवा बाजार के पास तिलौराकोट नाम से विद्यमान हैं।

केसपुत्त—यह कोशल जनपद के अन्तर्गत एक छोटा-सा स्वतन्त्र राज्य था। यहाँ के कालाम मल्ल शाक्य मौर्य और लिच्छवी राजाओं की भाँति गणतन्त्र प्रणाली से शासन करते थे।

खेमावती—यह खेमनरेश के राज्य की राजधानी थी।

मिथिला—मिथिला विदेह की राजधानी थी। बुद्धकाल में यह वज्जी जनपद के अन्तर्गत थी। वज्जी जनपद की वैशाली और विदेहों की मिथिला—यह प्रसिद्ध नगरियाँ थीं। प्राचीनकाल में मिथिला नगरी सात योजन विस्तृत थी और विदेह राष्ट्र ३ योजन। चम्पा और मिथिला में ६ योजन की दूरी थी। विदेह राज्य में १५ ग्राम १६ भण्डारगृह और १६ नर्तकियाँ थीं—ऐसा जातक-कथा से ज्ञात होता है। मिथिला एक व्यापारिक केन्द्र था। श्रावस्ती और वाराणसी से व्यापारी यहाँ आते थे। वर्तमान तिरहुत (तीर भुक्ति) ही विदेह माना जाता है। मिथिला के प्राचीन अवशेष बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिलों के उत्तर में नेपाल की सीमा पर जनकपुर नामक कस्बे में पाये जाते हैं।

मचलग्राम—यह मगध में एक ग्राम था।

नालन्दा—यह मगध में राजगृह से १ योजन की दूरी पर स्थित था। यहाँ के पावारिक-आम्रवन में भगवान् ने विहार किया था। वर्तमान समय में यह पटना जिले के राजगृह से ७ मील उत्तर पश्चिम में अवस्थित है। इसके विशाल खण्डहर दर्शनीय हैं। यह छठीं और सातवीं शताब्दी ईस्वी में प्रधान बौद्ध-विद्या-केन्द्र था।

नालक—यह राजगृह के पास मगध में एक ग्राम था। इसी ग्राम में सारिपुत्र का जन्म हुआ था और यहीं उनका परिनिर्वाण भी। वर्तमान समय में राजगृह के पास का नानन्द ग्राम ही प्राचीन नालक माना जाता है।

नादिका—यह वज्जी जनपद का एक ग्राम था। पाटलिग्राम से गंगा पार कर कोटिग्राम और नादिका में भगवान् गये थे और वहाँ से वैशाली।

पिप्पलिवन—यह मौर्यों की राजधानी थी। यहाँ के मौर्यों ने भगवान् बुद्ध की चिता से प्राप्त अंगार (कोयला) पर स्तूप बनवाया था। वर्तमान समय में इसके ध्वंसावशेष जिला गोरखपुर के कुसुम्ही स्टेशन से ११ मील दक्षिण उपधौली नामक स्थान में प्राप्त हुए हैं।

रामग्राम—कोलिय जनपद के दो प्रसिद्ध नगर थे रामग्राम और देवदह। भगवान् के परिनिर्वाण के बाद रामग्राम के कोलियों ने उनकी अस्थि पर स्तूप बनाया था। श्री ए० सी० एल

कारलायल ने वर्तमान रामपुर-देवरिया को रामग्राम प्रमाणित किया है जो कि मरघा ताल के किनारे बस्ती जिले में स्थित है, किन्तु महावंश (३१, २५) के वर्णन से ज्ञात है कि रामग्राम अचिरवती (राप्ती) नदी के किनारे था और बाद के समय वहाँ का चैत्य टूट गया था। सम्भवत गोरखपुर के पास का रामगाँव तथा रामगढ़ ही रामग्राम है।

सामगाम—यह शाक्य जनपद का एक ग्राम था। यहीं पर भगवान् ने सामगाम सुत्त का उपदेश दिया था।

सापुग—यह कोलिय जनपद का एक निगम था।

शोभावती—यह शोभ-नरेश की राजधानी थी।

सेतव्य—यह कोशल जनपद में एक नगर था। इसके पास ही उक्कट्ठा थी और वहाँ से सेतव्य तक एक सड़क जाती थी।

संकस्स—भगवान् ने श्रावस्ती में यमक प्रातिहार्य कर, तुषित-भवन में वर्षावास करके महाप्रवारणा के दिन संकस्स नगर में स्वर्ग से भूमि पर पदार्पण किया था। संकस्स वर्तमान समय में सकिसा-बसन्तपुर के नाम से कालिन्दी नदी के उत्तरी तट पर विद्यमान है। यह एटा जिले के फतेहगढ़ से २३ मील पश्चिम और कनौज से ४५ मील उत्तर-पश्चिम स्थित है।

सालिन्दिय—यह राजगृह के पूरब एक ब्राह्मण ग्राम था।

सुंसुमारगिरि नगर—यह भर्ग राज्य की राजधानी था। बुद्धकाल में उदयन का पुत्र बोधिराजकुमार यहाँ राज्य करता था। जो बुद्ध का परम श्रद्धालु भक्त था। किन्तु, भर्ग राज्य पूर्णरूपेण प्रजातन्त्र राज्य था, क्योंकि गणतन्त्र राज्यों में इसकी भी गणना की जाती थी। भर्ग आजकल के मिर्जापुर जिले का गंगा से दक्षिणी भाग और कुछ आस-पास का प्रदेश है, इसकी सीमा गंगा-टौंस-कर्मनाशा नदियाँ एव विन्ध्याचल पर्वत का कुछ भाग रही होगी। सुंसुमारगिरि नगर मिर्जापुर जिले का वर्तमान चुनार कस्बा माना जाता है।

सेनापति ग्राम—यह उरुवेला के पास एक ग्राम था।

थूण—यह एक ब्राह्मण ग्राम था और मध्यम देश की पश्चिमी सीमा पर स्थित था। आधुनिक थानेश्वर ही थूण माना जाता है।

उक्काचेल—यह वज्जी जनपद में गंगा नदी के किनारे स्थित एक ग्राम था। उक्काचेल बिहार प्रान्त के वर्तमान सोनपुर या हाजीपुर के आसपास कहीं रहा होगा।

उपतिस्सग्राम—यह राजगृह के निकट एक ग्राम था।

उग्रनगर—उग्रनगर का सेठ उग्र श्रावस्ती मे व्यापार के कार्य से आया था। इस नगर के सम्बन्ध में अन्य कोई जानकारी प्राप्त नहीं है।

उसीरध्वज—यह मध्यमदेश की उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत था, जो सम्भवत कनखल के उत्तर पड़ता था।

वेरञ्जा नगर—भगवान् श्रावस्ती से वेरञ्जा गये थे। यह नगर कन्नौज से संकस्स, सोरेय्य होते हुए मथुरा जाने के मार्ग में पड़ता था। वेरञ्जा सोरेय्य और मथुरा के मध्य कहीं स्थित था।

वेत्रवती—यह नगर वेत्रवती नदी के किनारे बसा था। वर्तमान वेतवा नदी ही वेत्रवती मानी जाती है।

वेणुवग्राम—यह कौशाम्बी के पास एक छोटा ग्राम था। वर्तमान समय में इलाहाबाद से ३० मील पश्चिम कोसम से थोड़ी दूर उत्तर-पूर्व स्थित वेनपुरवा को ही वेणुवग्राम माना जाता है।

§ नदी और जलाशय

बुद्धकाल में मध्यम देश में जो नदी, जलाशय और पुष्करिणी थीं, उनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार जानना चाहिए—

अचिरवती—इसे वर्तमान समय में राप्ती कहते हैं। यह भारत की पाँच महानदियों में एक थी। इसी के किनारे कोसल की राजधानी श्रावस्ती बसी थी।

अनोमा—इसी नदी के किनारे सिद्धार्थ कुमार ने प्रव्रज्या ग्रहण की थी। श्री कनिंघम ने गोरखपुर जिले की आमी नदी को अनोमा माना है और श्री कार्लाइल ने बस्ती जिले की कुडवा नदी को। किन्तु इन पंक्तियों के लेखक की दृष्टि में देवरिया जिले की मझना नदी ही अनोमा नदी है। (देखो कुशीनगर का इतिहास, पञ्चम प्रकरण पृष्ठ ५८)।

बाहुका—बुद्धकाल में यह एक पवित्र नदी मानी जाती थी। वर्तमान समय में इसे धुमेल नाम से पुकारते हैं। यह राप्ती की सहायक नदी है।

बाहुमती—वर्तमान समय में इसे बाग्मती कहते हैं जो नेपाल से होती हुई बिहार प्रान्त में आती है। इसी के किनारे काठमाण्डू नगर बसा है।

चम्पा—यह मगध और अंग जनपदों की सीमा पर बहती थी।

छद्दन्त—यह हिमालय में स्थित एक सरोवर था।

गंगा—यह भारत की प्रसिद्ध नदी है। इसी के किनारे हरिद्वार, प्रयाग और वाराणसी स्थित हैं।

गग्गरा पुष्करिणी—अंग जनपद में चम्पा नगर के पास थी। इसे रानी गग्गरा ने खोदवाया था।

हिरण्यवती—कुसीनारा और मल्लों का शालवन उपवत्तन हिरण्यवती नदी के किनारे स्थित थे। देवरिया जिले का सोनरा नाला ही हिरण्यवती नदी है, यह कुकुहा स्थान के पास बाँसी नदी में मिलती है। इसी को हिरना की नारी और कुसम्ही नारा भी कहते हैं जो 'कुसीनारा' का अपभ्रंश है।

कोसिकी—यह गंगा की एक सहायक नदी है। वर्तमान समय में इसे कुसी नदी कहते हैं।

ककुत्था—यह नदी पावा और कुसीनारा के बीच स्थित थी। वर्तमान घाघी नदी ही ककुत्था मानी जाती है। (देखो कुशीनगर का इतिहास पृष्ठ १)।

कद्दमदह—इस नदी के किनारे महाकात्यायन ने कुछ दिनों तक विहार किया था।

किमिकाला—यह नदी चालिका में थी। मेघिय स्थविर ने जन्तुग्राम में भिक्षाटन कर इस नदी के किनारे विहार किया था।

मंगल पुष्करिणी—इसी के किनारे बैठे हुए तथागत को राहुल के परिनिर्वाण का समाचार मिला था।

मही—यह भारत की पाँच बड़ी नदियों में से एक थी। बड़ी गण्डक को ही मही कहते हैं।

रथकार—यह हिमालय में एक सरोवर था।

रोहिणी—यह शाक्य और कोलिय जनपद की सीमा पर बहती थी। वर्तमान समय में भी इसे रोहिनी ही कहते हैं। यह गोरखपुर के पास राप्ती में गिरती है।

सप्पिनी—यह नदी राजगृह के पास बहती थी। वर्तमान पञ्चान नदी ही सम्भवतः सप्पिनी नदी है।

सुतनु—इस नदी के किनारे आयुष्मान् अनुरुद्ध ने विहार किया था।

निरञ्जना—यह नदी उरुवेला प्रदेश में बहती थी। इसी के किनारे बुद्धगया स्थित है। इस समय इसे निलाजना नदी कहते हैं। निलाजना और मोहना नदियाँ मिलकर ही फल्गु नदी कही जाती है। निलाजना नदी हजारीबाग जिले के सिमेरिया नामक स्थान के पास से निकलती है।

सुन्दरिका—यह कोशल जनपद की एक नदी थी।

सुमागधा—यह राजगृह के पास एक पुष्करिणी थी।

सरभू—इस समय इसे सरयू कहते हैं। यह भारत की पाँच बड़ी नदियों में से एक थी। यह हिमालय से निकल कर बिहार प्रान्त में गंगा से मिलती है। इसी के किनारे अयोध्या नगरी बसी है।

सरस्वती—गंगा की भाँति यह एक पवित्र नदी है, जो शिवालिक पर्वत से निकल कर अम्बाला के आदि-बद्री में मैदान में उतरती है।

वेत्रवती—इसी नदी के किनारे वेत्रवती नगर था। इस समय इसे वेतवा नदी कहते हैं और इसी के किनारे भेलसा (प्राचीन विदिशा) नगर बसा हुआ है।

वैतरणी—इसे यम की नदी कहते हैं। इसमें नारकीय प्राणी दुःख भोगते हैं। (देखो, संयुत्त निकाय, पृष्ठ २२)।

यमुना—यह भारत की पाँच बड़ी नदियों में से एक थी। वर्तमान समय में भी इसे यमुना ही कहते हैं।

पर्वत और गुहा

चित्रकूट—इसका वर्णन अपदान में मिलता है। यह हिमालय से काफी दूर था। वर्तमान समय में बुन्देलखण्ड के काम्पतनाथ गिरि को ही चित्रकूट माना जाता है। चित्रकूट स्टेशन से ४ मील दूर स्थित है।

चोरपपात—यह राजगृह के पास एक पर्वत था।

गन्धमादन—यह हिमालय पर्वत के कैलाश का एक भाग है।

गयाशीर्ष—यह पर्वत गया में था। यहीं से सिद्धार्थ गौतम उरुवेला में गये थे और यहीं पर बुद्ध ने जटिलों को उपदेश दिया था।

गृद्धकूट—यह राजगृह का एक पर्वत था। इसका शिखर गृद्ध की भाँति था, इसीलिये इसे गृद्धकूट कहा जाता था। यहाँ पर भगवान् ने बहुत दिनों तक विहार किया और उपदेश दिया था।

हिमवन्त—हिमालय को ही हिमवन्त कहते हैं।

इन्द्रशाल गुहा—राजगृह के पास अम्बसण्ड नामक ब्राह्मण ग्राम से थोड़ी दूर पर वैदिक पर्वत में इन्द्रशाल गुहा थी।

इन्द्रकूट—यह भी राजगृह के पास था।

इसिगिलि—राजगृह का एक पर्वत।

कुररघर—यह अवन्ति जनपद में था। महाकात्यायन ने कुररघर पर्वत पर विहार किया था।

कालशिला—यह राजगृह में थी।

पाचीनवंश—यह राजगृह के वेपुल्ल पर्वत का पौराणिक नाम है।

पिप्फलि गुहा—यह राजगृह में थी।

सत्तपण्णी गुहा—प्रथम संगीति राजगृह की सत्तपण्णी गुहा में ही हुई थी।

सिनेरु—यह चारों महाद्वीपों के मध्य स्थित सर्वोच्च पर्वत है। मेरु और सुमेरु भी इसे ही कहते हैं।

श्वेत पर्वत—यह हिमालय में स्थित है। कैलाश को ही श्वेत पर्वत कहते हैं। (देखो, संयुत्त निकाय, पृष्ठ ११)।

सुसुमारगिरि—यह भर्ग प्रदेश में था। चुनार के आसपास की पहाड़ियाँ ही सुसुमार गिरि हैं।

सप्पसोण्डिक पब्भार—राजगृह में।

वेपुल्ल—राजगृह में।

वेभार—राजगृह में।

§ वाटिका और वन

आम्रवन—आम के बड़े बाग को आम्रवन कहते हैं। तीन आम्रवन प्रसिद्ध हैं। एक राजगृह में जीवक का आम्रवन था। दूसरा ककुत्था नदी के किनारे पावा और कुसीनारा के बीच, और तीसरा अम्बसण्डा में तोदेय्य ब्राह्मण का आम्रवन था।

अम्बपालिवन—यह वैशाली में था।

अम्बाटक वन—यह चेती जनपद में था। अम्बाटक वन के मच्छिकासण्ड में बहुत से भिक्षुओं के विहार करते समय चित्त गृहपति ने उनके पास जाकर धर्म-चर्चा की थी।

अनूपिय-अम्बवन—यह मल्लराष्ट्र में अनूपिया में था।

अञ्जनवन—यह साकेत में था। अञ्जनवन मृगदाव में भगवान् ने विहार किया था।

अन्धवन—यह श्रावस्ती के पास था।

इच्छानङ्गल वन-खण्ड—यह कोशल जनपद में इच्छानंगल ब्राह्मण ग्राम के पास था।

जेतवन—यह श्रावस्ती के पास था। वर्तमान महेट ही जेतवन है। खोदाई से शिलालेख आदि प्राप्त हो चुके हैं।

जातियवन—यह भद्दिय राज्य में था।

कप्पासिय वन-खण्ड—तीस भद्दवर्गीयों ने इसी वन-खण्ड में बुद्ध का दर्शन किया था।

कलन्दकनिवाप—यह राजगृह में था। गिलहरियों को अभय दान देने के कारण ही कलन्दक-निवाप कहा जाता था।

लट्ठिवन—लट्ठिवन में ही बिम्बिसार ने बुद्धधर्म को ग्रहण किया था।

लुम्बिनी वन—यहीं पर सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुआ था। वर्तमान् रुम्मिनदेई ही प्राचीन लुम्बिनी है। यह गोरखपुर जिले के नौतनवा स्टेशन से १० मील पश्चिम नेपाल राज्य में स्थित है।

महावन—यह कपिलवस्तु से लेकर हिमालय के किनारे-किनारे वैशाली तक और वहाँ से समुद्रतट तक विस्तृत महावन था।

मद्दकुच्छि मृगदाव—यह राजगृह में था।

मोर निवाप—यह राजगृह की सुमागधा पुष्करिणी के किनारे स्थित था।

नागवन—यह वज्जी जनपद में हस्तिग्राम के पास था।

पावारिकम्बवन—यह नालन्दा में था।

भेसकळावन—भर्ग प्रदेश के सुंसुमारगिरि में भेसकळावन मृगदाव था।

सिंसपावन—यह कोशल जनपद में सेतव्या नगर के पास उत्तर दिशा में था। कौशाम्बी और आळवी में भी सिंसपावन थे। शीशम के वन को ही सिंसपावन कहते हैं।

सीतवन—यह राजगृह में था।

उपवत्तन शालवन—यह मल्लराष्ट्र में हिरञ्ञवती नदी के तट कुसीनारा के पास उत्तर ओर था।

वेळुवन—यह राजगृह में था।

§ चैत्य और विहार

बुद्धकाल में जो प्रसिद्ध चैत्य और विहार थे, उनमें से वैशाली में चापाल चैत्य, सारन्दद चैत्य,

चुकी हैं जो हमारे संस्थान में हैं, तथा जिनसे विद्वान एवं साहित्य शोध में लगे हुये विद्यार्थी लाभ उठाते रहते हैं। ग्रंथ सूचियों के साथ २ करीब ४०० से भी अधिक महत्वपूर्ण एवं प्राचीन ग्रंथों की प्रशस्तियां एवं परिचय लिये जा चुके हैं जिन्हें भी पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने की योजना है। जैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये हिन्दी पद भी इन भंडारों में प्रचुर संख्या में मिलते हैं। ऐसे करीब २००० पदों का हमने संग्रह कर लिया है जिन्हें भी प्रकाशित करने की योजना है तथा संभव है इस वर्ष हम इसका प्रथम भाग प्रकाशित कर सकें। इस तरह खोज पूर्ण साहित्य प्रकाशन के जिस उद्देश्य से क्षेत्र ने साहित्य शोध संस्थान की स्थापना की थी हमारा वह उद्देश्य धीरे धीरे पूरा हो रहा है।

भारत के विभिन्न विद्यालयों के भारतीय भाषाओं मुख्यतः प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश हिन्दी एवं राजस्थानी भाषाओं पर खोज करने वाले सभी विद्वानों से निवेदन है कि वे प्राचीन साहित्य एवं विशेषतः जैन साहित्य पर खोज करने का प्रयास करें। हम भी उन्हें साहित्य उपलब्ध करने में यथाशक्ति सहयोग देंगे।

ग्रंथ सूची के इस भाग में जयपुर के जिन जिन शास्त्र भंडारों की सूची दी गई है मैं उन भंडारों के सभी व्यवस्थापकों का तथा विशेषतः श्री नाथूलालजी बज, अनूपचन्दजी दीवान, पं० भंवरलालजी न्यायतीर्थ, श्रीराजमलजी गोधा, समीरमलजी छाबड़ा, कपूरचन्दजी रांवका, एवं श्री सुल्तानसिंहजी जैन का आभारी हूं जिन्होंने हमारे शोध संस्थान के विद्वानों को शास्त्र भंडारों की सूचियां बनाने तथा समय समय पर वहां के ग्रंथों को देखने में पूरा सहयोग दिया है। आशा है भविष्य में भी उनका साहित्य सेवा के पुनीत कार्य में सहयोग मिलता रहेगा।

हम श्री डा० वासुदेव शरणजी अग्रवाल, हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के हृदय से आभारी हैं जिन्होंने अस्वस्थ होते हुये भी हमारी प्रार्थना स्वीकार करके ग्रंथ सूची की भूमिका लिखने की कृपा की है। भविष्य में उनका प्राचीन साहित्य के शोध कार्य में निर्देशन मिलता रहेगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

इस ग्रंथ के विद्वान् सम्पादक श्री डा० कस्तूरचंदजी कासलीवाल एवं उनके सहयोगी श्री पं० अनूपचंदजी न्यायतीर्थ तथा श्री सुगनचंदजी जैन का भी मैं आभारी हूं जिन्होंने विभिन्न शास्त्र भंडारों का देखकर लगन एवं परिश्रम से इस ग्रंथ को तैयार किया है। मैं जयपुर के सुयोग्य विद्वान् श्री पं० चैन सुखदासजी न्यायतीर्थ का भी हृदय से आभारी हूं कि जिनका हमको साहित्य शोध संस्थान के कार्यों में पथ प्रदर्शन व सहयोग मिलता रहता है।

ता० ३१-८-६१

केशरलाल बख्शी

भूमिका

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी, जयपुर के कार्यकर्त्ताओं ने कुछ ही वर्षों के भीतर अपनी संस्था को भारत के साहित्यिक मानचित्र पर उभरे हुए रूप में टांक दिया है। इस संस्था द्वारा संचालित जैन साहित्य शोध सस्थान का महत्वपूर्ण कार्य सभी विद्वानों का ध्यान हठात् अपनी ओर खींच लेने के लिए पर्याप्त है। इस संस्था को श्री कस्तूरचंद जी कासलीवाल के रूप मे एक मौन साहित्य साधक प्राप्त हो गए। उन्होंने अपने संकल्प बल और अद्भुत कार्यशक्ति द्वारा जयपुर एवं राजस्थान के अन्य नगरों मे जो शास्त्र भंडार पुराने समय से चले आते हैं उनकी छान बीन का महत्वपूर्ण कार्य अपने ऊपर उठा लिया। शास्त्र भंडारों की जांच पडताल करके उनमे संस्कृत, प्राकृत अपभ्रंश, राजस्थानी और हिन्दी के जो अनेकानेक ग्रंथ सुरक्षित हैं उनकी क्रमबद्ध वर्गीकृत और परिचयात्मक सूची बनाने का कार्य बिना रुके हुए कितने ही वर्षों तक कासलीवाल जी ने किया है। सौभाग्य से उन्हें अतिशय क्षेत्र के संचालक और प्रबंधकों के रूप मे ऐसे सहयोगी मिले जिन्होंने इस कार्य के राष्ट्रीय महत्व को पहचान लिया और सूची पत्रों के विधिवत् प्रकाशन के लिए आर्थिक प्रबध भी कर दिया। इस प्रकार का मणिकांचन संयोग बहुत ही फलप्रद हुआ। परिचयात्मक सूची ग्रंथों के तीन भाग पहले मुद्रित हो चुके हैं। जिनमें लगभग दस सहस्त्र ग्रंथों का नाम और परिचय आ चुका है। हिन्दी जगत् में इन ग्रंथों का व्यापक स्वागत हुआ और विश्वविद्यालयों मे शोध करने वाले विद्वानों को इन ग्रंथों के द्वारा बहुत सी अज्ञात नई सामग्री का परिचय प्राप्त हुआ।

उससे प्रोत्साहित होकर इस शोध संस्थान ने अपने कार्य को और अधिक वेगयुक्त करने का निश्चय किया। उसका प्रत्यक्ष फल ग्रंथ सूची के इस चतुर्थ भाग के रूप में हमारे सामने है। इसमें एक साथ ही लगभग १० सहस्त्र नए हस्तलिखित ग्रंथों का परिचय दिया गया है। परिचय यद्यपि संक्षिप्त है किन्तु उसके लिखने में विवेक से काम लिया गया है जिससे महत्वपूर्ण या नई सामग्री की ओर शोध कर्त्ता विद्वानों का ध्यान अवश्य आकृष्ट हो सकेगा। ग्रंथ का नाम, ग्रंथकर्त्ता का नाम, ग्रंथ की भाषा, लेखन की तिथि, ग्रंथ पूर्ण है या अपूर्ण इत्यादि तथ्यों का यथा संभव परिचय देते हुए महत्वपूर्ण सामग्री के उद्धरण या अवतरण भी दिये गये हैं। प्रस्तुत सूची पत्र मे तीन सौ से ऊपर गुटकों का परिचय भी सम्मिलित है। इन गुटकों मे विविध प्रकार की साहित्यिक और जीवनोपयोगी सामग्री का संग्रह किया जाता था। शोध कर्त्ता विद्वान यथावकाश जब इन गुटकों की ब्योरेवार परीक्षा करेंगे तो उनमे से साहित्य की बहुत सी नई सामग्री प्राप्त होने की आशा है। ग्रंथ संख्या ५५०६ गुटका संख्या १२५ मे भारतवर्ष के भौगोलिक विस्तार का परिचय देते हुए १२४ देशों के नामों की सूची अत्यन्त उपयोगी है। पृथ्वीचंद चरित्र आदि वर्णक ग्रंथों मे इस प्रकार की और भी भौगोलिक सूचिया मिलती हैं। उनके साथ इस सूची

का तुलनात्मक अध्ययन उपयोगी होगा। किसी समय इस सूची में ६८ देशों की संख्या स्थ हो गई थी। ज्ञात होता है कालान्तर में यह संख्या १२४ तक पहुँच गई। गुटका संख्या ७७ (ग्रंथ संख्या ५४०२) में नगरों की बसापत का संवत्‌वार ब्यौरा भी उल्लेखनीय है। जैसे संवत् १६१२ अकबर पातसाह आगरो बसायो संवत् १७१४ औरंगसाह पातस्याह औरंगाबाद बसायो संवत् १२४५ विमल मंत्री स्वर हुवो विमल वसाई।

विकास की उन पिछली शतियों में हिन्दी साहित्य के कितने विविध साहित्य रूप थे यह भी अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण विषय है। इस सूची को देखते हुये उनमें से अनेक नाम सामने आते हैं। जैसे स्तोत्र, पाठ, संग्रह, कथा, रासो, रास, पूजा, मंगल, जयमाल, प्रश्नोत्तरी, मंत्र, अष्टक, सार, समुच्चय, वर्णन, सुभाषित, चौपई, शुभमालिका, निशाणी, जकड़ी, व्याहलो, बधावा, विनती, पत्री, आरती, बोल, चरचा, विचार, बात, गीत, लीला, चरित्र, छंद, छप्पय, भावना, विनोद, कल्प, नाटक, प्रशस्ति, धमाल, चौढालिया, चौमासिया, बारामासा, बटोई, बेलि, हिंडोलणा, चूनड़ी, सज्झाय, बाराखड़ी, भक्ति, वन्दना, पच्चीसी, बत्तीसी, पचासा, बावनी, सतसई, सामायिक, सहस्रनाम, नामावली, गुरुवावली, स्तवन, संबोधन, मोड़लो आदि। इन विविध साहित्य रूपों में से किसका कब आरम्भ हुआ और किस प्रकार विकास और विस्तार हुआ, यह शोध क लिये रोचक विषय है। उसकी बहुमूल्य सामग्री इन भंडारों में सुरक्षित है।

राजस्थान में कुल शास्त्र भंडार लगभग दो सौ हैं और उनमें संचित ग्रंथों की संख्या लगभग दो लाख के आंकी जाती है। हर्ष की बात है कि शोध संस्थान के कार्य कर्ता इस भारी दायित्व के प्रति जागरूक हैं। पर स्वभावतः यह कार्य दीर्घकालीन साहित्यिक साधना और बहु व्यय की अपेक्षा रखता है। जिस प्रकार अपने देश में पूना का भंडारकर इन्स्टीट्यूट, तंजोर की सरस्वती महल लाइब्रेरी, मद्रास विश्वविद्यालय की ओरियन्टल मेनस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी या कलकत्ते की बंगाल एशियाटिक सोसाइटी का ग्रंथ भंडार हस्तलिखित ग्रंथों को प्रकाश में लाने का कार्य कर रहे हैं और उनके कार्य के महत्व को मुक्त कंठ से सभी स्वीकार करते हैं, आशा है कि उसी प्रकार महावीर अतिशय क्षेत्र के जैन साहित्य शोध संस्थान के कार्य की ओर भी जनता और शासन दोनों का ध्यान शीघ्र आकृष्ट होगा और यह संस्था जिस सहायता की पात्र है, वह उसे सुलभ की जायगी। संस्था ने अब तक अपने साधनों से बड़ा कार्य किया है, किन्तु जो कार्य शेष है वह कहीं अधिक बड़ा है और इसमें संदेह नहीं कि अवश्य करने योग्य है। ११ वीं शती से १६ वीं शती के मध्य तक जो साहित्य रचना होती रही उसकी संचित निधि का कुबेर जैसा समृद्ध कोष ही हमारे सामने आ गया है। आज से केवल १५ वर्ष पूर्व तक इन भंडारों के अस्तित्व का पता बहुत कम लोगों को था और उनके संबंध में छान बीन का कार्य तो कुछ हुआ ही नहीं था। इस सबको देखते हुये इस संस्था के महत्वपूर्ण कार्य का व्यापक स्वागत किया जाना चाहिये।

काशी विद्यालय
९-१०-१६६१

वासुदेव शरण अग्रवाल

प्रस्तावना

राजस्थान शताब्दियों से साहित्यिक क्षेत्र रहा है। राजस्थान की रियासतें यद्यपि विभिन्न राजाओं के अधीन थी जो आपस में भी लड़ा करती थीं फिर भी इन राज्यों पर देहली का सीधा सम्पर्क नहीं रहने के कारण यहां अधिक राजनीतिक उथल पुथल नहीं हुई और सामान्यतः यहां शान्ति एवं व्यवस्था बनी रही। यहां राजा महाराजा भी अपनी प्रजा के सभी धर्मों का समादर करते रहे इसलिये उनके शासन मे सभी धर्मों को स्वतन्त्रता प्राप्त थी।

जैन धर्मानुयायी सदैव शान्तिप्रिय रहे हैं। इनका राजस्थान के सभी राज्यों में तथा विशेषतः जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर, बूंदी, कोटा, अलवर, भरतपुर आदि राज्यों मे पूर्ण प्रमुत्व रहा। शताब्दियों तक वहां के शासन पर उनका अधिकार रहा और वे अपनी स्वामिभक्ति, शासनदक्षता एवं सेवा के कारण सदैव ही शासन के सर्वोच्च स्थानों पर कार्य करते रहे।

प्राचीन साहित्य की सुरक्षा एवं नवीन साहित्य के निर्माण के लिये भी राजस्थान का वातावरण जैनों के लिये बहुत ही उपयुक्त सिद्ध हुआ। यहां के शासकों ने एव समाज के सभी वर्गो ने उस ओर बहुत ही रुचि दिखलायी इसलिये सैकड़ों की संख्या में नये नये ग्रंथ तैयार किये गये तथा हजारों प्राचीन ग्रंथों की प्रतिलिपियां तैयार करवा कर उन्हे नष्ट होने से बचाया गया। आज भी हस्तलिखित ग्रंथों का जितना सुन्दर संग्रह नागौर, बीकानेर, जैसलमेर, अजमेर, आमेर, जयपुर, उदयपुर, ऋषभदेव के ग्रंथ भंडारों में मिलता है उतना महत्वपूर्ण संग्रह भारत के बहुत कम भंडारों में मिलेगा। ताड़पत्र एवं कागज दोनो पर लिखी हुई सबसे प्राचीन प्रतियां इन्हीं भंडारों में उपलब्ध होती हैं। यही नहीं अपभ्रंश, हिन्दी तथा राजस्थानी भाषा का अधिकांश साहित्य इन्हीं भन्डारों मे संग्रहीत किया हुआ है। अपभ्रंश साहित्य के संग्रह की दृष्टि मे नागौर एवं जयपुर के भन्डार उल्लेखनीय हैं।

अजमेर, नागौर, आमेर, उदयपुर, डूंगरपुर एवं ऋषभदेव के भंडार भट्टारकों की साहित्यिक गतिविधियों के केन्द्र रहे हैं। ये भट्टारक केवल धार्मिक नेता ही नहीं थे किन्तु इनकी साहित्य रचना एवं उनकी सुरक्षा में भी पूरा हाथ था। ये स्थान स्थान पर भ्रमण करते थे और वहा से ग्रन्थों को बटोर कर उनको अपने मुख्य मुख्य स्थानों पर संग्रह किया करते थे।

शास्त्र भंडार सभी आकार के हैं कोई छोटा है तो कोई बड़ा। किसी में केवल स्वाध्याय में काम आने वाले ग्रंथ ही संग्रहीत किये हुये होते हैं तो किसी किसी मे सब तरह का साहित्य मिलता है। साधारणत' हम इन ग्रंथ भंडारों को ४ श्रेणियों मे बांट सकते हैं।

१. पाच हजार ग्रंथों के संग्रह वाले शास्त्र भंडार
२ पांच हजार से कम एवं एक हजार से अधिक ग्रंथ वाले शास्त्र भंडार

३ एक हजार से कम एवं पांचसौ से अधिक ग्रंथ वाले शास्त्र भंडार
४ पांचसौ ग्रंथों से कम वाले शास्त्र भंडार

इन शास्त्र भंडारों में केवल धार्मिक साहित्य ही उपलब्ध नहीं होता किन्तु काव्य, पुराण, ज्योतिष, आयुर्वेद, गणित आदि विषयों पर भी ग्रंथ मिलते हैं। प्रत्येक मानव की रुचि के विषय, कथा कहानी एवं नाटक भी इनमें अच्छी संख्या में उपलब्ध होते हैं। यही नहीं, सामाजिक राजनीतिक एवं अर्थशास्त्र पर भी ग्रंथों का संग्रह मिलता है। कुछ भंडारों में जैनेतर विद्वानों द्वारा लिखे हुये अलभ्य ग्रंथ भी संग्रहीत किये हुये मिलते हैं। ये शास्त्र भंडार खोज करने वाले विद्यार्थियों के लिये शोध संस्थान हैं लेकिन भंडारों में साहित्य की इतनी अमूल्य सम्पत्ति होते हुये भी कुछ वर्षों पूर्व तक ये विद्वानों के पहुंच के बाहर रहे। अब कुछ समय बदला है और भंडारों के व्यवस्थापक ग्रंथों के दिखलाने में उतनी आना कानी नहीं करते हैं। यह परिवर्तन वास्तव में खोज में लीन विद्वानों के लिये शुभ है। आज के २० वर्ष पूर्व तक राजस्थान के ६० प्रतिशत भंडारों को न तो किसी जैन विद्वान ने देखा और न किसी जैनतर विद्वान ने इन भंडारों के महत्व को जानने का प्रयास ही किया। अब गत १०, १५ वर्षों से इधर कुछ विद्वानों का ध्यान आकृष्ट हुआ है और सर्व प्रथम हमने राजस्थान के ७५ के करीब भंडारों को देखा है और शेष भंडारों को देखने की योजना बनाई जा चुकी है।

ये ग्रंथ भंडार प्राचीन युग में पुस्तकालयों का काम भी देते थे। इनमें बैठ कर स्वाध्याय प्रेमी शास्त्रों का अध्ययन किया करते थे। उस समय इन ग्रंथों की सूचियां भी उपलब्ध हुआ करती थी तथा ये ग्रंथ लकड़ी के पुट्ठों के बीच में रखकर सूत अथवा सिल्क के फीतों से बांधे जाते थे। फिर उन्हें कपड़े के वेष्टनों में बांध दिया जाता था। इस प्रकार ग्रंथों के वैज्ञानिक रीति से रखे जाने के कारण इन भंडारों में ११ वीं शताब्दी तक के लिखे हुये ग्रंथ पाये जाते हैं।

जैसा कि पहिले कहा जा चुका है कि ये ग्रंथ भंडार नगर कस्बे एवं गांवों तक में पाये जाते हैं इसलिये राजस्थान में उनकी वास्तविक संख्या कितनी है इसका पता लगाना कठिन है। फिर भी यहां अनुमानतः छोटे बड़े २०० भंडार होंगे जिनमें १॥, २ लाख से अधिक हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रह है।

जयपुर प्रारम्भ से ही जैन संस्कृति एवं साहित्य का केन्द्र रहा है। यहां १५० से भी अधिक जिन मंदिर एवं चैत्यालय हैं। इस नगर की स्थापना संवत् १७८४ में महाराजा सवाई जयसिंहजी द्वारा की गई थी तथा उसी समय आमेर के बजाय जयपुर को राजधानी बनाया गया था। महाराजा ने इसे साहित्य एवं कला का भी केन्द्र बनाया तथा एक राजकीय पोथीखाने की स्थापना की जिसमें भारत के विभिन्न स्थानों से लाये गये सैकड़ों महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रंथ संग्रहीत किये हुये हैं। यहां के महाराजा प्रतापसिंहजी भी विद्वान् थे। इन्होंने कितने ही ग्रंथ लिखे थे। इनका लिखा हुआ एक ग्रंथ संगीतसार जयपुर के बड़े मन्दिर के शास्त्र भंडार में संग्रहीत है।

१८ वीं एवं १६ वीं शताब्दी में जयपुर में अनेक उच्च कोटि के विद्वान् हुये जिन्होंने साहित्य की अपार सेवा की। इनमे दौलतराम कासलीवाल (१८ वीं शताब्दी) टोडरमल (१८ वीं शताब्दी) गुमानीराम (१८, १६ वीं शताब्दी) टेकचन्द (१८ वीं शताब्दी) दीपचन्द कासलीवाल (१८ वीं शताब्दी) जयचन्द्र छाबडा (१६ वीं शताब्दी) केशरीसिंह (१६ वीं शताब्दी) नेमिचन्द पाटनी (१६ वीं शताब्दी नन्दलाल छाबड़ा (१६ वीं शताब्दी) स्वरूपचन्द विलाला (१६ वीं शताब्दी) सदासुख कासलीवाल (१६ वीं शताब्दी) मन्नालाल खिन्दूका (१६ वीं शताब्दी) पारसदास निगोत्या (१६ वीं शताब्दी) जैतराम (१६ वीं शताब्दी) पन्नालाल चौधरी (१६ वीं शताब्दी) दुलीचन्द (१६ वीं शताब्दी) आदि विद्वानों के नाम उल्लेखनीय हैं। इनमे अधिकांश हिन्दी के विद्वान् थे। इन्होंने हिन्दी के प्रचार के लिये सैकड़ों प्राकृत एवं संस्कृत ग्रथों पर भाषा टीका लिखी थी। इन विद्वानों ने जयपुर मे ग्रथ भन्डारों की स्थापना की तथा उनमें प्राचीन ग्रथों की लिपियां करके विराजमान की। इन विद्वानों के अतिरिक्त यहां सैकड़ों लिपिकार हुये जिन्होंने श्रावकों के अनुरोध पर सैकड़ों ग्रन्थों की लिपियां की तथा नगर के विभिन्न भन्डारों में रखी गई।

ग्रंथ सूची के इस भाग में जयपुर के १२ शास्त्र भंडारों के ग्रथों का विवरण दिया गया है ये सभी शास्त्र भंडार यहां के प्रमुख शास्त्र भंडार है और इनमे दस हजार से भी अधिक ग्रथों का संग्रह है। महत्वपूर्ण ग्रंथों के संग्रह की दृष्टि से अ, ज तथा ञ भन्डार प्रमुख हैं। ग्रथ सूची से आये हुये इन भंडारों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है।

१. शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर पाटोदी (अ भंडार)

यह भंडार दि० जैन पाटोदी के मंदिर में स्थित है जो जयपुर की चौकड़ी मोदीखाना में है। यह मन्दिर जयपुर का प्रसिद्ध जैन पंचायती मन्दिर है। इसका प्रारम्भ मे आदिनाथ चैत्यालय[1] भी नाम था। लेकिन बाद में यह पाटोदी का मन्दिर के नाम से ही कहलाया जाने लगा। इस मन्दिर का निर्माण जोधराज पाटोदी द्वारा कराया गया था। लेकिन मन्दिर के निर्माण की निश्चित तिथि का कहीं उल्लेख नहीं मिलता। फिर भी यह अवश्य कहा जा सकता है कि इसका निर्माण जयपुर नगर की स्थापना के साथ साथ हुआ था। मन्दिर निर्माण के पश्चात् यहां शास्त्र भंडार की स्थापना हुई। इसलिये यह शास्त्र भंडार २०० वर्ष से भी अधिक पुराना है।

मन्दिर प्रारम्भ से ही भट्टारकों का केन्द्र बना रहा तथा आमेर के भट्टारक भी यहीं आकर रहने लगे। भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्त्ति सुरेन्द्रकीर्त्ति, सुखेन्द्रकीर्त्ति एवं नरेन्द्रकीर्त्ति का क्रमश संवत् १८१५,

---

१. देखिये ग्रंथ सूची पृष्ठ संख्या १६६, व ४६०

१८२८, १८६३, तथा १८७६ में यहीं पट्टाभिषेक¹ हुआ था। इस प्रकार इनका इस मन्दिर से करीब १०० वर्ष तक सीधा सम्पर्क रहा।

प्रारम्भ में यहां का शास्त्र भंडार भट्टारकों की देख रेख में रहा इसलिये शास्त्रों के संग्रह में दिन प्रतिदिन वृद्धि होती रही। यहां शास्त्रों की लिखने लिखवाने की भी अच्छी व्यवस्था थी इसलिये श्रावकों के अनुरोध पर यहीं ग्रंथों की प्रतिलिपियां भी होती रहती थी। भट्टारकों का जब प्रभाव क्षीण होने लगा तथा अब वे साहित्य की ओर उपेक्षा दिखलाने लगे तो यहां के भंडार की व्यवस्था श्रावकों ने संभाल ली। लेकिन शास्त्र भडार में संग्रहीत ग्रंथों को देखने के पश्चात यह पता चलता है कि श्रावकों ने शास्त्र भंडार के ग्रथों की संख्या वृद्धि में विशेष अभिरुचि नहीं दिखलाई और उन्होंने भंडार को उसी अवस्था में सुरक्षित रखा।

हस्तलिखित ग्रंथों की संख्या

भंडार में शास्त्रों की कुल संख्या २२५७ तथा गुटकों की संख्या ३०८ है। लेकिन एक एक गुटके में बहुत से ग्रथों का संग्रह होता है इसलिये गुटकों में १८०० से भी अधिक ग्रंथों का संग्रह है। इस प्रकार इस भंडार में चार हजार ग्रथों का संग्रह है। भक्तामर स्तोत्र एवं तत्वार्थसूत्र की एक एक ताडपत्रीय प्रति को छोड़ कर शेष सभी ग्रंथ कागज पर लिखे हुये हैं। इसी भंडार में कपड़े पर लिखे हुये कुछ जम्बूद्वीप एवं अढाईद्वीप के चित्र एवं यन्त्र, मंत्र आदि का उल्लेखनीय संग्रह हैं।

भंडार में महाकवि पुष्पदन्त कृत जसहर चरिउ (यशोधर चरित) की प्रति सबसे प्राचीन है जो संवत १४०७ में चन्द्रपुर दुर्ग में लिखी गई थी। इसके अतिरिक्त यहां १५ वीं, १६ वीं, १७ वीं एव १८ वीं शताब्दी में लिखे हुये ग्रथों की संख्या अधिक है। प्राचीन प्रतियों में गोम्मटसार जीवकांड, तत्वार्थ सूत्र (स० १४५८) द्रव्यसंग्रह वृत्ति (प्रभादेव-स० १६१५), उपासकाचार दोहा (सं० १५५५), धर्म संग्रह श्रावकाचार (संवत् १५४२) श्रावकाचार (गुणभूषणाचार्य संवत् १५६२,) समयसार (१५८४), विद्यानन्दि कृत अष्टसहस्री (१७६१) उत्तरपुराण टिप्पण प्रभाचन्द्र (सं० १५७५) शान्तिनाथ पुराण (असग कवि स १५५२) नेमिणाह चरिउ (लक्ष्मण देव स १६३६) नागकुमार चरित्र (मल्लिषेण कवि सं १५८४) वरांग चरित्र (बर्द्धमान देव स १५८४) नवकार श्रावकाचार (सं० १६१२) आदि सैकड़ों ग्रंथों की उल्लेखनीय प्रतियां हैं। ये प्रतियां सम्पादन कार्य में बहुत लाभप्रद सिद्ध हो सकती हैं।

विभिन्न विषयों से सम्बन्धित ग्रंथ

शास्त्र भंडार में प्राय: सभी विषयों के ग्रंथों का संग्रह है। फिर भी पुराण, चरित्र, काव्य, कथा, व्याकरण, आयुर्वेद के ग्रथों का अच्छा संग्रह है। पूजा एवं स्तोत्र के ग्रंथों की संख्या भी पर्याप्त

१ भट्टारक पट्टावली: आमेर शास्त्र भंडार जयपुर वेष्टन सं १७२४

जयपुर के प्रसिद्ध साहित्य सेवी

गृहत्यागी दिगम्बर श्रावक दुलीचन्दजी
पूना निवासी

पं० दौलतरामजी कासलीवाल कृत जीवन्धर चरित्र की

मूल पाण्डुलिपि के दो पत्र

है। गुटकों में स्तोत्रों एवं कथाओं का अच्छा संग्रह है। आयुर्वेद के सैकड़ों नुसखे इन्हीं गुटकों में लिखे हुये हैं जिनका आयुर्वेदिक विद्वानों द्वारा अध्ययन किया जाना आवश्यक है। इसी तरह विभिन्न जैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये हिन्दी पदों का भी इन गुटकों में एवं स्वतन्त्र रूप से वहुत अच्छा संग्रह मिलता है। हिन्दी के प्राय सभी जैन कवियों ने हिन्दी में पद लिखे हैं जिनका अभी तक हमे कोई परिचय नहीं मिलता है। इसलिये इस दृष्टि से भी गुटकों का संग्रह महत्वपूर्ण है। जैन विद्वानों के पद आध्यात्मिक एवं स्तुति परक दोनों ही है और उनकी तुलना हिन्दी के अच्छे से अच्छे कवि के पदों से की जा सकती है। जैन विद्वानों के अतिरिक्त कवीर, सूरदास, मलूकराम, आदि कवियों के पदों का संग्रह भी इस भंडार में मिलता है।

अज्ञात एवं महत्वपूर्ण ग्रंथ

शास्त्र भंडार में संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा से लिखे हुये सैकड़ों अज्ञात ग्रंथ प्राप्त हुये हैं जिनमें से कुछ ग्रंथों का संक्षिप्त परिचय आगे दिया गया है। संस्कृत भाषा के ग्रंथों मे व्रतकथा कोष (सकलकीर्त्ति एवं देवेन्द्रकीर्त्ति) आशाधर कृत भूपाल चतुर्विंशति स्तोत्र की संस्कृत टीका एवं रत्नत्रय विधि भट्टारक सकलकीर्त्ति का परमात्मराज स्तोत्र, भट्टारक प्रभाचंद का मुनिसुव्रत छंद, आशाधर के शिष्य विनयचंद की भूपालचतुर्विशति स्तोत्र की टीका के नाम उल्लेखनीय हैं। अपभ्रंश भाषा के ग्रंथों मे लक्ष्मण देव कृत णेमिणाह चरिउ, नरसेन की जिनरात्रिविधान कथा, मुनिगुणभद्र का रोहिणी विधान एवं दशलक्षण कथा, विमल सेन की सुगंधदशमीकथा अज्ञात रचनायें हैं। हिन्दी भाषा की रचनाओं में रल्ह कविकृत जिनदत्त चौपई (सं १३५४) मुनिसकलकीर्त्ति की कर्मचूरिवेलि (१७ वीं शताब्दी) ब्रह्म गुलाल का समोशरणवर्णन, (१७ वीं शताब्दी) विश्वभूषण कृत पार्श्वनाथ चरित्र, कृपाराम का ज्योतिष सार, पृथ्वीराज कृत कृष्णरुक्मिणीवेलि की हिन्दी गद्य टीका, बूचराज का भुवनकीर्त्ति गीत, (१७ वीं शताब्दी) विहारी सतसई पर हरिचरणदास की हिन्दी गद्य टीका, तथा उनका ही कविवल्लभ ग्रंथ, पद्मभगत का कृष्णरुक्मिणीमंगल, हीरकवि का सागरदत्त चरित (१७ वीं शताब्दी) कल्याणकीर्ति का चारुदत्त चरित, हरिवंश पुराण की हिन्दी गद्य टीका आदि ऐसी रचनाएं हैं जिनके सम्वन्ध में हम पहिले अन्धकार मे थे। जिनदत्त चौपई १२ वीं शताब्दी की हिन्दी पद्य रचना है और अब तक उपलब्ध सभी रचनाओं से प्राचीन है। इसी प्रकार अन्य सभी रचनायें महत्वपूर्ण हैं। ग्रंथ भंडार की दशा संतोषप्रद है। अधिकांश ग्रंथ वेष्टनों में रखे हुये हैं।

२. बाबा दुलीचन्द का शास्त्र भंडार (क भंडार)

वावा दुलीचन्द का शास्त्र भंडार दि० जैन वड़ा तेरहपंथी मन्दिर में स्थित है। इस मन्दिर में दो शास्त्र भंडार है जिनमे एक शास्त्र भंडार की ग्रंथ सूची एवं उसका परिचय ग्रंथसूची द्वितीय भाग में

दे दिया गया है। दूसरा शास्त्र भंडार इसी मन्दिर में बाबा दुलीचन्द द्वारा स्थापित किया गया था इस लिये इस भंडार को उन्हीं के नाम से पुकारा जाता है। दुलीचन्दजी जयपुर के मूल निवासी नहीं थे किन्तु वे महाराष्ट्र के पूना जिले के फल्टन नामक स्थान के रहने वाले थे। वे जयपुर हस्तलिखित शास्त्रों के साथ यात्रा करते हुए आये और उन्होंने शास्त्रों की सुरक्षा की दृष्टि से जयपुर को उचित स्थान जानकर यहीं पर शास्त्र समहालय स्थापित करने का निश्चय कर लिया।

इस शास्त्र भंडार में ८५० हस्तलिखित ग्रंथ हैं जो सभी दुलीचन्दजी द्वारा स्थान स्थान की यात्रा करने के पश्चात् संग्रहीत किये गये थे। इनमें से कुछ ग्रंथ स्वयं बाबाजी द्वारा लिखे हुए हैं तथा कुछ श्रावकों द्वारा उन्हें प्रदान किये हुये हैं। वे एक जैन साधु के समान जीवन यापन करते थे। ग्रंथों की सुरक्षा, लेखन आदि ही उनके जीवन का एक मात्र उद्देश्य था। उन्होंने सारे भारत की तीन बार यात्रा की थी जिसका विस्तृत वर्णन जैन यात्रा दर्पण में लिखा है। वे संस्कृत एवं हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे तथा उन्होंने १५ से भी अधिक ग्रंथों का हिन्दी अनुवाद किया था जो सभी इस भण्डार में संग्रहीत हैं।

यह शास्त्र भंडार पूर्णतः व्यवस्थित है तथा सभी ग्रंथ अलग अलग वेष्टनों में रखे हुये हैं। एक एक ग्रंथ तीन तीन एवं कोई कोई तो चार चार वेष्टनों में बंधा हुआ है। शास्त्रों की ऐसी सुरक्षा जयपुर के किसी भंडार में नहीं मिलेगी। शास्त्र भंडार में मुख्यतः संस्कृत एवं हिन्दी के ग्रंथ हैं। हिन्दी के ग्रंथ अधिकांशतः संस्कृत ग्रंथों की भाषा टीकायें हैं। वैसे तो प्रायः सभी विषयों पर यहां ग्रंथों की प्रतियां मिलती हैं लेकिन मुख्यतः पुराण, कथा, चरित, धर्म एवं सिद्धान्त विषय से संबंधित ग्रंथों ही का यहां अधिक संग्रह है।

भंडार में आप्तमीमासालंकृति (आ० विद्यानन्दि) की सुन्दर प्रति है। क्रियाकलाप टीका की संवत् १५२४ की लिखी हुई प्रति इस भंडार की सबसे प्राचीन प्रति है जो मांडवगढ में सुल्तान गयासुद्दीन के राज्य में लिखी गई थी। तत्त्वार्थसूत्र की स्वर्णमयी प्रति दर्शनीय है। इसी तरह यहां गोम्मटसार, त्रिलोकसार आदि कितने ही ग्रंथों की सुन्दर सुन्दर प्रतियां हैं। ऐसी अच्छी प्रतियां कदाचित् ही दूसरे भंडारों में देखने को मिलती हैं। त्रिलोकसार की सचित्र प्रति है तथा इतनी बारीक एवं सुन्दर लिखी हुई है कि वह देखते ही बनती है। पन्नालाल चौधरी के द्वारा लिखी हुई बखतराम कृत प्रायरांग पूजा की प्रति भी (सं० १८७६) दर्शनीय ग्रंथों में से है।

१६ वीं शताब्दी के प्रसिद्ध हिन्दी विद्वान् पं० पन्नालालजी संघी का अधिकांश साहित्य यहां संग्रहीत है। इसी तरह भंडार के संस्थापक दुलीचन्द की भी यहां सभी रचनायें मिलती हैं। उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण ग्रंथों में अल्हू कवि का प्राकृतछन्दकोष, विनयचन्द्र की द्विसंधान काव्य टीका, वादिचन्द्र सूरि का पवनदूत काव्य, ज्ञानार्णव पर नयविलास की संस्कृत टीका, गोम्मटसार पर सकलभूषण एवं धर्मचन्द्र की संस्कृत टीकायें हैं। हिन्दी रचनाओं में दुलीसिंह छाबड़ा कृत

उपदेशरत्नमाला भाषा (सं० १७६६) हरिकिशन का भद्रबाहु चरित (सं० १७८७) छत्तपति जैसवाल की मनमोदन पंचविंशति भाषा (सं० १६१६) के नाम उल्लेखनीय हैं। इस भंडार मे हिन्दी पदोंका भी अच्छा संग्रह है। इन कवियों में माणकचन्द, हीराचंद, दौलतराम, भागचन्द, मंगलचन्द, एवं जयचन्द छाबडा के हिन्दी पद उल्लेखनीय हैं।

३. शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर जोबनेर (ख भंडार)

यह शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर जोबनेर मे स्थापित है जो खेजडे का रास्ता, चांदपोल बाजार मे स्थित है। यह मन्दिर कब बना था तथा किसने बनवाया था इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है लेकिन एक ग्रंथ प्रशस्ति के अनुसार मन्दिर की मूल नायक प्रतिमा पं० पन्नालाल जी के समय मे स्थापित हुई थी। पंडितजी जोबनेर के रहने वाले थे तथा इनके लिखे हुये जलहोमविधान, धर्मचक्र पूजा आदि ग्रंथ भी इस भंडार मे मिलते हैं। इनके द्वारा लिखी हुई सबसे प्राचीन प्रति संवत् १६२२ की है।

शास्त्र भंडार में ग्रंथ संग्रह करने में पहिले पं० पन्नालालजी का तथा फिर उन्हीं के शिष्य पं० बखतावरलाल जी का विशेष सहयोग रहा था। दोनों ही विद्वान ज्योतिष, अयुर्वेद, मंत्रशास्त्र, पूजा साहित्य के संग्रह में विशेष अभिरुचि रखते थे इसलिये यहां इन विषयों के ग्रंथों का अच्छा संकलन है। भंडार में ३४० ग्रंथ हैं जिनमे २३ गुटके भी हैं। हिन्दी भाषा के ग्रंथों से भी भंडार में संस्कृत के ग्रंथों की संख्या अधिक है जिससे पता चलता है कि ग्रंथ संग्रह करने वाले विद्वानों का संस्कृत से अधिक प्रेम था।

भंडार में १७ वीं शताब्दी से लेकर १६ वीं शताब्दी के ग्रंथों की अधिक प्रतियां हैं। सबसे प्राचीन प्रति पद्मनन्दिपंचविंशति की है जिसकी संवत् १५७८ मे प्रतिलिपि की गई थी। भंडार के उल्लेखनीय ग्रंथों में पं० आशाधर की आराधनासार टीका एवं नागौर के भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति कृत गजपंथामंडलपूजन उल्लेखनीय ग्रंथ हैं। आशाधर ने आराधनासार की यह वृत्ति अपने शिष्य मुनि विनयचंद के लिये की थी। प्रेमी जी ने इस टीका को जैन साहित्य एवं इतिहास मे अप्राप्य लिखा है। रघुवंश काव्य की भडार में सं० १६८० की अच्छी प्रति है।

हिन्दी ग्रंथों में शांतिकुशल का अंजनारास एवं पृथ्वीराज का रुक्मिणी विवाहलो उल्लेखनीय ग्रंथ हैं। यहां बिहारी सतसई की एक ऐसी प्रति है जिसके सभी पद्य वर्ण क्रमानुसार लिखे हुये हैं। मानसिंह का मानविनोद भी आयुर्वेद विषय का अच्छा ग्रंथ है।

४. शास्त्र भंडार दि. जैन मन्दिर चौधरियों का जयपुर (ग भंडार)

यह मन्दिर बौली के कुआ के पास चौकड़ी मोदीखाना मे स्थित है पहिले यह 'नेमिनाथ के मंदिर' के नाम से भी प्रसिद्ध था लेकिन वर्तमान मे यह चौधरियों के चैत्यालय के नाम से प्रसिद्ध है। यहां छोटा

सा शास्त्र भडार है जिसमें केवल १०८ हस्तलिखित ग्र थ हैं। इनमें ७५ हिन्दी के तथा शेष संस्कृत भाषा के ग्र थ हैं। संग्रह सामान्य है तथा प्रतिदिन स्वाध्याय के उपयोग में आने वाले ग्र थ हैं। शास्त्र भडार करीब १४० वर्ष पुराना है। कालूरामजी साह यहां उत्साही सज्जन हो गये हैं जिन्होंने कितने ही ग्रथ लिखवाकर शास्त्र भडार में विराजमान किये थे। इनके द्वारा लिखवाये हुए ग्रंथों में पं जयचन्द्र छाबड़ा कृत ज्ञानार्णव भाषा (सं १८७७) सुरालालचन्द कृत त्रिलोकसार भाषा (स० १८८४) दौलतरामजी कासलीवाल कृत आदि पुराण भाषा सं १८८३ एवं छीतर ठोलिया कृत होलिका चरित (स १८८३) के नाम उल्लेखनीय हैं। भडार व्यवस्थित है।

५ शास्त्र भडार दि जैन नया मन्दिर वैराठियों का जयपुर (घ भडार)

'घ' भडार जौहरी बाजार मोतीसिंह भोमियों के रास्ते में स्थित नये मन्दिर में संग्रहीत है। यह मन्दिर वैराठियों के मन्दिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। शास्त्र भडार में १५० हस्तलिखित ग्रंथ हैं जिनमें वीरनन्दि कृत चन्द्रप्रभ चरित की प्रति सबसे प्राचीन है। इसे संवत् १५२४ माघवा सुदी ७ के दिन लिखा गया था। शास्त्र संग्रह की दृष्टि से भंडार छोटा ही है किन्तु इसमें कितने ही ग्रंथ उल्लेखनीय हैं। प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों में गुणभद्राचार्य कृत उत्तर पुराण (स० १६०६,) ब्रह्मजिनदास कृत हरिवंश पुराण (स० १६४१,) दीपचन्द कृत ज्ञानदर्पण एवं लोकसेन कृत दशलक्षणकथा की प्रतियां उल्लेखनीय हैं। श्री राजहंसोपाध्याय की षष्ठ्यधिक शतक की टीका संवत् १५७९ के ही अगहन मास की लिखी हुई है। ब्रह्मजिनदास कृत अठावीस मूलगुणरास एवं दान कथा (हिन्दी) तथा ब्रह्म अजित का हंसतिलकरास उल्लेखनीय प्रतियों म हैं। भडार में ऋषिमडल स्तोत्र, ऋषिमडल पूजा, निर्वाणकाण्ड, भक्तामिरस्तोत्र जयमाल की स्वर्णाक्षरी प्रतियां हैं। इन प्रतियों के बार्डर सुन्दर बेल बूटों से युक्त हैं तथा कला पूर्ण हैं। जो बेल एक बार एक पत्र पर आगई वह फिर आगे किसी पत्र पर नहीं आई है। शास्त्र भंडार सामान्यतः व्यवस्थित है।

६ शास्त्र भडार दि जैन मन्दिर संघीजी जयपुर (ङ भडार)

संघीजी का जैन मन्दिर जयपुर का प्रसिद्ध एव विशाल मन्दिर है। यह चौकडी मोदीखाना में महावीर पार्क के पास स्थित है। मन्दिर का निर्माण दीवान झू थारामजी संघी द्वारा कराया गया था। ये महाराजा जयसिंहजी के शासन काल में जयपुर के प्रधान मंत्री थे। मन्दिर की मुख्य चंवरी में सोने एवं कांच का कार्य हो रहा है। वह बहुत ही सुन्दर एवं कला पूर्ण है। कांच का ऐसा अच्छा कार्य बहुत ही कम मन्दिरों में मिलता है।

मन्दिर के शास्त्र भंडार में ६७९ हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रह है। सभी ग्र थ कागज पर लिखे हुए हैं। अधिकांश ग्र थ १८ वीं एवं १९ वीं शताब्दी के लिखे हुये हैं। सबसे नवीन ग्र थ णमोकारकाव्य है जो संवत् १९९५ में लिखा गया था। इससे पता चलता है कि समाज में अब भी ग्र थों की प्रति

लिपियां करवा कर भंडारों में विराजमान करने की परम्परा है। इसी तरह आचार्य कुन्दकुन्द कृत पंचास्तिकाय की सबसे प्राचीन प्रति है जो संवत् १४८७ की लिखी हुई है।

ग्रंथ भंडार में प्राचीन प्रतियों मे भ हर्षकीर्ति का अनेकार्थशत संवत् १६६७, धर्मकीर्ति की कौमुदीकथा संवत् १६६३, पद्मनन्दि श्रावकाचार संवत् १६१३, भ शुभचंद्र कृत पाण्डवपुराण सं. १६१३, बनारसी विलास सं० १७१५, मुनि श्रीचन्द कृत पुराणसार सं० १५४३, के नाम उल्लेखनीय हैं। भंडार मे संवत् १५३० की किरातार्जुनीय की भी एक सुन्दर प्रति है। दशरथ निगोत्या ने धर्म परीक्षा की भाषा संवत् १७१८ मे पूर्ण की थी। इसके एक वर्ष बाद सं० १७१९ की ही लिखी हुई भंडार में एक प्रति संग्रहीत है। इसी भंडार मे महेश कवि कृत हम्मीररासो की भी एक प्रति है जो हिन्दी की एक सुन्दर रचना है। किशनलाल कृत कृष्णबालविलास की प्रति भी उल्लेखनीय है।

शास्त्र भंडार मे ९९ गुटके हैं। जिनमें भी हिन्दी एवं संस्कृत पाठों का अच्छा संग्रह है। इनमे हर्षकवि कृत चंद्रहंसकथा सं० १७०८, हरिदास की ज्ञानोपदेश बत्तीसी (हिन्दी) मुनिभद्र कृत शांतिनाथ स्तोत्र (संस्कृत) आदि महत्वपूर्ण रचनायें हैं।

७. शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर छोटे दीवानजी जयपुर (च भंडार)

(श्रीचन्द्रप्रभ दि० जैन सरस्वती भवन)

यह सरस्वती भवन छोटे दीवानजी के मन्दिर में स्थित है जो अमरचंदजी दीवान के मन्दिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। ये जयपुर के एक लंबे समय तक दीवान रहे थे। इनके पिता शिवजीलालजी भी महाराजा जगतसिंहजी के समय मे दीवान थे। इन्होंने भी जयपुर में ही एक मन्दिर का निर्माण कराया था। इसलिये जो मन्दिर इन्होंने बनाया था वह बड़े दीवानजी का मन्दिर कहलाता है और दीवान अमरचंदजी द्वारा बनाया हुआ है वह छोटे दीवानजी के मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है। दोनों ही विशाल एवं कला पूर्ण मन्दिर हैं तथा दोनों ही गुमान पंथ आम्नाय के मन्दिर हैं।

भंडार में ८३० हस्तलिखित ग्रंथ है। सभी ग्रंथ कागज पर लिखे हुये हैं। यहां संस्कृत ग्रंथों का विशेषत पूजा एवं सिद्धान्त ग्रंथों का अधिक संग्रह है। ग्रंथों को भाषा के अनुसार निम्न प्रकार विभाजित किया जा सकता है।

संस्कृत ४१८, प्राकृत ६८, अपभ्रंश ४, हिन्दी ३४० इसी तरह विषयानुसार जो ग्रंथ हैं वे निम्न प्रकार हैं।

धर्म एवं सिद्धान्त १४७, अध्यात्म ६२, पुराण ३०, कथा ३८, पूजा साहित्य १५२, स्तोत्र ८१ अन्य विषय ३२०।

इन ग्रंथों के संग्रह करने में स्वयं अमरचंदजी दीवान ने बहुत रूचि ली थी क्योंकि उनके

समयकालीन विद्वानों में से नवलराम, गुमानीराम, जयचन्द छाबड़ा, डालूराम। मन्नालाल खिन्दूका, स्वरूपचन्द बिलाला के नाम उल्लेखनीय हैं और सम्भवतः इन्हीं विद्वानों के सहयोग से ये ग्रंथों का इतना संग्रह कर सके होंगे। प्रतिमासांतचतुर्दशीव्रतोद्यापन सं १८७७, गोम्मटसार सं १८८६, पंचतन्त्र स १८८७, सप्त पूजामणि स० १८६१ आदि ग्रंथों की प्रतिलिपियां करवा कर इन्होंने भंडार में विराजमान की थी।

भंडार में अधिकांश संग्रह १६ वीं २० वीं शताब्दी का है किन्तु कुछ ग्रंथ १६ वीं एवं १७ वीं शताब्दी के भी हैं। इनमें निम्न ग्रंथों के नाम उल्लेखनीय हैं।

पूर्णचन्द्राचार्य	उपसर्गोहरस्तोत्र	ले का स० १५५३	संस्कृत
प० अभ्रदेव	लब्धिविधानकथा	स० १६०७	"
अमरकीर्ति	षटकर्मोपदेशरत्नमाला	स० १६ ?	अपभ्रंश
पूज्यपाद	सर्वार्थसिद्धि	सं० १६२५	संस्कृत
पुष्पदन्त	यशोधर चरित्र	सं० १६३०	अपभ्रंश
ब्रह्मनेमिदत्त	नेमिनाथ पुराण	स० १६४६	संस्कृत
जोधराज	प्रवचनसार भाषा	स० १७३०	हिन्दी

अज्ञात कृतियों में तेजपाल कविकृत सम्भवजिणणाह चरिए (अपभ्रंश) तथा हरचंद गंगवाल कृत सुकुमाल चरित्र भाषा (र० का० १६१८) के नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं।

८ दि० जैन मन्दिर गोधों का जयपुर (छ भंडार)

गोधों का मन्दिर घी वालों का रास्ता, नागोरियों का चौक जौहरी बाजार में स्थित है। इस मन्दिर का निर्माण १८ वीं शताब्दी के अन्त में हुआ था और मन्दिर निर्माण के पश्चात ही यहां शास्त्रों का संग्रह किया जाना प्रारम्भ हो गया था। बहुत से ग्रंथ यहां सांगानेर के मन्दिरों में से भी लाये गये थे। वर्तमान में यहां एक सुव्यवस्थित शास्त्र भंडार है जिसमें ६१६ हस्तलिखित ग्रंथ एवं १०२ गुटके हैं। भंडार में पुराण, चरित, कथा एवं स्तोत्र साहित्य का अच्छा संग्रह है। अधिकांश ग्रंथ १७ वीं शताब्दी से लेकर १६ वीं शताब्दी तक के लिखे हुए हैं। शास्त्र भंडार में व्रतकथाकोश की संवत् १५८६ में लिखी हुई प्रति सबसे प्राचीन है। यहां हिन्दी रचनाओं का भी अच्छा संग्रह है। हिन्दी की निम्न रचनायें महत्वपूर्ण हैं जो अन्य भंडारों में सहज ही में नहीं मिलती हैं।

चिन्तामणिजयमाल	ठक्कुर कवि	हिन्दी	१६ वीं शताब्दी
सीमन्धर स्तवन	"	"	" "
गीत एवं आदिनाथ स्तवन	पल्ह कवि	"	" "

नेमीश्वर चौमासा	मुनि सिंहनन्दि	हिन्दी	१७ वीं शताब्दी
चेतनगीत	"	"	" "
नेमीश्वर रास	मुनि रतनकीर्ति	"	" "
नेमीश्वर हिंडोलना	"	"	" "
द्रव्यसंग्रह भाषा	हेमराज	"	र० का० १७१?
चतुर्दशीकथा	टालूराम	"	१७६५

उक्त रचनाओं के अतिरिक्त जैन हिन्दी कवियों के पदों का भी अच्छा संग्रह है। इनमें वृन्दराज, छीहल, कनककीर्ति, प्रभाचन्द्र मुनि शुभचन्द्र, मनराम एवं अजयराम के पद विशेषत उल्लेखनीय हैं। संवत् १६२६ में रचित डूंगरकवि की होलिका चौपई भी ऐसी रचना है जिसका परिचय प्रथम बार मिला है। संवत् १८३० में रचित हरचंद गगवाल कृत पंचकल्याणक पाठ भी ऐसी ही सुन्दर रचना है।

संस्कृत ग्रंथों में उमास्वामि विरचित पचपरमेष्ठी स्तोत्र महत्वपूर्ण है। सूची में उसका पाठ उद्धृत किया गया है। भंडार में संग्रहीत प्राचीन प्रतियों में विमलनाथ पुराण सं० १६६६, गुणभद्राचार्य कृत धन्यकुमार चरित सं० १६५२, विदग्धमुखमंडन सं० १६८३, सारस्वत दीपिका सं० १६५७, नाममाला (धनंजय) सं० १६४३, धर्म परीक्षा (अमितगति) सं० १६५३, समयसार नाटक (बनारसीदास) सं० १७०४ आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

९ शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर यशोदानन्दजी जयपुर (ज भंडार)

यह मन्दिर जैन यति यशोदानन्दजी द्वारा सं० १८४८ में बनवाया गया था और निर्माण के कुछ समय पश्चात ही यहां शास्त्र भंडार की स्थापना कर दी गई। यशोदानन्दजी स्वयं साहित्यिक व्यक्ति थे इसलिये उन्होंने थोडे समय से ही अपने यहां शास्त्रों का अच्छा संकलन कर लिया। वर्तमान में शास्त्र भंडार में ३५३ ग्रंथ एवं १३ गुटके हैं। अधिकांश ग्रंथ १८ वीं शताब्दी एवं उसके बाद की शताब्दियों के लिखे हुये हैं। संग्रह सामान्य है। उल्लेखनीय ग्रंथों में चन्द्रप्रभकाव्य पंजिका सं० १५६४, प० देवीचन्द कृत हितोपदेश की हिन्दी गद्य टीका, है। प्राचीन प्रतियों में आ० कुन्दकुन्द कृत समयसार सं० १६१४, आशाधर कृत सागारधर्मामृत सं० १६२८, केशवमिश्रकृत तर्कभाषा सं० १६६६ के नाम उल्लेखनीय हैं। यह मन्दिर चौडा रास्ते में स्थित है।

१० शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर विजयराम पांड्या जयपुर (झ भंडार)

विजयराम पांड्या ने यह मन्दिर कब बनवाया इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता लेकिन मन्दिर की दशा को देखते हुये यह जयपुर बसने के समय का ही बना हुआ जान पड़ता है। यह मन्दिर

पानों का दरीबा चौ० रामचन्द्रजी में स्थित है। यहां का शास्त्र भंडार भी कोई अच्छी दशा में नहीं है। बहुत से ग्रन्थ जीर्ण हो चुके हैं तथा बहुत सों के पूरे पत्र भी नहीं हैं। वर्तमान में यहां २०५ ग्रन्थ एवं ५८ गुटके हैं। शास्त्र भंडार को देखते हुये यहां गुटकों का अच्छा संग्रह है। इनमें विश्वभूषण की नमीश्वर की लहरी, पुण्यरत्न की नेमिनाथ पूजा, श्याम कवि की तीन चौबीसी चौपाई (र का १७५६) स्योजी राम सोगाणी की लग्नचन्द्रिका भाषा के नाम उल्लेखनीय हैं। इन छोटी छोटी रचनाओं के अतिरिक्त रूपचन्द्र, दरिगह, मनराम, हर्षकीर्ति, कुमुदचन्द्र आदि कवियों के पद भी संग्रहीत हैं साह लोहट कृत षटलेश्यावेलि एवं बखुराम का राजनीतिशास्त्र भाषा भी हिन्दी की उल्लेखनीय रचनायें हैं।

११ शास्त्र भंडार दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ जयपुर (ञ भंडार)

दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ जयपुर का प्रसिद्ध जैन मन्दिर है। यह लवासजी का रास्ता चौ० रामचन्द्रजी में स्थित है। मन्दिर का निर्माण संवत् १८०५ में सोनी गोत्र वाले किसी श्रावक ने कराया था इसलिये यह सोनियों के मन्दिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। यहां एक शास्त्र भंडार है जिसमें ५४० ग्रन्थ एवं १८ गुटके हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या संस्कृत भाषा के ग्रन्थों की है। माणिक्य सूरि कृत नलोदय काव्य भंडार की सबसे प्राचीन प्रति है जो सं० १४४५ की लिखी हुई है। यद्यपि भंडार में ग्रन्थों की संख्या अधिक नहीं है किन्तु अज्ञात एवं महत्वपूर्ण ग्रन्थों तथा प्राचीन प्रतियों का यहां अच्छा संग्रह है।

इन अज्ञात ग्रन्थों में अपभ्रंश भाषा का विजयसिंह कृत अजितनाथ पुराण, कवि दामोदर कृत णेमिणाह चरिए, गुणनन्दि कृत वीरनन्दि के चन्द्रप्रभकाव्यकी पंजिका, (संस्कृत) महापंडित जगन्नाथ कृत नेमिनरेन्द्र स्तोत्र (संस्कृत) मुनि पद्मनन्दि कृत वर्द्धमान काव्य, शुभचन्द्र कृत तत्ववर्णन (संस्कृत) चन्द्रमुनि कृत पुराणसार (संस्कृत) इन्द्रजीत कृत मुनिसुव्रत पुराण (हि०) आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

यहां ग्रन्थों की प्राचीन प्रतियां भी पर्याप्त संख्या में संग्रहीत हैं। इनमें से कुछ प्रतियों के नाम निम्न प्रकार हैं।

सूची की क्र सं	ग्रंथ नाम	ग्रन्थकार नाम	ले काल	भाषा
१५३५	षटपाहुड	आ० कुन्दकुन्द	१५१६	प्रा०
२३५०	वर्द्धमानकाव्य	पद्मनन्दि	१५१८	संस्कृत
१८३६	स्याद्वादमंजरी]	मल्लिषेण सूरि	१५२१	„
१८३६	अजितनाथपुराण	विजयसिंह	१५८०	अपभ्रंश
२०१८	णेमिणाहचरिए	दामोदर	१५८२	„
२३२३	यशोधरचरित्र टिप्पण	प्रभाचन्द्र	१५८५	संस्कृत
११५५	सागारधर्मामृत	आशाधर	१५६५	

सूची की क्र. सं	ग्रंथ नाम	ग्रंथ कार नाम	ले काल	भाषा
२५४१	कथाकोश	हरिषेणाचार्य	१५६७	संस्कृत
३८७६	जिनशतकटीका	नरसिंह भट्ट	१५६४	,,
२२५	तत्त्वार्थरत्नप्रभाकर	प्रभाचन्द्र	१६३३	,,
२०७६	क्षत्रचूडामणि	वादीभसिंह	१६०५	,,
२११३	धन्यकुमारचरित्र	आ० गुणभद्र	१६०३	,,
२११५	नागकुमार चरित्र	धर्मधर	१६१६	,,

इस भंडार मे कपडे पर संवत् १५१६ का लिखा हुआ प्रतिष्टा पाठ है। जयपुर के भंडारों मे उपलब्ध कपडे पर लिखे हुये ग्रंथों मे यह ग्रंथ सबसे प्राचीन है। यहां यशोधर चरित की एक सुन्दर एवं कला पूर्ण सचित्र प्रति है। इसके दो चित्र ग्रंथ सूची मे देखे जा सकते हैं। चित्र कला पर मुगल कालीन प्रभाव है। यह प्रति करीब २०० वर्ष पुरानी है।

१२ आमेर शास्त्र भंडार जयपुर (ट भंडार)

आमेर शास्त्र भंडार राजस्थान के प्राचीन ग्रंथ भंडारों मे से है। इस भंडार की एक ग्रंथ सूची सन् १९४८ मे क्षेत्र के शोध संस्थान की ओर से प्रकाशित की जा चुकी है। उस ग्रंथ सूची मे १५०० ग्रंथों का विवरण दिया गया था। गत १२ वर्षो में भंडार मे जिन ग्रंथों का और संग्रह हुआ है उनकी सूची इस भाग में दी गई है। इन ग्रंथों में मुख्यत. जयपुर के छावड़ों के मन्दिर के तथा बाबू ज्ञानचंदजी खिन्दूका द्वारा भेट किये हुये ग्रंथ हैं। इसके अतिरिक्त भंडार के कुछ ग्रंथ जो पहिले वाली ग्रंथ सूची मे आने से रह गये थे उनका विवरण इस भाग मे दे दिया गया है।

इन ग्रंथों मे पुष्पदंत कृत उत्तरपुराण भी है जो संवत् १३९९ का लिखा हुआ है। यह प्रति इस सूची में आये हुये ग्रंथों मे सबसे प्राचीन प्रति है। इसके अतिरिक्त १६ वीं १७ वीं एवं १८ वीं शताब्दी मे लिखे हुये ग्रंथों का अच्छा संग्रह है। भंडार के इन ग्रंथों मे भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति विरचित छंदसीथ कवित्त (हिन्दी), ब्र० जिनदास कृत चौरासी न्यातिमाला (हिन्दी), लाभवर्द्धन कृत पान्डवचरित (संस्कृत), लाखो कविकृत पार्श्वनाथ चौपाई (हिन्दी) आदि ग्रंथों के नाम उल्लेखनीय हैं। गुटकों में मनोहर मिश्र कृत मनोहरमंजरी, उदयभानु कृत भोजरासो, अग्रदास के कवित्त, तिपरदास कृत रुकिमणी कृष्णजी का रासो, जनमोहन कृत स्नेहलीला, श्याममिश्र कृत रागमाला, विनयकीर्ति कृत अष्टाहिका रासो तथा बंसीदास कृत रोहिणीविधिकथा उल्लेखनीय रचनायें हैं। इस प्रकार आमेर शास्त्र भंमार मे प्राचीन ग्रंथों का अच्छा संकलन है।

ग्रंथों का विषयानुसार वर्गीकरण

ग्रंथ सूची को अधिक उपयोगी बनाने के लिए ग्रंथों का विषयानुसार वर्गीकरण करके उन्हें २५ विषयों में विभाजित किया गया है। विविध विषयों के ग्रंथों के अध्ययन से पता चलता है कि जैन आचार्यों ने प्रायः सभी विषयों पर ग्रंथ लिखे हैं। साहित्य का संभवतः एक भी ऐसा विषय नहीं रहा जिस पर इन विद्वानों ने अपनी कलम नहीं चलाई हो। एक ओर जहां इन्होंने धार्मिक एवं आगम साहित्य लिख कर भंडारों को भरा है वहां दूसरी ओर काव्य, चरित्र, पुराण, कथा कोश आदि लिख कर अपनी विद्वत्ता की छाप लगाई है। श्रावकों एवं सामान्य जन के हित के लिये इन आचार्यों एवं विद्वानों ने सिद्धान्त एवं आचार शास्त्र के सूक्ष्म से सूक्ष्म विषय का विश्लेषण किया है। सिद्धान्त की इतनी गहन एवं सूक्ष्म चर्चा शायद ही अन्य धर्मों में मिल सके। पूजा साहित्य लिखने में भी ये किसी से पीछे नहीं रहे। इन्होंने प्रत्येक विषय की पूजा लिखकर श्रावकों को इनको जीवन में उतारने की प्रेरणा भी दी है। पूजाओं की जयमालाओं में कभी कभी इन विद्वानों ने जैन धर्म के सिद्धान्तों का बड़ी उत्तमता से वर्णन किया है। ग्रंथ सूची के इसही भाग में १५०० से अधिक पूजा ग्रंथों का उल्लेख हुआ है।

धार्मिक साहित्य के अतिरिक्त लौकिक साहित्य पर भी इन आचार्यों ने खूब लिखा है। तीर्थंकरों एवं शलाकाओं के महापुरुषों के पावन जीवन पर इनके द्वारा लिखे हुये बड़े बड़े पुराण एवं काव्य ग्रंथ मिलते हैं। ग्रंथ सूची में प्रायः सभी महत्वपूर्ण पुराण साहित्य के ग्रंथ आगये हैं। जैन सिद्धान्त एवं आचार शास्त्र के सिद्धान्तों को कथाओं के रूप में वर्णन करने में जैनाचार्यों ने अपने पाण्डित्य का अच्छा प्रदर्शन किया है। इन भंडारों में इन विद्वानों द्वारा लिखा हुआ कथा साहित्य प्रचुर मात्रा में मिलता है। ये कथायें रोचक होने के साथ साथ शिक्षाप्रद भी हैं। इसी प्रकार व्याकरण, ज्योतिष एवं आयुर्वेद पर भी इन भंडारों में अच्छा साहित्य संग्रहीत है। गुटकों में आयुर्वेद के नुसखों का अच्छा संग्रह है। सैकड़ों ही प्रकार के नुसखे दिये हुये हैं जिन पर खोज होने की अत्यधिक आवश्यकता है।। इस बार हमने फागु, रासो एवं वेलि साहित्य के ग्रंथों का अतिरिक्त वर्णन दिया है। जैन आचार्यों ने हिन्दी में छोटे बड़े सैकड़ों रासो ग्रंथ लिखे हैं जो इन भंडारों संग्रहीत हैं। अकेले ब्रह्म जिनदास के ४० से भी अधिक रासो ग्रंथ मिलते हैं। जैन भंडारों में १४ वी शताब्दी के पूर्व से रासो ग्रंथ मिलने लगते हैं। इसके अतिरिक्त अध्ययन करने की दृष्टि से संग्रहीत किये हुये इन भंडारों में जैनतर विद्वानों के काव्य, नाटक, कथा, ज्योतिष, आयुर्वेद, कोष, नीतिशास्त्र, व्याकरण आदि विषयों के ग्रंथों का भी अच्छा संकलन मिलता है। जैन विद्वानों ने कालिदास, माघ, भारवि आदि प्रसिद्ध कवियों के काव्यों का संकलन ही नहीं किया किन्तु उन पर विस्तृत टीकायें भी लिखी हैं। ग्रंथ सूची के इसी भाग में ऐसे कितने ही काव्यों का उल्लेख आया है। भंडारों में ऐतिहासिक रचनायें भी पर्याप्त संख्या में मिलती हैं। इनमें भट्टारक पट्टावलियां, भट्टारकों के छन्द, गीत, चौमासा वर्णन, वंशोत्पत्ति वर्णन देहली के बादशाहों एवं अन्य राज्यों के राजाओं के वर्णन एवं नगरों की बसापत का वर्णन मिलता है।

विविध भाषाओं में रचित साहित्य

राजस्थान के शास्त्र भंडारों मे उत्तरी भारत की प्राय सभी भाषाओं के ग्रंथ मिलते हैं। इनमें संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी एवं गुजराती भाषा के ग्रंथ मिलते हैं। संस्कृत भाषा मे जैन विद्वानों ने वृहद् साहित्य लिखा है। आ० समन्तभद्र, अकलंक, विद्यानन्दि, जिनसेन, गुणभद्र, वर्द्धमान भट्टारक, सोमदेव, वीरनन्दि, हेमचन्द्र, आशाधर, सकलकीर्ति आदि सैकडों आचार्य एवं विद्वान् हुये हैं जिन्होंने संस्कृत भाषा मे विविध विषयों पर सैकडों ग्रंथ लिखे हैं जो इन भंडारों मे मिलते हैं। यही नहीं इन्होंने अजैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये काव्य एवं नाटकों की टीकाये भी लिखी हैं। संस्कृत भाषा मे लिखे हुये यशस्तिलक चम्पू, वीरनन्दि का चन्द्रप्रभकाव्य, वर्द्धमानदेव का वरांगचरित्र आदि ऐसे काव्य हैं जिन्हें किसी भी महाकाव्य के समकक्ष बिठाया जा सकता है। इसी तरह संस्कृत भाषा में लिखा हुआ जैनाचार्यों का दर्शन एवं न्याय साहित्य भी उच्च कोटि का है।

प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषा के क्षेत्र मे तो केवल जैनाचार्यों का ही अधिकांशत योगदान है। इन भाषाओं के अधिकांश ग्रथ जैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये ही मिलते हैं। ग्रंथ सूची मे अपभ्रंश मे एवं प्राकृत भाषा मे लिखे हुये पर्याप्त ग्रंथ आये हैं। महाकवि स्वयंभू, पुष्पदंत, अमरकीर्ति, नयनन्दि जैसे महाकवियों का अपभ्रंश भाषा मे उच्च कोटि का साहित्य मिलता है। अब तक इस भाषा के १०० से[1] भी अधिक ग्रंथ मिल चुके हैं और वे सभी जैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये हैं।

इसी तरह हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के ग्रंथों के संबंध मे भी हमारा यही मत है कि इन भाषाओं की जैन विद्वानों ने खूब सेवा की है। हिन्दी के प्रारंभिक युग मे जब कि इस भाषा मे साहित्य निर्माण करना विद्वत्ता से परे समझा जाता था, जैन विद्वानों ने हिन्दी मे साहित्य निर्माण करना प्रारम्भ किया था। जयपुर के इन भंडारों मे हमे १३ वीं शताब्दी तक की रचनाएं मिल चुकी हैं। इनमे जिनदत्त चौपई सबसे प्रमुख है जो संवत् १३५४ (१२९७ ई) में रची गयी थी। इसी प्रकार भ० सकलकीर्ति, ब्रह्म जिनदास, भट्टारक भुवनकीर्ति, ज्ञानभूषण, शुभचन्द्र, छीहल, बूचराज, ठक्कुरसी, पल्ह आदि विद्वानों का बहुतसा प्राचीन साहित्य इन भंडारों में प्राप्त हुआ है। जैन विद्वानों द्वारा लिखे हुये हिन्दी एवं राजस्थानी साहित्य के अतिरिक्त जैनेतर विद्वानों द्वारा लिखे हुये ग्रंथों का भी यहां अच्छा संकलन है। पृथ्वीराज कृत कृष्णरुक्मिणी वेलि, बिहारी सतसई, केशवदास की रसिकप्रिया, सूर एवं कबीर आदि कवियों के हिन्दीपद, जयपुर के इन भंडारों मे प्राप्त हुये हैं। जैन विद्वान कभी कभी एक ही रचना मे एक से अधिक भाषाओं का प्रयोग भी करते थे। धर्मचन्द्र प्रबन्ध इस दृष्टि से अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है।

---

१ देखिये कासलीवालजी द्वारा लिखे हुये Jain Granth Bhandars in Rajsthan का चतुर्थ परिशिष्ट।

स्वयं ग्रंथकारों द्वारा लिखे हुये ग्रंथों की मूल प्रतियां

जैन विद्वान् ग्रंथ रचना के अतिरिक्त स्वयं ग्रंथों की प्रतिलिपियां भी किया करते थे। इन विद्वानों द्वारा लिखे गये ग्रंथों की पाण्डुलिपियां राष्ट्र की धरोहर एवं अमूल्य सम्पत्ति हैं। ऐसी पाण्डुलिपियों का प्राप्त होना सहज बात नहीं है लेकिन जयपुर के इन भंडारों में हमें स्वयं विद्वानों द्वारा लिखी हुई निम्न पाण्डुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं।

सूची की क सं	ग्रंथकार	ग्रंथ नाम	लिपि संवत
८४८	कनककीर्ति के शिष्य सदाराम	पुरुषार्थ सिद्धयुपाय	१७०७
१०४२	रत्नकरण्डश्रावकाचार भाषा	सदासुख कासलीवाल	१९२०
६७	गोम्मटसार जीवकांड भाषा	पं टोडरमल	१८ वी शताब्दी
२६२५	नाममाला	प० भारामल्ल	१६४३
३६५२	पंचमंगलपाठ	मुंशालचन्द काला	१८४४
५४३३	शीलरासा	जोधराज गोदीका	१७५०
५३८२	मिथ्यात्व खंडन	बखतराम साह	१८३५
५७२८	गुटका	टेकचंद	—
५६५७	परमात्म प्रकाश एवं तत्वसार	डालूराम	—
६०४४	छीयालीस ठाणा	ब्रह्मरायमल्ल	१६१३

गुटकों का महत्व

शास्त्र भंडारों में हस्तलिखित ग्रंथों के अतिरिक्त गुटके भी संग्रह में होते हैं। साहित्यिक रचनाओं के संकलन की दृष्टि से ये गुटके बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इनमें विविध विषयों पर संकलन किये हुए कभी कभी ऐसे पाठ मिलते हैं जो अन्यत्र नहीं मिलते। ग्रंथ सूची में आये हुये बारह भंडारों में ८२० गुटके हैं। इनमें सबसे अधिक गुटके अ भंडार में हैं। अधिकांश गुटकों में पूजा स्तोत्र एवं कथायें ही मिलती हैं लेकिन प्रत्येक भंडार में कुछ गुटके ऐसे भी मिल जाते हैं जिनमें प्राचीन एवं अलभ्य पाठों का संग्रह होता है। ऐसे गुटकों का अ, ज, झ एवं ट भंडार में अच्छा संकलन है। १३ वी शताब्दी की हिन्दी रचना जिनदत्त चौपई अ भंडार के एक गुटके में ही प्राप्त हुई है। इसी तरह अपभ्रंश की कितनी ही कथायें, ब्रह्मजिनदास, शुभचन्द्र, छीहल, ठक्कुरसी, पल्ह, मनराम आदि प्राचीन कवियों की रचनायें भी इन्हीं गुटकों में मिली हैं। हिन्दी पदों के संकलन के तो ये एकमात्र स्रोत हैं। अधिकांश हिन्दी विद्वानों का पद साहित्य इनमें संकलित किया हुआ होता है। एक एक गुटके में कभी कभी तो ३००, ४०० पद संग्रह किये हुये मिलते हैं। इन गुटकों में ही ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध होती है। पट्टावलियां, छन्द, गीत, वंशावलि, बादशाहों के विवरण, नगरों की बसापत आदि सभी इनमें

ही मिलते हैं। प्रत्येक शास्त्र भंडार के व्यवस्थापकों का कर्त्तव्य है कि वे अपने यहां के गुटकों को बहुत ही सम्हाल कर रखें जिसमे वे नष्ट नहीं होने पावें क्योंकि हमने देखा है कि बहुत से भंडारों के गुटके बिना वेष्टनों में बंधे हुये ही रखे रहते हैं और इस तरह धीरे धीरे उन्हें नष्ट होने की मानों आज्ञा देदी जाती है।

शास्त्र भंडारों की सुरक्षा के संबंध में :

राजस्थान के शास्त्र भंडार अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं इसलिये उनकी सुरक्षा के प्रश्न पर सबसे पहिले विचार किया जाना चाहिये। छोटे छोटे गांवों में जहां जैनों के एक-एक दो-दो घर रह गये हैं वहां उनकी सुरक्षा होना अत्यधिक कठिन है। इसके अतिरिक्त कस्बों की भी यही दशा है। वहां भी जैन समाज का शास्त्र भंडारों की ओर कोई ध्यान नहीं है। एक तो आजकल छपे हुये ग्रंथ मिलने के कारण हस्तलिखित ग्रंथों की कोई स्वाध्याय नहीं करते हैं, दूसरे वे लोग इनके महत्व को भी नहीं समझते हैं। इसलिये समाज को हस्तलिखित ग्रंथों की सुरक्षा के लिये ऐसा कोई उपाय ढूंढना चाहिये जिससे उनका उपयोग भी होता रहे तथा वे सुरक्षित भी रह सकें। यह तो निश्चित ही है कि छपे हुए ग्रंथ मिलने पर इन्हें कोई पढ़ना नहीं चाहता। इसके अतिरिक्त इस ओर रुचि न होने के कारण आगे आने वाली सन्तति तो इन्हें पढ़ना ही भूल जावेगी। इसलिये यह निश्चित सा है कि भविष्य में ये ग्रंथ केवल विद्वानों के लिये ही उपयोगी रहेंगे और वे ही इन्हें पढ़ना तथा देखना अधिक पसन्द करेंगे।

ग्रंथ भंडारों की सुरक्षा के लिये हमारा यह सुझाव है कि राजस्थान के अभी सभी जिलों के कार्यालयों पर इनका एक एक संग्रहालय स्थापित हो तथा उप प्रान्त के सभी शास्त्र भंडारों के ग्रंथ उन संग्रहालय में संग्रहीत कर लिये जावें, किन्तु यदि किसी किसी उपजिलों एवं कस्बों में भी जैनों की अच्छी बस्ती है तो उन्हीं स्थानों पर भंडारों को रहने दिया जावे। जिलेवार यदि संग्रहालय स्थापित हो जावें तो वहां रिसर्च स्कालर्स आसानी से पहुंच कर उनका उपयोग कर सकते हैं तथा उनकी सुरक्षा का भी पूर्णतः प्रबन्ध हो सकता है। इसके अतिरिक्त राजस्थान में जयपुर, अलवर, भरतपुर, नागौर, कोटा, बूंदी, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाडा आदि स्थानों पर इनके बड़े बड़े संग्रहालय खोल दिये जावें तथा अनुसन्धान प्रेमियों को उन्हें देखने एवं पढ़ने की पूरी सुविधाएं दी जावें तो ये हस्तलिखित के ग्रंथ फिर भी सुरक्षित रह सकते हैं अन्यथा उनका सुरक्षित रहना बड़ा कठिन होगा।

जयपुर के भी कुछ शास्त्र भंडारों को छोड़कर अन्य भंडार कोई विशेष अच्छी स्थिति में नहीं हैं। जयपुर के अब तक हमने १६ भंडारों की सूची तैयार की है लेकिन किसी भंडार में वेष्टन नहीं हैं तो कहीं बिना पुठों के ही शास्त्र रखे हुये हैं। हमारी इस असावधानी के कारण ही सैकड़ों ग्रंथ अपूर्ण हो गये हैं। यदि जयपुर के शास्त्र भंडारों के ग्रंथों का संग्रह एक केन्द्रीय संग्रहालय में कर लिया जावे तो उस

समय हमारा यह संग्रहालय जयपुर के दर्शनीय स्थानों में से गिना जायेगा। प्रति वर्ष सैकड़ों की संख्या में शोध विद्यार्थी आवेंगे और जैन साहित्य के विविध विषयों पर खोज कर सकेंगे। इस संग्रहालय में शास्त्रों की पूर्ण सुरक्षा का ध्यान रखा जावे और इसका पूर्ण प्रबन्ध एक संस्था के अधीन हो। आशा है जयपुर का जैन समाज हमारे इस निवेदन पर ध्यान देगा और शास्त्रों की सुरक्षा एवं उनके उपयोग के लिये कोई निश्चित योजना बना सकेगा।

ग्रंथ सूची के सम्बन्ध में

ग्रंथ सूची के इस भाग को हमने सर्वांग सुन्दर बनाने का पूर्ण प्रयास किया है। प्राचीन एवं अज्ञात ग्रंथों की ग्रंथ प्रशस्ति एवं लेखक प्रशस्तियां दी गई हैं जिनसे विद्वानों को उनके कर्त्ता एवं लेखनकाल के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी मिल सके। गुटकों में महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध होती है इसलिये बहुत से गुटकों के पूरे पाठ एवं शेष गुटकों के उल्लेखनीय पाठ दिये हैं। ग्रंथ सूची के अन्त में ग्रंथानुक्रमणिका, ग्रंथ एवं ग्रंथकार, ग्राम नगर एवं उनके शासकों का उल्लेख य चार परिशिष्ट दिये हैं। ग्रंथानुक्रमणिका को देखकर सूची में आये हुये किसी भी ग्रंथ का परिचय शीघ्र मालूम किया जा सकता है क्योंकि बहुत से ग्रंथों के नाम से उनके विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती। ग्रंथानुक्रमणिका में ४२०० ग्रंथों का उल्लेख आया है जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि ग्रंथ सूची में निर्दिष्ट ये सभी ग्रंथ मूल ग्रंथ हैं तथा शेष उन्हीं की प्रतियां हैं। इसी प्रकार ग्रंथ एवं ग्रंथकार परिशिष्ट से एक ही ग्रंथकार के इस सूची में कितने ग्रंथ आये हैं इसकी पूर्ण जानकारी मिल सकती है। ग्राम एवं नगरों के परिशिष्ट में इन भंडारों में किस किस ग्राम एवं नगरों में रचे हुये एवं लिखे हुये ग्रंथ संग्रहीत हैं यह जाना जा सकता है। इसके अतिरिक्त ये नगर कितने प्राचीन थे एवं उनमें साहित्यिक गतिविधियां किस प्रकार चलती थी इसका भी हमें आभास मिल सकता है। शासकों के परिशिष्ट में राजस्थान एवं भारत के विभिन्न राजा, महाराजा एवं बादशाहों के समय एवं उनके राज्य के सम्बन्ध में कुछ २ परिचय प्राप्त हो जाता है। ऐतिहासिक तथ्यों के संकलन में इस प्रकार के उल्लेख बहुत प्रामाणिक एवं महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। प्रस्तावना में ग्रंथ भंडारों के संक्षिप्त परिचय के अतिरिक्त अन्त में ४१ अज्ञात ग्रंथों का परिचय भी दिया गया है जो इन ग्रंथों की जानकारी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। प्रस्तावना के साथ में ही एक अज्ञात एवं महत्वपूर्ण ग्रंथों की सूची भी दी गई है इस प्रकार ग्रंथ सूची के इस भाग में अन्य सूचियों से सभी तरह की अधिक जानकारी देने का पूर्ण प्रयास किया है जिससे पाठक अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। ग्रंथों के नाम, ग्रंथकर्त्ता का नाम, उनके रचनाकाल, भाषा आदि के साथ-साथ उनके आदि अन्त भाग पूर्णतः ठीक २ देने का प्रयास किया गया है फिर भी कमियां रहना स्वाभाविक है। इसलिये विद्वानों से हमारा उदार दृष्टि अपनाने का अनुरोध है तथा यदि कहीं कोई कमी हो तो हमें सूचित करने का कष्ट करें जिससे भविष्य में इन कमियों को दूर किया जा सके।

धन्यवाद समर्पण

हम सर्व प्रथम क्षेत्र की प्रबन्ध कारिणी कमेटी एवं विशेषतः उसके मंत्री महोदय श्री केशरलालजी बख्शी को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने ग्रंथ सूची के चतुर्थ भाग को प्रकाशित करवा कर समाज एवं जैन साहित्य की खोज करने वाले विद्यार्थियों का महान् उपकार किया है। क्षेत्र कमेटी द्वारा जो साहित्य शोध संस्थान संचालित हो रहा है वह सम्पूर्ण जैन समाज के लिये अनुकरणीय है एवं उसे नई दिशा की ओर ले जाने वाला है। भविष्य में शोध संस्थान के कार्य का और भी विस्तार किया जावेगा ऐसी हमें आशा है। ग्रंथ सूची में उल्लिखित सभी शास्त्र भंडार के व्यवस्थापक महोदयों को एवं विशेषत श्री नथमलजी बज, समीरमलजी छाबड़ा, पूनमचंदजी सोगाणी, इन्दरलालजी पापड़ीवाल एवं सोहनलालजी सोगाणी, अनूपचंदजी दीवाण, भंवरलालजी न्यायतीर्थ, राजमलजी गोधा, प्रो० सुल्तानसिंहजी, कपूरचंदजी रांवका, आदि सज्जनों के हम पूर्ण आभारी हैं जिन्होंने हमें ग्रंथ भंडार की सूचियां बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया एवं अब भी समय समय पर भंडार के ग्रंथ दिखलाने में सहयोग देते रहते हैं। श्रद्धेय पं० चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ के प्रति हम कृतज्ञांजलियां अर्पित करते हैं जिनकी सतत प्रेरणा एवं मार्ग-दर्शन से साहित्योद्धार का यह कार्य दिया जा रहा है। हमारे सहयोगी भा० सुगनचंदजी को भी हम धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकते जिनका ग्रंथ सूची को तैयार करने में हमें पूर्ण सहयोग मिला है। जैन साहित्य सदन देहली के व्यवस्थापक पं. परमानन्दजी शास्त्री के भी हम हृदय से आभारी हैं। जिन्होंने सूची के एक भाग को देखकर आवश्यक सुझाव देने का कष्ट किया है।

अन्त में आदरणीय डा वासुदेवशरणजी सा अग्रवाल, अध्यक्ष हिन्दी विभाग काशी विश्व-विद्यालय, वाराणसी के हम पूर्ण आभारी हैं जिन्होंने ग्रंथ सूची की भूमिका लिखने की कृपा की है। डाक्टर सा का हमें सदैव मार्ग-दर्शन मिलता रहता है जिसके लिये उनके हम पूर्ण कृतज्ञ हैं।

महावीर भवन, जयपुर
दिनाक १०-११-६१

कस्तूरचंद कासलीवाल
अनूपचंद न्यायतीर्थ

प्राचीन एव अज्ञात रचनाओं का परिचय

१ अमृतधर्मरस काव्य

श्रावक धर्म पर यह एक सुन्दर एवं सरस संस्कृत काव्य है। काव्य में २४ प्रकरण हैं भट्टारक गुणचन्द्र इसके रचयिता हैं जिन्होंने इसे सोहट के पुत्र सावलदास के पठनार्थ लिखा था। स्वयं भ थकार ने अपनी प्रशस्ति निम्न प्रकार लिखी है—

पट्टे श्रीकुन्दकुन्दाचार्ये तत्पट्टे श्रीसकलकीर्ति तत्पट्टे श्रीत्रिभुवनकीर्तिदेव तत्पट्टे श्री गुरु-रत्नकीर्ति तत्पट्टे श्री श्रीगुणचन्द्रदेवभट्टारकविरचितमहाकाव्य धर्मोपदेशार्थे सोहट सुत पंडित श्री सावलदास पठनार्थ ॥ काव्य की एक प्रति भ भंडार में है। प्रति अपूर्ण है तथा उसमें प्रथम २ पृष्ठ नहीं है।

२ आध्यात्मिक गाथा

इस रचना का दूसरा नाम पट्पद छप्पय है। यह भट्टारक लक्ष्मीचन्द्र की रचना है जो संभवतः भट्टारक सकलकीर्ति की परम्परा में हुये थे। रचना अपभ्रंश भाषा में निबद्ध है तथा काव्यकोटि की है। इसमें संसार की नश्वरता का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया गया है। इसमें ९८ पद हैं। एक पद नीचे देखिये—

विरला जाणंति गुणो विरला सेवंति अप्पणो सामि, विरला ससहावरया परदव्व परम्मुहा विरला।
ते विरला जगि अत्थि किंकिवि परवत्थु ण इच्छहिं, ते विरला ससहाव करहिं रुइ णियमणि णिच्छहिं॥
विरला सेवहिं सामि णियसु णिय देह वसंतउ, विरला जाणहिं अप्पु शुद्ध चेयणा गुणवंतउ।
भणु पचणु शुद्धह सहिवि सरवय इम्मु अप्पु णियच, जिणु एम पयंपइ णिम्मुणि पुँ गाह भणिण छप्पउ कियउ॥

इसकी एक प्रति भ भंडार में सुरक्षित है। यह प्रति आचार्य नेमिचन्द्र के पढ़ने के लिये लिखी गई थी।

३ आराधनासार प्रबन्ध

आराधनासार प्रबन्ध में मुनि प्रभाचन्द्र विरचित संस्कृत कथाओं का संग्रह है। मुनि प्रभाचन्द्र देवेन्द्रकीर्ति के शिष्य थे। किन्तु प्रभाचन्द्र के शिष्य थे मुनि पद्मनंदि जिनके द्वारा विरचित 'वर्द्ध मान पुराण' का परिचय आगे दिया गया है। प्रभाचन्द ने प्रत्येक कथा के अन्त में अपना परिचय दिया है। एक परिचय देखिये—

श्रीमूलसंघे वरभारतीये गच्छे बलात्कारगणेति रम्ये।
श्रीकुन्दकुन्दाख्यमुनीन्द्रवंशे जातं प्रभाचन्द्रमहायतीन्द्र ॥

देवेन्द्रचन्द्रार्कसम्मर्चितेन तेन प्रभाचन्दमुनीश्वरेण ।
अनुग्रहार्थं रचितः सुवाक्यैः आराधनासारकथाप्रबन्धः ॥
तेन क्रमेणैव मया स्वशक्त्या श्लोकैः प्रसिद्धै श्चनिगद्यते च ।
मार्गेण किं भानुकरप्रकाशे स्वलीलया गच्छति सर्वलोके ॥

आराधनासार बहुत सुन्दर कथा ग्रंथ है । यह अभीतक अप्रकाशित है ।

४ कवि वल्लभ

क भंडार में हरिचरणदास कृत दो रचनायें उपलब्ध हुई हैं । एक विहारी सतसई पर हिन्दी गद्य टीका है तथा दूसरी रचना कवि वल्लभ है । हरिचरणदास ने कृष्णोपासक प्राणनाथ के पास विहारी सतसई का अध्ययन किया था । ये श्रीनन्द पुरोहित की जाति के थे तथा 'मोहन' उनके आश्रयदाता थे जो बहुत ही उदार प्रकृति के थे । विहारी सतसई पर टीका इन्होंने संवत् १८३४ में समाप्त की थी । इसके एक वर्ष पश्चात् इन्होंने कविवल्लभ की रचना की । इसमें काव्य के लक्षणों का वर्णन किया गया है । पूरे काव्य में २८४ पद्य हैं । संवत् १८५२ में लिखी हुई एक प्रति क भंडार में सुरक्षित है ।

५ उपदेशसिद्धान्तरत्नमाला भाषा

देवीसिंह छाबडा १८ वीं शताब्दी के हिन्दी भाषा के विद्वान थे । ये जिनदास के पुत्र थे। संवत् १७६६ में इन्होंने श्रावक माधोदास गोलालारे के आग्रह वश उपदेश सिद्धान्तरत्नमाला की छन्दोबद्ध रचना की थी । मूल ग्रंथ प्राकृत भाषा का है और वह नेमिचन्द्र भंडारी द्वारा रचित है। कवि नरवर निवासी थे जहां कूर्म वंश के राजा छत्रसिंह का राज्य था ।

उपदेश सिद्धान्तरत्नमाला भाषा हिन्दी का एक सुन्दर ग्रंथ है जो पूर्णतः प्रकाशन योग्य है। पूरे ग्रंथ में १६८ पद्य हैं जो दोहा, चौपई, चौबोला, गीताछंद, नाराच, सोरठा आदि छन्दों में निबद्ध है । कवि ने ग्रंथ समाप्ति पर जो अपना परिचय दिया है वह निम्न प्रकार है—

वातसल गोती सूचरो, संचई सकल बखान ।
गोलालारे सुभमती, माधोदास सुजान ॥१६०॥

चौपई

महाकठिन प्राकृत की वांनी, जगत मांहि प्रगट सुखदानी ।
या विधि चिंता मनि सुभाषी, भाषा छंद मांहि अभिलाषी ॥
श्री जिनदास तनुज लघु भाषा, खंडेलवाल सावरा साखा ।
देवीस्यंघ नाम सब भाषै, कवित मांहि चिंता मनि राखै ॥

गीता छन्द

श्री सिद्धान्त उपदेशमाला रतनगुन मंडित करी।
सम सुकवि कंठा करहु, भूषित सुमनसोभित विधिकरी ॥
जिम सूर्य के प्रकास सेती तम वितान विलात है।
इमि पढै परमागम सुवानी मिथ्त रुचि अपघात है ॥

दोहा

सुगविधान नरवरपती, छत्रसंध अवतंस।
कीरति वंत प्रवीन मति, राजत कूरम वंश ॥१६४॥
ताके राज सुचैन सौं, बिनां ईति अरु भीति।
रच्यो ग्रन्थ सिद्धान्त सुभ, पर उपगार सुनीति ॥१६५॥
सत्रहसै अरु छप्पनै, संवत् विक्रमराज।
भादव सुदि एकादसी, शनिदिन सुविधि समाज ॥१६६॥
ग्रन्थ कियो पूरन सुविधि नरवर नगर मंझार।
जे समझै याको अरथ ते पावै भवपार ॥१६७॥

चौबोला

सावन वदि की तीज आदि सौ आरंभ्यो यह ग्रन्थ।
भादव वदि एकादशि तक लौं परमपुन्य को पंथ ॥
एक महिना आठ दिना मैं कियौ समापत जानि।
पढै सुनै प्रकटै चिंतामनि बोध सदा सुख दानि ॥१६८॥

इति उपदेशसिद्धांतरत्नमाला भाषा ॥

६ गोम्मटसार टीका

गोम्मटसार की यह संस्कृत टीका भा० सकलभूषण द्वारा विरचित है। टीका के प्रारम्भ में लिपिकार ने टीकाकार के विषय में लिखा है वह निम्न प्रकार है—

"अथ गोम्मटसार ग्रन्थ गाथा बंध टीका करणाटक भाषा में है उसके अनुसार सकलभूषण नै संस्कृत टीका बनाई सो लिखिये है।

टीका का नाम मन्दप्रबोधिका है जिसका टीकाकार ने मंगलाचरण में ही उल्लेख किया है—

मुनिं सिद्धं प्रणम्याहं नेमिचन्द्रजिनेश्वरं ।
टीकां गुम्मटसारस्य कुर्वे मंदप्रबोधिकां ॥१॥

लेकिन अभयचन्द्राचार्य ने जो गोम्मटसार पर संस्कृत टीका लिखी थी उसका नाम भी मन्द-प्रबोधिका ही है । [1]मुख्तार साहब ने उसको गाथा नं० ३८३ तक ही पाया जाना लिखा है, लेकिन जयपुर के 'क' भण्डार में संग्रहीत इस प्रति में आ० सकल भूषण दिया है । इसकी विद्वानों द्वारा विस्तृत खोज होनी चाहिये । टीका के अन्त में जो टीकाकाल लिखा है वह संवत् १५७६ का है ।

विक्रमादित्यभूपस्य विख्यातो च मनोहरे ।
दशपंचशते वर्षे षड्भिः संयुतसप्ततौ (१५७६)

टीका का आदि भाग निम्न प्रकार है:—

श्रीमदप्रतिहतप्रभावस्याद्वादशासन-गुहाअंतरनिवासि प्रवादिमदांधसिंधुरसिंहायमानसिंहनंदि मुनींद्राभिनंदित गंगवंशललामराज सर्वज्ञाद्यनेकगुणनामधेय-श्रीमद्रामल्लदेव महावल्लभ—महामात्य पदविराजमान रणरंगमल्लसहाय पराक्रमगुणरत्नभूषण सम्यक्त्वरत्ननिलयादिविविधगुणनाम समासादितकीर्तिकांतश्रीमच्चामुंडराय भव्यपुंडरीक द्रव्यानुयोगप्रश्नानुरूपरूपं महाकर्म्मप्राभृतसिद्धान्त जीवस्थानाख्यप्रथमखंडार्थसंग्रहं गोम्मटसारनामधेयं पंचसंग्रहशास्त्र प्रारभ समस्तसैद्धान्तिकचूडामणि श्रीमन्नेमिचंद्रसैद्धान्तचक्रवर्ति तद् गोमटसारप्रथमावयवभूतं जीवकांडं विरचयस्तत्रादौमलगालनपुण्यावाप्ति शिष्टाचारपरिपालननास्तिकतापरिहारादिफलजननसमर्थं विशिष्टेष्टदेवतानमस्काररूपधर मंगलपूर्वक प्रकृतशास्त्रकथनप्रतिज्ञासूचकं गाथा सूचकं कथयति ।

अन्तिम भाग

नत्वा श्रीवर्द्धमानांतान् वृषभादि जिनेश्वरान् ।
धर्ममार्गोपदेशत्वात् सर्व्वकल्याणदायिकान् ॥ १ ॥
श्रीचन्द्रादिप्रभांतं च नत्वा स्याद्वाददेशकं ।
श्रीमद्गुम्मटसारस्य कुर्व्वे शस्तां प्रशस्तिकां ॥ २ ॥
श्रीमतः शकराजस्य शाके वर्त्तति सुन्दरे ।
चतुर्दशशते चैक-चत्वारिंशत्-समन्विते ॥ ३ ॥
विक्रमादित्यभूपस्य विख्याते च मनोहरे ।
दशपंचशते वर्षे षड्भि संयुतसप्ततौ ॥ ४ ॥

१. देखिये पुरातन जैन वाक्य सूची प्रस्तावना पत्र ८८ :

कार्तिके चासिते पक्षे त्रयोदश्यां शुभ दिने ।
शुक्रे च हस्तनक्षत्रे योगो च प्रीति नामनि ॥ ५ ॥
श्रीमच्छ्रीमूलसंघे च नंद्याम्नाये सद्गणे ।
बलात्कारे जगन्नमे गच्छे सारस्वताभिधे ॥ ६ ॥
श्रीमत्कुंदकुंदस्य सूरेरन्वयके भवत् ।
पद्मानंदि दित्याख्यो भट्टारकविचक्षण ॥ ७ ॥
तत्पट्टांभोजमार्तंडः चंद्रांशुरिव शुभादिक ।
तस्य शिष्योभवच्छ्रीमान् जिनचंद्राभिधोगणी ॥ ८ ॥
तत्पट्टे सद्गुणैर्युक्तो भट्टारकपदेश्वर ।
पंचाचाररतो नित्यं प्रभाचंद्रो जितेन्द्रिय ॥ ९ ॥
तत्शिष्यो धर्मचन्द्रश्च तत्कर्मांबुधि चंद्रमा ।
तदाम्नाये भवत भव्यास्ते वर्तते यथाक्रमं ॥१०॥
पुरे नागपुर रम्ये राज्ये महमदखानके ।
पाटणीगोत्रके पुर्ये खंडेलवालान्वयभूषणे ॥११॥
दानादिभिर्गुणैर्युक्तः वणमनामविचक्षण ।
तस्य भार्या भवत् शीला रूणामी चाभिधानिका ॥१२॥
तयो पुत्रः समाख्यात पर्वताख्यो विचारक ।
राज्यमान्यो जनै सेव्य संघभारधुरंधर ॥१३॥
तस्य भार्यास्ति सत्साध्वी पर्वतश्रीति नामिका ।
शीलादिगुणसंपन्ना पुत्रत्रयसमन्विता ॥१४॥
प्रथमो जिनदासाख्यो धर्मभारधुरंधर ।
तस्य भार्या भवत्साध्वी चौप्पादेयिविचक्षणा ॥१५॥
दानादिगुणसंयुक्ता द्वितीया च सुहागिणी ।
प्रथमायास्तु पुत्रः स्यात् नेमपालो गुणान्वितो ॥१६॥
द्वितीयो देवदत्ताख्यो गुरुभक्तः प्रसन्नधी ।
पतिव्रता गुणैर्युक्ता भार्यादेवासिरीति च ॥१७॥
पितुर्भक्तो गुणैर्युक्तो डोलानामा तृतीयक ।
डोलादेया च तद्भार्या डोलश्री द्वितीयिका ॥१८॥
लिख्यापि दत्त विलिखे सुभक्तित ।
सिद्धान्तसारस्त्रमिदं हि गुम्मट ॥

धर्मादिचंद्राय स्वकर्महानये।
हितोकये श्री सुखिने नियुक्तये ॥१६॥

७ चन्दनमलयागिरि कथा

चन्दनमलयागिरि की कथा हिन्दी की प्रेम कथाओं में प्रसिद्ध कथा है। यह रचना मुनि भद्र-सेन की है जिसका वर्णन उन्होंने निम्न प्रकार किया है—

मम उपकारी परमगुरु, गुण अक्षर दातार, वंदे ताके चरण जुग, भद्रसेन मुनि सार ॥३॥

रचना की भाषा पर राजस्थानी का पूर्ण प्रभाव है। कुछ पद्य पाठकों के अवलोकनार्थ नीचे दिये जा रहे हैं:—

सीतल जल सरवर भरे, कमल मधुप झणकार। पणघट पांणी भरण कौं, लार बहुत पणिहार॥

× × × × ×

चंदन विनु मलयागरी, दिन दिन सूकत जात। ज्यौं पावस जलधार विनु, वनवेली कुमिलात॥

× × × × ×

अगनि मांझि जरिवौ भलौ, भलौ ज विष कौ पान। शील खंडिवौ नहिं भलौ, कहि कछु शील समान॥

× × × × ×

चंदन आवत देखि करि, ऊठि दियो सनमान। उतरौ आपणौ धाम है, हम तुम होई पिछान॥

रचना में कहीं कहीं गाथायें भी उद्धृत की हुई हैं। पद्य संख्या १८८ है। रचनाकाल एवं लेखन काल दोनों ही नहीं दिये हुये हैं लेकिन प्रति की प्राचीनता की दृष्टि से रचना १७ वीं शताब्दी की होनी चाहिये। भाषा एवं शैली की दृष्टि से रचना सुन्दर है। श्री मोतीलाल[1] मेनारिया ने इसका रचना काल सं १६७५ माना है। इसका दूसरा नाम कलिकापंचमी[2] कथा भी मिलता है। अभीतक भद्रसेन की एक ही रचना उपलब्ध हुई है। इस रचना की एक सचित्र प्रति अभी हाल में ही हमें भट्टारकीय शास्त्र भंडार डूंगरपुर में प्राप्त हुई है।

८ चारुदत्त चरित्र

यह कल्याणकीर्ति की रचना है। ये भट्टारक सकलकीर्ति की परम्परा में होने वाले मुनि देव-कीर्ति के शिष्य थे। कल्याणकीर्ति ने चारुदत्त चरित्र को संवत् १६६२ में समाप्त किया था। रचना में

---

१. राजस्थानी भाषा और साहित्य पृष्ठ सं० १६१

२ राजस्थान के जैन शास्त्र भंडारो की ग्रंथ सूची भाग २ पृ० स० २३६

सेठ चारुदत्त के जीवन पर प्रकाश डाला गया है। रचना चौपई एवं दूहा छन्द में है लेकिन राग भिन्न भिन्न है। इसका दूसरा नाम चारुदत्तरास भी है।

कल्याणकीर्ति १७ वीं शताब्दी के विद्वान् थे। अब तक इनकी पार्श्वनाथ[1] रासो (सं० १६६७) बावनी[2], जीरावलि पार्श्वनाथ स्तवन (स०) नवग्रह स्तवन (सं०) तीर्थङ्कर विनती[3] (सं० १७२३) आदी श्वर[4] बधावा आदि रचनायें मिल चुकी है।

९ चौरासी जातिजयमाल

ब्रह्म जिनदास १५ वीं शताब्दी के प्रसिद्ध विद्वान् थे। ये संस्कृत एवं हिन्दी दोनों के ही अगाध विद्वान थे तथा इन दोनों ही भाषाओं में इनकी ६० से भी अधिक रचनायें उपलब्ध होती हैं। जयपुर के इन भंडारों में भी इनकी अभी कितनी ही रचनायें मिली हैं जिनमें से चौरासी जातिजयमाल का वर्णन यहां दिया जा रहा है।

चौरासी जातिजयमाल में माला की बोली के उत्सव में सम्मिलित होने वाली ८४ जैन जातियों का नामोल्लेख किया है। माला की बोली बढाने में एक जाति से दूसरी जाति वाले व्यक्तियों में बड़ी उत्सुकता रहती थी। इस जयमाल में सबसे पहिले गोलालार अन्त में चतुर्थ जैन श्रावक जाति का उल्लेख किया गया है। रचना ऐतिहासिक है एवं इसकी भाषा हिन्दी (राजस्थानी) है। इसमें कुल ४१ पद्य हैं। ब्रह्म जिनदास ने जयमाल के अन्त में अपना नामोल्लेख निम्न प्रकार किया है।

> ते समकित वंतह बहु गुण जुत्तई, माल सुणो तहमे एकमनि।
> ब्रह्म जिनदास भासें विबुध प्रकासे, पढई गुणे ते धन्न धनि ॥४१॥

इसी चौरासी जाति जयमाला समाप्त।

इति जयमाल के आगे चौरासी जाति की दूसरी जयमाल है जिसमें २६ पद्य हैं और वह संभवत किसी अन्य कवि की है।

१० जिनदत्तचौपई

जिनदत्त चौपई हिन्दी का आदिकालिक काव्य है जिसको रल्ह कवि ने संवत् १३५४ (सन् १२९७) भादवा सुदी पंचमी के दिन समाप्त किया था।

---

१ राजस्थान जैन शास्त्र भंडारों की ग्रन्थ सूची भाग २ पृष्ठ ७४
२ „ „ „ पृष्ठ १ १
३ „ „ भाग ३ पृष्ठ १४१
४ „ „ „ पृष्ठ १५२

संवत् तेरहसे चउवण्णे, भादव सुदिपंचमगुरु दिण्णे।
स्वाति नखत्त चंदु तुलहती, कवइ रल्हु पणवइ सुरसती ।।२८।।

कवि जैन धर्मावलम्बी थे तथा जाति से जैसवाल थे। इनकी माता का नाम सिरीया तथा पिता का नाम आते था।

जइसवाल कुलि उत्तम जाति, बाईसइ पाडल उतपाति।
पंचऊलीया आतेकउपूतु, कवइ रल्हु जिणदत्तु चरित्तु ।।

जिनदत्त चौपई कथा प्रधान काव्य है इसमें कविने अपनी काव्यत्व शक्ति का अधिक प्रदर्शन न करते हुये कथा का ही सुन्दर रीति से प्रतिपादन किया है। ग्रंथ का आधार पं. लाखू द्वारा विरचित जिणयत्तचरिउ (सं १२७५) है जिसका उल्लेख स्वयं ग्रंथकार ने किया है।

मइ जोयउ जिनदत्तपुराणु, लाखू विरयउ अइसू पमाण ।।

ग्रंथ निर्माण के समय भारत पर अलाउद्दीन खिलजी का राज्य था। रचना प्रधानत. चौपई छन्द मे निबद्ध है किन्तु वस्तुबंध, दोहा, नाराच, अर्धनाराच आदि छन्दों का भी कहीं २ प्रयोग हुआ है। इसमें कुल पद्य ५५४ हैं। रचना की भाषा हिन्दी है जिस पर अपभ्रंश का अधिक प्रभाव है। वैसे भाषा सरल एवं सरस है। अधिकांश शब्दों को उकारान्त बनाकर प्रयोग किया गया है जो उस समय की परम्परा सी मालूम होती है। काव्य कथा प्रधान होने पर भी उसमें रोमांचकता है तथा काव्य में पाठकों की उत्सुकता बनी रहती है।

काव्य मे जिनदत्त मगध देशान्तर्गत वसन्तपुर नगर सेठ के पुत्र जीवदेव का पुत्र था। जिनेन्द्र भगवान की पूजा अर्चना करने से प्राप्त होने के कारण उसका नाम जिनदत्त रखा गया था। जिनदत्त व्यापार के लिये सिंघल आदि द्वीपों में गया था। उसे व्यापार में अतुल लाभ के अतिरिक्त वहां से उसे अनेक अलौकिक विद्यायें एवं राजकुमारियां भी प्राप्त हुई थीं। इस प्रकार पूरी कथा जिनदत्त के जीवन की सुन्दर कहानियों से पूर्ण है।

११ ज्योतिषसार

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है ज्योतिषसार ज्योतिष शास्त्र का ग्रंथ है। इसके रचयिता हैं श्री कृपाराम जिन्होंने ज्योतिष के विभिन्न ग्रंथों के आधार से संवत् १७४२ मे इसकी रचना की थी। कवि के पिता का नाम तुलाराम था और वे शाहजहांपुर के रहने वाले थे। पाठकों की जानकारी के लिये ग्रंथ में से दो उद्धरण दिये जा रहे हैं:—

केदरियों चौथो भवन, सपतमदसमौ जान। पंचम अरु नोमौ भवन, येह त्रिकोण बखान ।।६।।
तीजो षसटम ग्यारमों, अर दसमों कर लेखि। इनकौ उपचै कहत है, सर्वग्रंथ में देखि ।।७।।

चरण लग्यो जा अंत में, सोह दिन चित धारि। वा दिन उतनी भयी, जु पक्ष बीते सुमविचारि ॥४०॥
अगन लिखे ते गिरह जो, जा पर बैठो आय। ता पर के मूल सुफल का कीजे मित बनाय ॥४१॥

१२ ज्ञानार्णव टीका

आचार्य शुभचन्द्र विरचित ज्ञानार्णव संस्कृत भाषा का प्रसिद्ध ग्रन्थ है। स्वाध्याय करने वालों का प्रिय होने के कारण इसकी प्राय: प्रत्येक शास्त्र भंडार में हस्तलिखित प्रतियां उपलब्ध होती हैं। इसकी एक टीका विद्यानन्दि के शिष्य श्रुतसागर द्वारा लिखी गई थी। ज्ञानार्णव की एक अन्य संस्कृत टीका जयपुर के भ भंडार में उपलब्ध हुई है। टीकाकार है पं नयविलास। उन्होंने इस टीका को मुगल सम्राट अकबर जलालुद्दीन के राजस्व मंत्री टोडरमल के सुत रिषिदास के श्रवणार्थ एवं पठनार्थ लिखी थी। इसका उल्लेख टीकाकार ने ग्रन्थ के प्रत्येक अध्याय के अंत में निम्न प्रकार किया है—

इति शुभचन्द्राचार्यविरचिते ज्ञानार्णवमूलसूत्रे योगप्रदीपाधिकारे पं नयविलासेन साह पासा तत्पुत्र साह टोडर तत्पुत्र साह रिषिदासेन स्वश्रवणार्थं पंडित जिनदासोद्यमेन कारापितेन द्वादशभावना प्रकरण द्वितीय।

टीका के प्रारम्भ में भी टीकाकार ने निम्न प्रशस्ति लिखी है—

शश्वत् साहि जलालदीनपुरत: प्राप्त प्रतिष्ठोदय:।
श्रीमान् मुगलवंशशारद-शशि-विश्वोपकारोद्यत:।
नाम्ना कृष्ण इति प्रसिद्धिरभवत् सद्धात्रधर्मोन्नते।
तन्मंत्रीश्वर टोडरो गुणयुत: सर्वाधिकाराधित: ॥६॥
श्रीमत् टोडरसाह पुत्र निपुण: सद्दानचिंतामणि:।
श्रीमत् श्रीरिषिदास धर्मनिपुण: प्राप्तोन्नतिरभिया।
तेनाहं समवादि निपुणो न्यायाद्यलीलाह्वय:।
श्रोतु वृत्तिमता परं सुविपया ज्ञानार्णवस्य स्फुट ॥७॥

इस प्रशस्ति से यह जाना जा सकता है कि सम्राट अकबर के राजस्व मंत्री टोडरमल संभवत: जैन थे। इनके पिता का नाम साह पासा था। स्वय मंत्री टोडरमल भी कवि थे और इनका एक भजन "अब तेरो मुख देखु जिनंदा" जैन भंडारों में कितने ही गुटको में मिलता है।

नयविलास की संस्कृत टीका का उल्लेख पीटर्सन ने भी किया है लेकिन उन्होंने नामोल्लेख के अतिरिक्त और कोई परिचय नहीं दिया है। पं नयविलास का विशेष परिचय अभी खोज का विषय है।

१३ णेमिणाह चरिए—महाकवि दामोदर

महाकवि दामोदर कृत णेमिणाह चरिए अपभ्रंश भाषा का एक सुन्दर काव्य है। इस काव्य में पांच संधियां हैं जिनमें भगवान नेमिनाथ के जीवन का वर्णन है। महाकवि ने इसे संवत् १२८७ में समाप्त किया था जैसा निम्न दुवई छन्द (एक प्रकार का दोहा) में दिया हुआ है—

वारहसयाइं सत्तसियाइं, विक्कमरायहो कालहं । पमारहं पट्ट समुद्धरणु, णरवर देवापालहं ।।१४५।।

दामोदर मुनि सूरसेन के प्रशिष्य एवं महामुनि कमलभद्र के शिष्य थे । इन्होंने इस ग्रंथ की पंडित रामचन्द्र के आदेश से रचना की थी । ग्रंथ की भाषा सुन्दर एवं ललित है । इसमे घत्ता, दुवई, वस्तु छंद का प्रयोग किया गया है । कुल पद्यों की संख्या १४५ है । इस काव्य से अपभ्रंश भाषा का शनै. शनै' हिन्दी भाषा मे किस प्रकार परिवर्तन हुआ यह जाना जा सकता है ।

इसकी एक प्रति ज भंडार में उपलब्ध हुई है । प्रति अपूर्ण है तथा प्रथम ७ पत्र नहीं हैं । प्रति सं० १५८२ की लिखी हुई है ।

१४ तत्त्ववर्णन

यह मुनि शुभचन्द्र की संस्कृत रचना है जिसमें संक्षिप्त रूप से जीवादि द्रव्यों का लक्षण वर्णित है । रचना छोटी है और उसमें केवल ५१ पद्य हैं । प्रारम्भ में ग्रंथकर्त्ता ने निम्न प्रकार विषय वर्णन करने का उल्लेख किया है:—

तत्त्वातत्वस्वरूपज्ञं सार्व्वं सर्व्वगुणाकरं । वीरं नत्वा प्रवक्ष्येऽहं जीवद्रव्यादिलक्षणं ।।१।।
जीवाजीवमिदं द्रव्यं युग्ममाहु जिनेश्वरा । जीवद्रव्यं द्विधातत्र शुद्धाशुद्धविकल्पतः ।।२।।

रचना की भाषा सरल है । ग्रंथकार ने रचना के अन्त में अपना नामोल्लेख निम्न प्रकार किया है:—

श्री कंजकीर्त्तिसद्दे वै' शुभेंदुमुनितेरितै । जिनागमानुसारेण सम्यक्त्वव्यक्ति-हेतवे ।।५०।।

मुनि शुभचन्द्र भट्टारक शुभचन्द्र से भिन्न विद्वान हैं । ये १७ वीं शताव्दी के विद्वान थे । इनके द्वारा लिखी हुई अभी हिन्दी भाषा की भी रचनाये मिली हैं । यह रचना ज भंडार में संग्रहीत है । यह आचार्य नेमिचन्द्र के पठनार्थ लिखी गई थी ।

१५ तत्त्वार्थसूत्र भाषा

प्रसिद्ध जैनाचार्य उमास्वामि के तत्त्वार्थसूत्र का हिन्दी पद्यमें अनुवाद वहुत कम विद्वानों ने किया है । अभी क भंडार मे इस ग्रंथ का हिन्दीपद्यानुवाद मिला है जिसके कर्त्ता हैं श्री छोटेलाल, जो अलीगढ प्रान्त के मेढूगांव के रहने वाले थे । इनके पिता का नाम मोतीलाल था । ये जैसवाल जैन थे तथा काशी नगर मे आकर रहने लगे थे । इन्होंने इस ग्रंथ का पद्यानुवाद संवत् १९३२ मे समाप्त किया था ।

छोटेलाल हिन्दी के अच्छे विद्वान थे । इनकी अव तक तत्त्वार्थसूत्र भापा के अतिरिक्त और रचनायें भी उपलब्ध हुई हैं । ये रचनायें-चौवीस-तीर्थंकर पूजा, पंचपरमेष्ठी पूजा एवं नित्यनियमपूजा हैं । तत्त्वार्थ सूत्र का आदि भाग निम्न प्रकार है ।

मोक्ष की राह बनावत से। भरु कर्म पहाड़ करै चकचूरा,
विश्वसुतत्त्व के ज्ञायक है ताही, लक्षिन के हेत नमौं परिपूरा।
सम्यग्दर्शन चरित ज्ञान कहे, याहि मारग मोक्ष के सूरा,
तत्त्व को अर्थ करो सरधान सो सम्यग्दर्शन मजबूरा ॥१॥

कवि ने जिन पद्यों में अपना परिचय दिया है वे निम्न प्रकार हैं—

जिलो अलीगढ़ जानियो मेढूगाम सुधाम। मोतीलाल सुपुत्र है छोगेलाल सुनाम ॥१॥
जैसवाल कुल जाति है श्रेणी बीसा जान। वंश इक्ष्वाकु महान में लयो जन्म भू आन ॥२॥
फरी नगर सुभाय के सैनी संगति पाय। उदयराज भाई लखो सिखरचन्द्र गुण काय ॥३॥
छंद भेद जानों नहीं और गणागण सोय। केवल भक्ति सुधर्म की बसी सुहृदय मोय ॥४॥
ता प्रभाव या सूत्र की छंद प्रतिज्ञा सिद्धि। भाई सु भवि जन सोधियो होय जगत प्रसिद्ध ॥५॥
मंगल श्री अर्हंत है सिद्ध साधु चपसार। तिन नुति मनवच काय यह मेटो विघन विकार ॥६॥
छंद बंध श्री सूत्र के किये सु बुधि अनुसार। मूलग्रंथ कू देखिके श्री जिन हिरदै धारि ॥७॥
क्वारमास की अष्टमी पहलो पक्ष निहार। अठसटि ऊन सहस्र दो संवत रीति विचार ॥८॥

इति छंदबद्धसूत्र संपूर्ण।
संवत १९३१ चैत्र कृष्णा ११ बुधे।

१६ दर्शनसार भाषा

नथमल नाम के कई विद्वान हो गये हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध १८ वीं शताब्दी के नथमल विलाला थे जो मूलतः आगरे के निवासी थे किन्तु बाद में हीरापुर (हिण्डौन) आकर रहने लगे थे। इस विद्वान के अतिरिक्त १९ वीं शताब्दी में दूसरे नथमल हुये जिन्होंने कितने ही ग्रंथों की भाषा टीका लिखी। दर्शनसार भाषा भी इन्हीं का लिखा हुआ है जिसे उन्होंने संवत् १९२० में समाप्त किया था। इसका उल्लेख स्वयं कवि ने निम्न प्रकार किया है।

बीस अधिक उगणीस से शात, श्रावण प्रथम चोथि शनिवार।
कृष्णापक्ष में दर्शनसार, भाषा नथमल लिखी सुधार ॥५६॥

दर्शनसार मूलतः देवसेन का ग्रंथ है जिसे उन्होंने संवत् ६९० में समाप्त किया था। नथमल न इसी का पद्यानुवाद किया है।

नथमल द्वारा लिखे हुये अन्य ग्रंथों में महीपालचरितभाषा (संवत् १९१८), योगसार भाषा (संवत् १९१६), परमात्मप्रकाश भाषा (संवत् १९१६), रत्नकरण्डश्रावकाचार भाषा (संवत् १९२०), पाडरा

कारणभावना भाषा (संवत् १६२१) अष्टाह्निकाकथा (संवत् १६२२), रत्नत्रय जयमाल (संवत् १६२४) उल्लेखनीय हैं।

१७ दर्शनसार भाषा

१८ वीं एवं १६ वीं शताब्दी में जयपुर मे हिन्दी के बहुत विद्वान् होगये हैं। इन विद्वानों ने हिन्दी भाषा के प्रचार के लिए सैकड़ों प्राकृत एवं संस्कृत के ग्रंथों का हिन्दी गद्य एवं पद्य में अनुवाद किया था। इन्हीं विद्वानों मे से प० शिवजीलालजी का नाम भी उल्लेखनीय है। ये १८ वीं शताब्दी के विद्वान थे और इन्होंने दर्शनसार की हिन्दी गद्य टीका संवत् १८२३ में समाप्त की थी। गद्य मे राजस्थानी शैली का उपयोग किया गया है। इसका एक उदाहरण देखिये.—

सांच कहतां जीव के उपरिलोक दूखो वा तूषो। सांच कहने वाला तो कहै ही कहा जग का भय करि राजदंड छोडि देता है वा जूंवा का भय करि राजमनुष्य कपडा पटकि देय है ? तैसे निंदने वाले निंदा, स्तुति करने वाले स्तुति करो, सांच बोला तो सांच कहै।

१८ धर्मचन्द्र प्रबन्ध

धर्मचन्द्र प्रबन्ध मे मुनि धर्मचन्द्र का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। मुनि, भट्टारकों एवं विद्वानों के सम्बन्ध में ऐसे प्रबन्ध बहुत कम उपलब्ध होते हैं इस दृष्टि से यह प्रबन्ध एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक रचना है। रचना प्राकृत भाषा मे है विभिन्न छन्दों की २० गाथायें हैं।

प्रबन्ध से पता चलता है कि मुनि धर्मचन्द्र भ० प्रभाचन्द्र के शिष्य थे। ये सकल कला में प्रवीण एवं आगम शास्त्र के पारगामी विद्वान थे। भारत के सभी प्रान्तों के श्रावकों में उनका पूर्ण प्रमुत्व था और समय २ पर वे आकर उनकी पूजा किया करते थे।

प्रबन्ध की पूरी प्रति ग्रंथ सूची के पृष्ठ ३६६ पर दी हुई है।

१६ धर्मविलास

धर्मविलास ब्रह्म जिनदास की रचना है। कवि ने अपने आपको सिद्धान्तचक्रवर्ति आ० नेमिचन्द्र का शिष्य लिखा है। इसलिये ये भट्टारक सकलकीर्ति के अनुज एवं उनके शिष्य प्रसिद्ध विद्वान ब्र० जिनदास से भिन्न विद्वान हैं। इन्होंने प्रथम मंगलाचरण में भी आ० नेमिचन्द्र को नमस्कार किया है।

भव्वकमलमायंडं सिद्धजिण तिहुवर्णिद सदपुज्जं। नेमिशसिं गुरुवीरं पणमीय तियशुद्धभोवमहणं ॥१॥

ग्रंथ का नाम धर्मपंचविंशतिका भी है। यह प्राकृत भापा मे निवद्ध है तथा इसमें केवल २६ गाथाये हैं। ग्रंथ की अन्तिम पुष्पिका निम्न प्रकार है।

इति त्रिविधसैद्धान्तिकचक्रवर्त्याचार्यश्रीनेमिचन्द्रस्य प्रियशिष्यब्रह्मजिनदासविरचित धर्मपंच-विंशतिका नाम शास्त्रसमाप्तम्।

२० निजामणि

यह प्रसिद्ध विद्वान् ब्रह्म जिनदास की कृति है जो जयपुर के 'क' भण्डार में उपलब्ध हुई है। रचना छोटी है और उसमें केवल ५४ पद्य हैं। इसमें चौबीस तीर्थंकरों की स्तुति एवं अन्य शलाका महापुरुषों का नामोल्लेख किया गया है। रचना स्तुति परक होते हुये भी आध्यात्मिक है। रचना का आदि अन्त भाग निम्न प्रकार है—

श्री सकल जिनेश्वर देव, हूं तस पाय करूं सेव।
हवे निजामणि कहुं सार, जिम क्षपक तरे संसार ॥ १ ॥
हो क्षपक सुणो जिनवाणि, संसार अथिर तू जाणि।
इहां राखा नहिं कोई धीर, हवे मन दृढ करो निज धीर ॥ २ ॥
ध्या आदीश्वर जगीसार, ते जुगला धर्म निवार।
ध्या अजित जिनेश्वर चंग, जिने कियो कर्म नो भंग ॥ ३ ॥
ध्या संभव भव हर स्वामी, ते जिनवर मुक्ति हि गामी।
ध्या अभिनंदन आनंद, जिने मोड्यो भव नो फंद ॥ ४ ॥
ध्या सुमति सुमति दातार, जिने रत्न गुणी जित्यो मार।
ध्या पद्मप्रभ गुणिवास, ते मुक्ति तणा निवास ॥ ५ ॥
ध्या सुपार्श्व जिन जगीसार, जसु पास न रहियो मार।
ध्या चंद्रप्रभ जगीचंद्र, जिन त्रिभुवन कियो आनन्द ॥ ६ ॥

× × × ×

ए निजामणि कहि सार, ते सयल सुख भंडार।
जे क्षपक सुणे ए चंग, ते सौख्य पाये अभंग ॥ ५३ ॥
श्री सकलकीर्ति गुरु ध्याउ, मुनि भुवनकीर्ति गुणगाउ।
ब्रह्म जिनदास भणेसार, ए निजामणि भवतार ॥ ५४ ॥

२१ नेमिनरेन्द्र स्तोत्र

यह स्तोत्र वादिराज जगन्नाथ कृत है। ये भट्टारक नरेन्द्रकीर्ति के शिष्य थे तथा टोडारायसिंह (जयपुर) के रहने वाले थे। अब तक इनकी श्वेताम्बर पराजय (केवलि भुक्ति निराकरण), सुख निधान, चतुर्विंशति संधान स्वोपज्ञ टीका एवं शिव साधन नाम के चार ग्रंथ उपलब्ध हुये थे। नेमिनरेन्द्र स्तोत्र

उनकी पांचवी कृति है जिसमें टोडारायसिंह के प्रसिद्ध नेमिनाथ मन्दिर की मूलनायक प्रतिमा नेमिनाथ का स्तवन किया गया है। ये १७ वीं शताब्दी के विद्वान् थे। रचना में ४१ छन्द हैं तथा अन्तिम पद्य निम्न प्रकार है —

श्रीमन्नेमिनरेन्द्रकीर्त्तिरतुलं चित्तोत्सवं च कृतात्।
पूर्व्वानेकभवार्जितं च कलुषं भक्तस्य वै जह्तात्॥
उद्धृत्या पद एव शर्मदपदे, स्तोतृनहो ' '' ।
शाश्वत् छीजगदीशनिर्मलहृदि प्रायः सदा वर्त्तात्॥४१॥

उक्त स्तोत्र की एक प्रति ञ भण्डार में संग्रहीत है जो संवत् १७०४ की लिखी हुई है।

२२ परमात्मराज स्तोत्र

भट्टारक सकलकीर्त्ति द्वारा विरचित यह दूसरी रचना है जो जयपुर के शास्त्र भंडारों में उपलब्ध हुई है। यह सुन्दर एवं भावपूर्ण स्तोत्र है। कवि ने इसे महास्तवन लिखा है। स्तोत्र की भाषा सरल एवं सुन्दर है। इसकी एक प्रति जयपुर के क भंडार में संग्रहीत है। इसमें १६ पद्य हैं। स्तोत्र की पूरी प्रति ग्रंथ सूची के पृष्ठ ४०३ पर दे दी गयी है।

२३ पासचरिए

पासचरिए अपभ्रंश भाषा की रचना है जिसे कवि तेजपाल ने सिवदास के पुत्र घूघलि के लिये निबद्ध की थी। इसकी एक अपूर्ण प्रति न भण्डार मे संग्रहीत है। इस प्रति में न से ७७ तक पत्र हैं जिन में आठ संधियों का विवरण है। आठवीं संधि की अन्तिम पुष्पिका निम्न प्रकार है—

इयसिरि पास चरित्तं रइयं कइ तेजपाल साणंदं अणुसंणियसुहद्दं घूघलि सिवदास पुत्तेण सग्गग्गवाल छीजा सुपसाएण लब्भए णूणं अरविंद दिक्खा अट्ठमसंधी परिसमत्तो ॥

तेजपाल ने ग्रंथ में दुवई, घत्ता एवं कडवक इन तीन छन्दों का उपयोग किया है। पहिले घत्ता फिर दुवई तथा सबके अन्त में कडवक इस क्रम से इन छन्दों का प्रयोग हुआ है। रचना अभी अप्रकाशित है।

तेजपाल १४ वीं शताब्दी के विद्वान थे। इनकी दो रचनाएं संभवनाथ चरित एवं वरांग चरित पहिले प्राप्त हो चुकी हैं।

२४ पार्श्वनाथ चौपई

पार्श्वनाथ चौपई कवि लाखो की रचना है जिसे उन्होंने संवत् १७३४ मे समाप्त किया था।

कवि राजस्थानी विद्वान थे तथा चपहटका ग्राम के रहने वाले थे। उस समय मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन था। पार्श्वनाथ चौपई में २६८ पद्य हैं जो सभी चौपई में हैं। रचना सरस भाषा में निबद्ध है।

२५ पिंगल छन्द शास्त्र

छन्द शास्त्र पर माखन कवि द्वारा लिखी हुई यह बहुत सुन्दर रचना है। रचना का दूसरा नाम माखन छंद विलास भी है। माखन कवि के पिता जिनका नाम गोपाल था स्वयं भी कवि थे। रचना में दोहा चौबोला, छप्पय, सोरठा, मदनमोहन, हरिमालिका सखधारी, मालती, डिल्ल, करहंचा समानिका, भुजंगप्रयात, मंजुभाषिणी, सारंगिका, तरंगिका, भ्रमरावलि, मालिनी आदि कितने ही छन्दों के लक्षण दिये हुये हैं।

माखन कवि ने इसे संवत् १८६३ में समाप्त किया था। इसकी एक अपूर्ण प्रति 'ब' भण्डार के संग्रह में है। इसका आदि भाग सूची के ३१० पृष्ठ पर दिया हुआ है।

२६ पुण्यास्रवकथा कोश

टेकचन्द १८ वीं शताब्दी के प्रमुख हिन्दी कवि हो गये हैं। अबतक इनकी २० से भी अधिक रचनायें प्राप्त हो चुकी हैं। जिन में से कुछ के नाम निम्न प्रकार हैं—

पंचपरमेष्ठी पूजा, कर्मदहन पूजा, तीनलोक पूजा (सं० १८२८) सुदृष्टि तरंगिणी (सं० १८३८) सोलहकारण पूजा, व्यसनराज वर्णन (सं० १८२७) पञ्चकल्याण पूजा, पञ्चमेरु, पूजा, दशाध्याय सूत्र गद्य टीका, अध्यात्म बारहखड़ी, आदि। इनके पद भी मिलते हैं जो अध्यात्म रस से ओतप्रोत हैं।

टेकचंद के पितामह का नाम दीपचंद एवं पिता का नाम रामकृष्ण था। दीपचंद स्वयं भी अच्छे विद्वान् थे। कवि खण्डेलवाल जैन थे। ये मूलतः जयपुर निवासी थे लेकिन फिर साहिपुरामें जाकर रहने लगे थे। पुण्यास्रवकथाकोश इनकी एक और रचना है जो अभी जयपुर के 'क' भण्डार में प्राप्त हुई है। कवि ने इस रचना में जो अपनापरिचय दिया है वह निम्न प्रकार है—

> दीपचन्द साधर्मी भए, ते जिनधर्म विषै रत थए।
> तिन सं पुरस लगु लगपाय, कम जोग्य नहीं धर्म सुहाय ॥ ३२ ॥
> दीपचन्द तन तैं तन भयो, ताको नाम हली हरि दीयो।
> रामकृष्ण तैं सो तन थाय, टेकचंद ता नाम धराय ॥ ३३ ॥
> सो फिरि कर्म उदै तैं आय, साहिपुरै थिति कीनी आय।
> तहां भी बहुत काल थिन ठान, लोपा मोद उदै तैं आनि ॥

× × ×

साहिपुरा सुभथान मे, भलो सहारो पाय।
धर्म लियो जिन देव को, नरभव सफल कराय॥
नृप उमेद ता पुर विषै, करै राज बलवान।
तिन अपने भुजबलथकी, अरि शिर कीह्नी आनि॥
ताके राज सुराज मैं ईतिभीति नहीं जान।
अवलूं पुर मे सुखथकी तिष्ठे हरप जु आनि॥
करी कथा इस ग्रंथ की, छंद बंध पुर मांहि।
ग्रंथ करन कछू बीचि में, आकुल उपजी नांहि॥ ५३॥
साहि नगर साह्यै भयो, पायो सुभ अवकास।
पूरण ग्रंथ सुख तै कीयौ, पुण्याश्रव पुण्यवास॥ ५४॥

चौपई एवं दोहा छन्दों मे लिखा हुआ एक सुन्दर ग्रंथ है। इसमें ७९ कथाओं का संग्रह है। कवि ने इसे संवत् १८२२ में समाप्त किया था जिसका रचना के अन्त में निम्न प्रकार उल्लेख है:—

संवत् अष्टादश सत जांनि, उपरि बीस दोय फिरि आंनि।
फागुण सुदि ग्यारसि निसमांहि, कियो समापत उर हुल साहि॥ ५५॥

आरम्भ मे कवि ने लिखा है कि पुण्यास्रव कथा कोश पहिले प्राकृत भाषा में निबद्ध था लेकिन जब उसे जन साधारण नहीं समझने लगा तो सकल कीर्त्ति आदि विद्वानों ने संस्कृत में उसकी रचना की। जब संस्कृत समझना भी प्रत्येक के लिए क्लिष्ट होगया तो फिर आगरे में धनराम ने उसकी वचनिका की। टेकचंद ने संभवत इसी वचनिका के आधार पर इसकी छन्दोबद्ध रचना की होगी। कविने इसका निम्न प्रकार उल्लेख किया है.—

साधर्मी धनराम जु भए, संसकृत परवीन जु थए।
तौं यह ग्रंथ आगरै थान, कीयो वचनिका सरल बखान॥
जिन धुनि तो बिन अक्षर होय, गणधर समझै और न कोय।
तो प्राकृत मैं करै बखान, तब सब ही सुनि है गुणखानि॥ ३॥
तब फिरि बुधि हीनता लई, संस्कृत वानी श्रुति ठई।
फेरि अलप बुध ज्ञान की होय, सकल कीर्त्ति आदिक जोय॥
तिन यह महा सुगम करि लीए, सस्कृत अति सरल जु कीए॥

२७ बारहभावना

पं० रइधू अपभ्रंश भाषा के प्रसिद्ध कवि माने जाते हैं। इनकी प्राय सभी रचनायें अपभ्रंश

भाषा में ही मिलती हैं जिनकी संख्या २० से भी अधिक है। कवि १५ वीं शताब्दी के विद्वान थे और मध्यप्रदेश—ग्वालियर के रहने वाले थे। बारह भावना कवि की एक मात्र रचना है जो हिन्दी में लिखी हुई मिली है लेकिन इसकी भाषा पर भी अपभ्रंश का प्रभाव है। रचना में ३६ पद्य हैं। रचना के अन्त में कवि ने ज्ञान की अगाधता के बारे में बहुत सुन्दर शब्दों में कहा है—

कथन कहाणी ज्ञान की, कहन सुनन की नांहि। आपनही मैं पाइए, जब देखै घट मांहि॥

रचना के कुछ सुन्दर पद्य निम्न प्रकार हैं—

ससार रूप कोई वस्तु नांही, भेदभाव अज्ञान। ज्ञान दृष्टि धरि देखिए, सब ही सिद्ध समान॥

× × × × × ×

धर्म कराबौ धरम करि, किरिया धरम न होय। धरम जु जानत वस्तु है, जो पहचानै कोय॥

× × × × × ×

करन करावन ग्यान नहिं, पढि अर्थ बखानत और। ग्यान दिष्टि बिन ऊपजै मोहा तणी हु कोर॥

रचना में रइधू का नाम कहीं नहीं दिया है केवल ग्रंथ समाप्ति पर "इति श्री रइधू कृत बारह भावना संपूर्ण" लिखा हुआ है जिससे इसको रइधू कृत लिखा गया है।

२८ भुवनकीर्ति गीत

भुवनकीर्ति भट्टारक सकलकीर्ति के शिष्य थे और उनकी मृत्यु के पश्चात् वे ही भट्टारक की गद्दी पर बैठे। राजस्थान के शास्त्र भंडारों में भट्टारकों के सम्बन्ध में कितने ही गीत मिले हैं इनमें बूचराज एवं भ० शुभचन्द्र द्वारा लिखे हुये गीत प्रमुख हैं। इस गीत में बूचराज ने भट्टारक भुवनकीर्ति की तपस्या एवं उनकी बहुश्रुतता के सम्बन्ध में गुणानुवाद किया गया है। गीत ऐतिहासिक है तथा इससे भुवन कीर्ति के व्यक्तित्व के सम्बन्ध में जानकारी मिलती है। बूचराज १६ वीं शताब्दी के प्रसिद्ध विद्वान[1] थे इनके द्वारा रची हुई अबतक पांच और रचनाएं मिल चुकी हैं। पूरा गीत अविकल रूप से सूची के पृष्ठ ६६६–६६७ पर दिया हुआ है।

२९ भूपालचतुर्विंशतिस्तोत्रटीका

महा प० आशाधर १३ वीं शताब्दी के संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड विद्वान् थे। इनके द्वारा लिखे गये कितने ही ग्रंथ मिलते हैं जो जैन समाज में बड़े ही आदर की दृष्टि से पढ़े जाते हैं। आपकी भूपाल चतुर्विंशतिस्तोत्र की संस्कृत टीका कुछ समय पूर्व तक अप्राप्य थी लेकिन अब इसकी २ प्रतियां जयपुर के भंडार में उपलब्ध हो चुकी हैं। आशाधर ने इसकी टीका अपने प्रिय शिष्य विनयचन्द्र के लिये

1 विस्तृत परिचय के लिए देखिये डा० कासलीवाल द्वारा लिखित बूचराज एवं उनका साहित्य—जैन सन्देश शोधांक–११

की थी। टीका बहुत सुन्दर है। टीकाकार ने विनयचन्द्र का टीका के अन्त में निम्न प्रकार उल्लेख दिया है:—

उपशम इव मूर्त्तिः पूतकीर्त्तिः स तस्माद्। अजनि विनयचन्द्रः सच्चकोरैकचन्द्रः ॥
जगदमृतसगर्भाः शास्त्रसन्दर्भगर्भाः। शुचिचरित सहिष्णोर्यस्य धिन्वन्ति वाचः ॥

विनयचन्द्र ने कुछ समय पश्चात् आशाधर द्वारा लिखित टीका पर भी टीका लिखी थी जिसकी एक प्रति 'अ' भण्डार में उपलब्ध हुई है। टीका के अन्त में "इति विनयचन्द्रनरेन्द्रविरचितभूपालस्तोत्रसमाप्तम्" लिखा है। इस टीका की भाषा एवं शैली आशाधर के समान है।

२० मनमोदनपचशती

कवि छत्त अथवा छत्रपति हिन्दी के प्रसिद्ध कवि होगये हैं। इनकी मुख्य रचनाओं में 'कृपणजगावन चरित्र' पहिले ही प्रकाश मे आचुका है जिसमे तुलसीदास के समकालीन कवि ब्रह्म गुलाल के जीवन चरित्र का अति सुन्दरता से वर्णन किया गया है। इनके द्वारा विरचित १०० से भी अधिक पद हमारे संग्रह मे है। ये अवांगढ के निवासी थे। पं० बनवारीलालजी के शब्दों मे छत्रपति एक आदर्शवादी लेखक थे जिनका धन संचय की ओर कुछ भी ध्यान न था। ये पांच आने से अधिक अपने पास नही रखते थे तथा एक घन्टे से अधिक के लिये वह अपनी दूकान नहीं खोलते थे।

छत्रपति जैसवाल थे। अभी इनकी 'मनमोदनपंचशति' एक और रचना उपलब्ध हुई है। इस पंचशती को कवि ने संवत १६१६ में समाप्त किया था। कवि ने इसका निम्न प्रकार उल्लेख किया है:—

वीर भये असरीर गई षट सत पन वरसहि। प्रघटो विक्रम दैत तनौ संव्रत सर सरसहि ॥
उनिसहसत षोडशहि पोष प्रतिपदा उजारी। पूर्वाषांड नछत्र अर्क दिन सब सुखकारी ॥
वर वृद्धि जोग सिद्धत इहग्रंथ समापित करिलियो। अनुपम असेष आनंद घन भोगत निवसत थिर थयो ॥

इसमें ५१३ पद्य हैं जिसमें सवैया, दोहा आदि छन्दों का प्रयोग किया गया है। कवि के शब्दों में पंचशती में सभी स्फुट कवित्त है जिनमें भिन्न २ रसों का वर्णन है—

सकलसिद्धियम सिद्धि कर पंच परमगुर जेह। तिन पद पंकज कौ सदा प्रनमौं धरि मन नेह ॥
नहि अधिकार प्रबंध नहि फुटकर कवित्त समस्त। जुदा जुदा रस वरनऊं स्वादो चतुर प्रशस्त ॥

मित्र की प्रशंसा मे जो पद्य लिखे हैं उनमे से दो पद्य देखिये।

मित्र होय जो न करें चारि बात कौं। उछेद तन धन धर्म मंत्र अनेक प्रकार के ॥
दोष देखि दावै पीठ पीछे होय जस गावै। कारज करत रहै सदा उपकार के ॥

साधारन रीति नहीं स्वारथ की प्रीति जाके । अद तन वचन प्रशंसत पयार के ॥
दिल को उदार निरवाहै जो पै दे करार । मति कौ सुठार गुनवीसरै न यार के ॥२१३॥
अंतरंग बाहिज मधुर जैसी किसमिस । मनलरंपन कौ कुबेरभांति घर है ॥
गुन के बधाय कू जैसे चन्द सागर कू । दुख तम चूरिवे कू दिन दुपहर है ॥
स्वारथ के सारिवे कू हरू बहू विधना है । मंत्र के सिखायवे कू मानों सुरगुर है ॥
ऐसे सार मित्र सौ न कीजिये जुदाई कमी । धन मन तन सब वारि देना पर है ॥२१४॥

इस तरह मनमोहन पचशती हिन्दी की बहुत ही सुन्दर रचना है जो शीघ्र ही प्रकाशन योग्य है।

२१ मित्रविलास

मित्रविलास एक संग्रह ग्रंथ है जिसमें कवि घासी द्वारा विरचित विभिन्न रचनाओं का संकलन है। घासी के पिता का नाम महासिंह था। कवि ने अपने पिता एवं अपने मित्र भारामल के आग्रह से मित्र विलास की रचना की थी। ये भारामल संभवतः वे ही विद्वान हैं जिन्होंने दर्शनकथा, शीलकथा, दानकथा आदि कथायें लिखी हैं। कवि ने इसे संवत् १७८८ में समाप्त किया था जिसका उल्लेख ग्रंथ के अन्त में निम्न प्रकार हुआ है—

कर्म रिपु सो तो चारों गति में घसीट फिरयौ, ताही के प्रसाद सेती घासी नाम पायौ है।
भारामल मित्र वो महासिंह पिता मेरो, तिनकीसहाय सेती ग्रंथ ये बनायौ है॥
यामें भूल चूक जो हो सुधि सो सुधार लीजो, मो पै कृपा दृष्टि कीज्यो आप ये कनायौ है।
दिगनिध सतजान हरि को चतुर्थ ठान, फागुण सुदि चौथ मान निजगुण गायौ है॥

कवि ने ग्रंथ के प्रारम्भ में वर्णनीय विषय का निम्न प्रकार उल्लेख किया है—

मित्र विलास महासुखदैन, बरनु वस्तु स्वभाविक ऐन।
प्रगट देखिये लोक मंझार, संग प्रसाद अनेक प्रकार॥
शुभ अशुभ मन की आपति होय, संग कुसंग तणो फल सोय।
पुद्गल वस्तु की निरणाम ठीक, इस कू करनी है तहकीक॥

मित्र विलास की भाषा एवं शैली दोनों ही सुन्दर है तथा पाठकों के मन को लुभाने वाली है। ग्रंथ प्रकाशन योग्य है।

घासी कवि के पद भी मिलते हैं।

३२ रागमाला—श्याममिश्र

राग रागनियों पर निबद्ध रागमाला श्याम मिश्र की एक सुन्दर कृति है। इसका दूसरा नाम

कासम रसिक विलास भी है। श्याममिश्र आगरे के रहने वाले थे लेकिन उन्होंने कासिमखां के संरक्षणता में जाकर लाहौर मे इसकी रचना की थी। कासिमखां उस समय वहां का उदार एवं रसिक शासक था। कवि ने निम्न शब्दों में उसकी प्रशंसा की है।

कासमखांन सुजान कृपा कवि पर करी।
रागनि की माला करिबे को चित धरी॥

दोहा

सेख खांन के वंश में उपज्यौ कासमखांन।
निस दीपग ज्यौं चन्द्रमा, दिन दीपक ज्यौ भान॥
कवि वरनै छवि खान की, सौ वरनी नहीं जाय।
कासमखांन सुजान की अंग रही छवि छाय॥

रागमाला मे भैरोंराग, मालकोशराग, हिंडोलनाराग, दीपकराग, गुणकरीराग, रामकली, ललितरागिनी विलावलरागिनी, कामोद, नट, केदारो, आसावरी, मल्हार आदि रागरागनियों का वर्णन किया गया है।

श्याममिश्र के पिता का नाम चतुर्भुज मिश्र था। कवि ने रचना के अन्त में निम्न प्रकार वर्णन किया है—

संवत् सौरहसे वरष, उपर बीते दोइ।
फागुन बुदी सतोदसी, सुनौ गुनी जन कोइ॥

सोरठा

पोथी रची लाहौर, स्याम आगरे नगर के।
राजघाट है ठौर, पुत्र चतुरभुज मिश्र के॥

इति रागमाला ग्रंथ स्याममिश्र कृत संपूरण।

३३ रुक्मणिकृष्णजी को रासो

यह तिपरदास की रचना है। रासो के प्रारम्भ मे महाराजा भीमक की पुत्री रुक्मिणी के सौन्दय का वर्णन है। इसके पश्चात् रुक्मिणि के विवाह का प्रस्ताव, भीमक के पुत्र रुक्मि द्वारा शिशुपाल के साथ विवाह करने का प्रस्ताव, शिशुपाल को निमंत्रण तथा उनके सदलबल विवाह के लिये प्रस्ताव, रुक्मिणी का कृष्ण को पत्र लिख सन्देश भिजवाना, कृष्णजी द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत करना तथा

सयुसबल के साथ भीमनगरी की ओर प्रस्थान, पूजा के बहाने रुक्मिणी का मन्दिर की ओर जाना, रुक्मिणी का सौन्दर्य वर्णन, श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी को रथ में बैठाना, कृष्ण शिशुपाल युद्ध वर्णन, रुक्मिणी द्वारा कृष्ण की पूजा एवं उनका द्वारिका नगरी को प्रस्थान आदि का वर्णन किया गया है।

रासो में दूहा, कवित्त, त्रोटक, नाराच आदि छंद आदि का प्रयोग किया गया है। रासो की भाषा राजस्थानी है।

नाराच जातिछंद

आर्याद भरीप सोहती, त्रिभवणरूप मोहती।
स्वर्ण भर्याद नेवरी, सुचक्क चरण घुघरी ॥
भमक भम्मे भमक भमक, भवण्य हंस सोमती।
रतन हीर जडत जाम, लीर की अनोपती ॥
मलमलै स चंद सूर, सीसै फूल सोहए।
वासिगं वेणि रुखे जेम, सिरह मणिक मोहए ॥
सोवन मी रत्नहार, जडित कण्ठ मैं रुले।
अर्णव मोति जडित कोधि, न्यकिय जलाकुले ॥

१४ लग्नचन्द्रिका

यह ज्योतिष का ग्रंथ है जिसकी भाषा स्योजीराम सौगाणी ने की थी। कवि आमेर के निवासी थे। इनके पिता का नाम कमरपाल तथा गुरु का नाम पं० बखतरामजी था। अपने गुरु एवं उनके शिष्यों के आग्रह से ही कवि ने इसकी भाषा संवत् १८७४ में समाप्त की थी। लग्नचन्द्रिका ज्योतिष का संस्कृत में अच्छा ग्रंथ है। भाषा टीका में ४२१ पद्य हैं। इसकी एक प्रति भ० भंडार में सुरक्षित है।

इनके लिखे हुये हिन्दी पद एवं कवित्त भी मिलते हैं—

१५ लब्धि विधान चौपई

लब्धि विधान चौपई एक कथात्मक कृति है इसमें लब्धिविधान व्रत से सम्बन्धित कथा दी हुई है। यह व्रत चैत्र एवं भादव मास के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया एवं तृतीया के दिन किया जाता है। इस व्रत के करने से पापों की शान्ति होती है।

चौपई के रचयिता हैं कवि भीषम जिनका नाम प्रथमबार सुना जा रहा है। कवि सांगानेर (जयपुर) के रहने वाले थे। ये खण्डेलवाल जैन थे तथा गोधा इनका गोत्र था। सांगानेर में उस समय स्वाध्याय एवं पूजा का खूब प्रचार था। इन्होंने इसे संवत् १६१७ (सन् १५६०) में समाप्त किया था।

दोहा और चौपई मिला कर पद्यों की संख्या २०१ है। कवि ने जो अपना परिचय दिया है वह निम्न प्रकार है:—

संवत् सोलहसै सतरौ, फागुण मास जबै ऊतरौ।
उजल पाखि तेरसि तिथि जांण, ता दिन कथा गढी परवाणि ॥६६॥
वरतै निवाली मांहि विख्यात, जैनधर्म तसु गोधा जाति।
यह कथा भीषम कवि कही, जिनपुरांण मांहि जैसी लही ॥६७॥
सांगानेरी वसै सुभ गांव, मांन नृपति तस चहु खड नाम।
जहि कै राजि सुखी सव लोग, सकल वस्तु को कीजे भोग ॥६८॥
जैनधर्म की महिमां वणी, संतिक पूजा होई तिहघणी।
श्रावक लोक वसै सुजांण, सांझ संवारा सुणै पुराण ॥६९॥
आठ विधि पूजा जिणेश्वर करै, रागदोष नहीं मन मैं धरै।
दान चारि सुपात्रा देय, मनिष जन्म कौ लाहौ लेय ॥२००॥
कडा वंध चौपई जांणि, पूरा हूवा दोइसै प्रमाण।
जिनवाणी का अन्त न जास, भवि जीव जे लहै सुखवास ॥२०१॥
इति श्री लब्धि विधान की चौपई संपूर्ण।

३६ वर्द्धमानपुराण

इसका दूसरा नाम जिनरात्रिव्रत महात्म्य भी है। मुनि पद्मनन्दि इस पुराण के रचयिता हैं। यह ग्रंथ दो परिच्छेदों मे विभक्त है। प्रथम सर्ग मे ३५६ तथा दूसरे परिच्छेद में २०५ पद्य हैं। मुनि पद्मनन्दि प्रभाचन्द्र मुनि के पट्ट के थे। रचना संवत् इसमे नहीं दिया गया है लेकिन लेखन काल के आधार से यह रचना १५ वीं शताब्दी से पूर्व होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त ये प्रभाचन्द्र मुनि संभवत वेही हैं जिन्होंने आराधनासार प्रबन्ध की रचना की थी और जो भ० देवेन्द्रकीर्ति के प्रमुख शिष्य थे।

३७ विषहरन विधि

यह एक आयुर्वेदिक रचना है जिसमे विभिन्न प्रकार के विष एवं उनके मुक्ति का उपाय वतलाया गया है। विषहरन विधि संतोष वैद्य की कृति है। ये मुनिहरष के शिष्य थे। इन्होंने इसे कुछ प्राचीन ग्रंथों के आधार पर तथा अपने गुरु (जो स्वयं भी वैद्य थे) के वताये हुए ज्ञान के आधार पर हिन्दी पद्य मे लिखकर इसे संवत् १७४१ मे पूर्ण किया था। ये चन्द्रपुरी के रहने वाले थे। ग्रंथ में १२७ दोहा चौपई छन्द हैं। रचना का प्रारम्भ निम्न प्रकार से हुआ है:—

अथ विषहरन लिख्यते—

दोहरा—श्री गनेस सरस्वती, सुमरि गुरु चरननु चितलाय।
पेत्रपाल दुखहरन को, सुमति सुबुधि बताय॥

चौपई

श्री जिनचंद सुवाच सम्मानि, रच्यौ सोभाग्य ते पद रूप मुनिज्ञान।
इन सील दीनी जीव दया आनि, संतोष मैत्र भाइ तिरहमनि॥२॥

३८ व्रतकथाकोश

इसमें व्रत कथाओं का संग्रह है जिनकी संख्या ३७ से भी अधिक है। कथाकार प० दामोदर एवं देवेन्द्रकीर्ति हैं। दोनों ही धर्मचन्द्र सूरि के शिष्य थे। ऐसा मालूम पड़ता है कि देवेन्द्रकीर्ति का पूर्व नाम दामोदर था इसलिये जो कथायें उन्होंने अपनी गृहस्थावस्था में लिखी थीं उनमें दामोदर कृत लिख दिया है तथा साधु बनने के पश्चात् जो कथायें लिखी उनमें देवेन्द्रकीर्ति लिख दिया गया। दामोदर का उल्लेख प्रथम, षष्ठ, एकादश, द्वादश, चतुर्दश, एवं एकविंशति कथाओं की समाप्ति पर आया है।

कथा कोश संस्कृत गद्य में है तथा भाषा, भाव एवं शैली की दृष्टि से सभी कथायें उच्चस्तर की हैं। इसकी एक अपूर्ण प्रति भंडार में सुरक्षित है। इसकी दूसरी अपूर्ण प्रति ग्रंथ संख्या २५४२ पर देखें। इसमें ४४ कथाओं तक पाठ है।

३६ व्रतकथाकोश

भट्टारक सकलकीर्ति १५ वीं शताब्दी के प्रकांड विद्वान थे। इन्होंने संस्कृत भाषा में बहुत ग्रंथ लिखे हैं जिनमें आदिपुराण, धन्यकुमार चरित्र, पुराणसार संग्रह, यशोधर चरित्र, वर्द्धमान पुराण आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। आपने जबरदस्त प्रभाव के कारण उन्होंने एक नई भट्टारक परम्परा को जन्म दिया जिसमें ब्र० जिनदास, भुवनकीर्ति, ज्ञानभूषण, शुभचन्द्र जैसे उच्चकोटि के विद्वान हुये।

व्रतकथा कोश आपकी उनकी रचनाओं में से एक रचना है। इसमें अधिकांश कथायें उन्हीं के द्वारा विरचित हैं। कुछ कथायें श्रुत पंडित तथा रत्नकीर्ति आदि विद्वानों की भी हैं। कथायें संस्कृत पद्य में हैं। भ० सकलकीर्ति ने सुगन्धदशमी कथा के अन्त में अपना नामोल्लेख निम्न प्रकार किया है—

असमगुण समुद्रान, स्वर्ग मोक्षाय हेतून।
प्रकटित शिवमार्गान्, सद्गुरुन् पंचपूज्यान्॥

विस्तृत परिचय देखिये डा० कासलीवाल द्वारा लिखित बुचराज एवं उनका साहित्य—जैन सन्देश शोधांक अंक ११

त्रिभुवनपतिभव्वैस्तीर्थनाथादिमुख्यान् ।
जगति सकलकीर्त्या संस्तुवे तद् गुणाप्त्यै ।।

प्रति में ३ पत्र (१४३ से १४५) वाद में लिखे गये हैं। प्रति प्राचीन तथा संभवतः १७ वीं शताब्दी की लिखी हुई है। कथा कोश में कुल कथाओं की संख्या ५० है।

४० समोसरण

१७ वीं शताब्दी मे ब्रह्म गुलाल हिन्दी के एक प्रसिद्ध कवि हो गये हैं। इनके जीवन पर कवि छत्रपति ने एक सुन्दर काव्य लिखा है। इनके पिता का नाम हल्ल था जो चन्दवार के राजा कीर्त्ति के आश्रित थे। ब्रह्म गुलाल स्वांग भरना जानते थे और इस कला में पूर्ण प्रवीण थे। एक वार इन्होंने मुनि का स्वांग भरा और ये मुनि भी वन गये। इनके द्वारा विरचित अव तक ८ रचनाएं उपलब्ध हो चुकी हैं। जिसमें त्रेपन क्रिया (संवत् १६६५) गुलाल पच्चीसी, जलगालन क्रिया, विवेक चौपई, कृपण जगावन चरित्र (१६७१), रसविधान चौपई एवं धर्मस्वरूप के नाम उल्लेखनीय हैं।

'समोसरण' एक स्तोत्र के रूप मे रचना है जिसे इन्होंने संवत् १६६८ में समाप्त किया था। इसमे भगवान महावीर के समवसरण का वर्णन किया गया है जो ६७ पद्यों में पूर्ण होता है। इन्होंने इसमे अपना परिचय देते हुये लिखा है कि वे जयनन्दि के शिष्य थे।

स रहसै अढसठिसमै, माघ दसै सित पक्ष।
गुलाल ब्रह्म भनि गीत गति, जयोनन्दि पद सिक्ष ।।६६।।

४१ सोनागिर पच्चीसी

यह एक ऐतिहासिक रचना है जिसमें सोनागिर सिद्ध क्षेत्र का संक्षिप्त वर्णन दिया हुआ है। दिगम्बर विद्वानों ने इस तरह के क्षेत्रों के वर्णन वहुत कम लिखे हैं इसलिये भी इस रचना का पर्याप्त महत्व है। सोनागिर पहिले दतिया स्टेट मे था अव वह मध्यप्रदेश मे है। कवि भागीरथ ने इसे संवत् १८६१ ज्येष्ठ सुदी १४ को पूर्ण किया था। रचना मे क्षेत्र के मुख्य मन्दिर, परिक्रमा एवं अन्य मन्दिरों का भी संक्षिप्त वर्णन दिया हुआ है। रचना का अन्तिम पाठ निम्न प्रकार है:

मेला है जहा कौ कातिक सुद पूनौ को,
हाट हू वजार नाना भांति जुरि आए हैं।
भावधर वंदन कौ पूजत जिनेंद्र काज,
पाप मूल निकंदन कौ दूर हू सै धाए है ।।
गोठै जैउ नारे पुनि दान दैह नाना विधि,
सुर्ग पंथ जाइवे कौ पूरन पद पाए है।

कीजिये सहाइ पाइ भाप हैं भागीरथ।
गुरुन के प्रताप सौन गिरी के गुण गाए हैं ॥

दोहा

जेठ सुदी चौदस भली, जा दिन रची बनाइ।
संमत् अष्टादस इकिसठ, संवत् जेठ गिनाइ ॥
पढ़ै सुनै जो भाव धर, औरे देइ सुनाइ।
मनवंछित फल को लिये, सो पूरन पद को पाइ ॥

४२ हम्मीररासो

हम्मीररासो एक ऐतिहासिक काव्य है जिसमें महेश कवि ने महिमासाह का बादशाह अला-उद्दीन के साथ झगड़ा, महिमासाह का भागकर रणथम्भौर के महाराजा हम्मीर की शरण में आना, बादशाह अलाउद्दीन का हम्मीर को महिमासाह को छोड़ने के लिये बार २ समझाना एवं अन्त में अला उद्दीन एवं हम्मीर का भयंकर युद्ध का वर्णन किया गया है। कवि की वर्णन शैली सुन्दर एवं सरल है।

रासो कब और कहां लिखा गया था इसका कवि ने कोई परिचय नहीं दिया है। उसने केवल अपना नामोल्लेख किया है वह निम्न प्रकार है।

मिले रावपति साही पीर ज्यौ नीर समाही।
ज्यों पारिस कौ परसि बजर कंचन होय जाई ॥
अलावीन हमीर से हुआ न हीस्यो होवसे।
कवि महेस यम उचरै ये समोसरि दसु पुरवसे ॥

अज्ञात एवं महत्वपूर्ण ग्रंथों की सूची

क्रमांक	ग्रं, सू क्र.	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथभंडार	रचना काल
१	४३८१	अनंतव्रतोद्यापनपूजा	आ० गुणचंद्र	स०	अ	१६३०
२	४३६२	अनंतचतुर्दशीपूजा	शांतिदास	स०	ख	×
३	२८६५	अभिधान रत्नाकर	धर्मचंद्रगणि	स०	अ	×
४	४३६१	अभिषेक विधि	लक्ष्मीसेन	सं०	ज	×
५	५६६	अमृतधर्मरसकाव्य	गुणचंद्र	स०	अ	१६ वी शताब्दि
६	४४०१	अष्टाह्निकापूजाकथा	सुरेन्द्रकीर्त्ति	स०	अ	१८५१
७	२५३५	आराधनासारप्रबन्ध	प्रभाचंद्र	स०	ट	×
८	६१६	आराधनासारवृत्ति	प० आशाधर	स०	ख	१३ वी शताब्दि
९.	४४३५	ऋषिमण्डलपूजा	ज्ञानभूषण	स०	ख	×
१०.	४४८०	कंजिकाव्रतोद्यापनपूजा	ललितकीर्त्ति	स०	अ	×
११.	२५४३	कथाकोश	देवेन्द्रकीर्त्ति	स०	अ	×
१२.	५४५६	कथासंग्रह	ललितकीर्त्ति	स०	अ	×
१३.	४४४६	कर्मचूरव्रतोद्यापन	लक्ष्मीसेन	स०	छ	×
१४.	३८२८	कल्याणमंदिरस्तोत्रटीका	देवतिलक	सं०	अ	×
१५	३८२७	कल्याणमंदिरस्तोत्रटीका	प० आशाधर	स०	अ	१३ वी ,,
१६	४४६७	कलिकुण्डपार्श्वनाथपूजा	प्रभाचंद्र	स०	अ	१५ वी ,,
१७	२७५८	कातन्त्रविभ्रमसूत्रावचूरि	चारित्रसिंह	स०	अ	१६ वी ,,
१८.	४४७३	कुण्डलगिरिपूजा	भ० विश्वभूषण	सं०	अ	×
१९	२०२३	कुमारसंभवटीका	कनकसागर	स०	अ	×
२०.	४४८४	गजपंथामण्डलपूजनविधान	भ० क्षेमेन्द्रकीर्त्ति	स०	ख	×
२१.	२०२८	गजसिंहकुमारचरित्र	विनयचन्द्रसूरि	स०	ड	×
२२	३८३६	गीतवीतराग	अभिनव चारुकीर्त्ति	स०	अ	×
२३.	११७	गोम्मटसारकर्मकाण्डटीका	कनकनन्दि	स०	क	×
२४.	११८	गोम्मटसारकर्मकाण्डटीका	ज्ञानभूषण	सं०	क	×
२५.	६१	गोम्मटसारटीका	सकलभूषण	स०	क	×
२६.	५४३६	चंदनषष्ठीव्रतकथा	छत्रसेन	स०	अ	×
२७	२०४८	चंद्रप्रभकाव्यपंजिका	गुणनंदि	स०	ज	×

क्रमांक	ग्रं सू क	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथभंडार	रचना काल
२८	४११२	चारित्रशुद्धिविधान	सुमतिब्रह्म	सं	च	×
२९.	४११४	ज्ञानपंचविंशतिकाव्रतोद्यापन	भ सुरेन्द्रकीर्ति	स	च	×
१	४१२१	णमोकारपैंतीसीव्रतविधान	कनककीर्ति	सं	क	×
११	२११	तत्त्ववर्णन	शुभचंद्र	स	म	×
१२.	५४४१	त्रेपनक्रियोद्यापन	देवेन्द्रकीर्ति	सं	घ	×
११	४७ ५	दशलक्षणव्रतपूजा	जिनचन्द्रसूरि	सं	क	×
१४	४७ १	दशलक्षणव्रतपूजा	मल्लिभूषण	सं	च	×
१५.	४७ २	दशलक्षणव्रतपूजा	सुमतिसागर	स	क	×
१६	४७२१	द्वादशव्रतोद्यापनपूजा	देवेन्द्रकीर्ति	स०	म	१७७२
१७	४७२४	द्वादशव्रतोद्यापनपूजा	पद्मनंदि	सं	म	×
१८	४७२५	„ „ „	जगत्कीर्ति	स	च	×
१९	७७२	धर्मप्रश्नोत्तर	विमलकीर्ति	सं	म	×
४	२११२	नागकुमारचरित्रटीका	प्रभाचन्द्र	स	ट	×
४१	४८१	नित्यस्मृति	×	सं	ट	×
४२.	४८११	नेमिनाथपूजा	सुरेन्द्रकीर्ति	सं	म	×
४१	४८२१	पंचकल्याणकपूजा	„	सं	क	×
४४	१९७१	परमात्मराजस्तोत्र	सकलकीर्ति	स	म	×
४५	५४१८	प्रशस्ति	दामोदर	सं	घ	×
४६	११९८	पुराणसार	श्रीचन्द्रमुनि	सं	म	१ ७७
४७	५४४	भावनाचौतीसी	भ पद्मनन्दि	सं	घ	×
४८	४ ५१	भूपालचतुर्विंशतिटीका	आशाधर	सं	म	११ वीं शताब्दी
४९.	४ ५५	भूपालचतुर्विंशतिटीका	विनयचंद	स	म	१३ वीं „
५	५ ५७	मांगीतुंगीगिरिमंडलपूजा	विश्वभूषण	स	च	१७५६
५१	५१८१	मुनिसुव्रतछंद	प्रभाचंद्र	सं हि	म	×
५२	९७९	मूलाचारटीका	वसुनंदि	प्रा सं	म	×
५१	११२१	यशोधरचरित्रटिप्पण	प्रभाचंद्र	सं	म	×
५४	९९८१	रत्नत्रयविधि	आशाधर	सं	म	×
५५.	११९५	रूपमञ्जरीनाममाला	रूपचंद	सं	म	१६४४
५६	११५	वर्द्धमानकाव्य	मुनिपद्मनंदि	सं	म	११ वीं „

क्रमांक	ग्रं सू. क्र	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथभंडार	रचना काल
५७.	३२६५	वाग्भट्टालंकारटीका	वादिराज	सं०	अ	१७२६
५८	५४४७	वीतरागस्तोत्र	भ० पद्मनंदि	सं०	अ	×
५६.	५२२५	शरदुत्सवदीपिका	सिंहनंदि	सं०	अ	×
६०.	५८२६	शांतिनाथस्तोत्र	गुणभद्रस्वामी	सं०	छ	×
६१.	४१०७	शांतिनाथस्तोत्र	मुनिभद्र	सं०	अ	×
६२.	५१६६	षणवतिक्षेत्रपालपूजा	विश्वसेन	सं०	अ	×
६३.	५४६	षष्ठ्यधिकशतकटीका	राजहंसोपाध्याय	सं०	घ	×
६४.	१८२३	सप्तनयाववोध	मुनिनेत्रसिंह	सं०	अ	×
६५.	५४६७	सरस्वतीस्तुति	आशाधर	सं०	अ	१३ वीं "
६६.	४६४६	सिद्धचक्रपूजा	प्रभाचंद्र	सं०	ङ	×
६७	२७३१	सिंहासनद्वात्रिंशिका	क्षेमकरमुनि	सं०	ख	×
६८.	३८१८	कल्याणक	समन्तभद्र	प्रा०	ङ	×
६६	३६३१	धर्मचन्द्रप्रवन्ध	धर्मचन्द्र	प्रा०	अ	×
७०.	१००५	यत्याचार	आ० वसुनंदि	प्रा०	अ	×
७१.	१८३६	अजितनाथपुराण	विजयसिंह	अप०	अ	१५०५
७२.	६४५४	कल्याणकविधि	विनयचंद	अप०	अ	×
७३.	५४४	चूनड़ी	"	"	अ	×
७४	२६८८	जिनपूजापुरंदरविधानकथा	अमरकीर्ति	अप०	अ	×
७५	५४३६	जिनरात्रिविधानकथा	नरसेन	अप०	अ	१७ वीं
७६	२०६७	णेमिणाहचरिउ	लक्ष्मणदेव	अप०	अ	×
७७.	२०६८	णेमिणाहचरिय	दामोदर	अप०	अ	१२८७
७८.	५६०२	त्रिशतजिनचउवीसी	महणसिंह	अप०	अ	×
७६.	५४३६	दशलक्षणकथा	गुणभद्र	अप०	अ	×
८०	२६८८	दुधारसविधानकथा	विनयचंद	अप०	अ	×
८१.	४६८६	नन्दीश्वरजयमाल	कनककीर्ति	अप०	अ	×
८२.	२६८८	निर्झरपंचमीविधानकथा	विनयचंद	अप०	अ	×
८३.	२१७६	पासचरियं	तेजपाल	अप०	ट	×
८४.	५४३६	रोहिणीविधान	गुणभद्र	अप०	अ	×
८५	२६८३	रोहिणीचरित	देवनंदि	अप०	अ	१५ वीं

क्रमांक	ग्रं सू क	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथभंडार	रचना काल
११५	५६३२	चतुर्दशीकथा	डालूराम	हि० प०	छ	१७६५
११६	५४१७	चतुर्विंशतिछप्पय	गुणकीर्त्ति	हि० प०	ग्र	१७७७
११७.	४५२६	चतुर्विंशतितीर्थंकरपूजा	नेमिचंदपाटनी	हि० प०	क	१८८०
११८.	४५३५	चतुर्विंशतितीर्थंकरपूजा	सुगनचंद	हि० प०	च	१६२६
११६	२५६२	चन्द्रकुमारकीवार्त्ता	प्रतापसिंह	हि० प०	ज	१८४१
१२०.	२५६४	चन्दनमलयागिरीकथा	चतर	हि० प०	ग्र	१७०१
१२१.	२५६३	चन्दनमलयागिरीकथा	भद्रसेन	हि० प०	ग्र	×
१२२	१८७६	चन्द्रप्रभपुराण	हीरालाल	हि० प०	क	१६१३
१२३	१५७	चर्चासागर	चम्पालाल	हि० ग०	ग्र	×
१२४.	१५४	चर्चासार	प० शिवजीलाल	हि० ग०	क	×
१२५	२०५८	चारुदत्तचरित्र	कल्याणकीर्त्ति	हि० प०	ग्र	१६६२
१२६	५६१५	चिंतामणिजयमाल	ठक्कुरसी	हि० प०	छ	१६ वी शताब्दी
१२७	५६१५	चेतनगीत	मुनिसिंहनंदि	हि० प०	छ	१७ वी शताब्दी
१२८.	५४०१	जिनचौवीसीभवान्तररास	विमलेन्द्रकीर्त्ति	हि० प०	ग्र	×
१२६	५५०२	जिनदत्तचौपई	रल्हकवि	हि० प०	ग्र	१३५४
१३०.	५४१४	ज्योतिषसार	कृपाराम	हि० प०	ग्र	१७६२
१३१	६०६१	ज्ञानबावनी	मतिशेखर	हि० प०	ट	१५७४
१३२	५८२६	टंडाणागीत	बूचराज	हि० प०	छ	१६ वी शताब्दी
१३३.	३६६	तत्वार्थसूत्रटीका	कनककीर्त्ति	हि० ग०	ङ	१८ वी ,,
१३४.	३६८	तत्त्वार्थसूत्रटीका	पांडेजयवन्त	हि० ग०	छ	१८ वी ,,
१३५.	३७४	तत्त्वार्थसूत्रटीका	राजमल्ल	हि० ग०	ग्र	१७ वी ,,
१३६.	३७८	तत्त्वार्थसूत्रभाषा	शिखरचंद	हि० प०	क	१६ वी ,,
१३७.	४६२७	तीनचौवीसीपूजा	नेमीचंदपाटणी	हि० प०	क	१८६४
१३८.	६००६	तीसचौवीसीचौपई	श्याम	हि० प०	म	१७४६
१३६.	५८८१	तेईसबोलविवरण	×	हि० प०	छ	१६ वी शताब्दी
१४०.	१७३६	दर्शनसारभाषा	नथमल	हि० प०	क	१६२०
१४१.	१७४०	दर्शनसारभाषा	शिवजीलाल	हि० ग०	क	१६२३
१४२.	४२४५	देवकीकीढाल	लूणकरणकासलीवाल	हि० प०	ग्र	×
१४३.	४६८	द्रव्यसंग्रहभाषा	बाबा दुलीचंद	हि० ग०	क	१६६६

क्रमांक	ग्र सू क्र	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथभंडार	रचना काल
१४४	५८८१	द्रव्यसंग्रहभाषा	हेमराज	हि ग	ख	१७११
१४५	५४ २	नगरों की बसापत का विवरण	×	हि ग	म	×
१४६	२१ ७	नागमंता	×	हि प	म	१८११
१४७	४२४६	नागश्रीसज्भाय	विनयचंद	हि प	म	×
१४८	८११	निजामणि	ब्र जिनदास	हि प	क	१५ वीं शताब्दी
१४९	५४४६	नमिजिनव्याहलो	खेतसी	हि प	म	१७ वीं "
१५	२१५८	नमीश्रीकाचरित्र	माणकचन्द	हि प	म	१८ ४
१५१	५११२	नमिजीकोमंगल	विश्वभूषण	हि प	म	१६९८
१५२	३८६४	नमिनाथछंद	शुभचंद	हि प	म	१६ वीं "
१५३	४२५४	नेमिराजमतिगीत	हीराचंद	हि० प	म	×
१५४	२११४	नेमिराजुलव्याहलो	गोपीकृष्ण	हि प	म	१८९१
१५५	५४२६	नेमिराजुलविवाद	ब्र ज्ञानसागर	हि प	म	१७ वीं "
१५६	५६१५	नेमीश्वरकाचौमासा	मुनिसिंहनंदि	हि प	ख	१७ वीं "
१५७	५८२६	नेमिश्वरकाहिंडोलना	मुनिरत्नकीर्ति	हि प	ख	×
१५८	४८२६	नेमीश्वररास	मुनिरत्नकीर्ति	हि प	ख	×
१५९	११५	पंचकल्याणकपाठ	हरचंद	हि प	ख	१८२१
१६	२१७१	पांडवचरित्र	लाभवर्द्धन	हि प	ट	१७६७
१६१	४२५७	पद	ऋषिशिवलाल	हि प	म	×
१६२	१४१६	परमात्मप्रकाशटीका	बालचंद	हि	क	१८३६
१६३	५८३	प्रद्युम्नरास	कृष्णराय	हि प	ख	×
१६४	५११८	पार्श्वनाथचरित्र	विश्वभूषण	हि	म	१७ वीं "
१६५	४२६	पार्श्वनाथचौपई	प लाखो	हि प	ट	१७३४
१६६	३८६४	पाखण्डछन्द	ब्र वखतराम	हि प	म	१६ वीं "
१६७	३२७७	पिंगलछंदशास्त्र	माखनकवि	हि प	म	१ ११
१६८	२६२१	पुण्यास्रवकथाकोश	टेकचंद	हि प	क	१८२८
१६९	५२५	बंभरादपसताचौपई	मीचाल	हि प	ट	१८८१
१७	५८५६	बिहारीसतसईटीका	कृष्णराय	हि प	ख	×
१७१	५६ ८	बिहारीसतसईटीका	हरचरणदास	हि प	म	१८३४
१७२	५४६७	भुवनकीर्तिगीत	बूचराज	हि प	म	१६ वीं "

क्रमांक	ग्रं.सू.क्र	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथभंडार	रचना काल
१७३.	२२५४	मंगलकलशमहामुनिचतुष्पदी	रंगविनयगणि	हि० प०	अ	१७१४
१७४.	३४८६	मनमोदनपंचशती	छत्रपति	हि० प०	क	१९१६
१७५	६०४६	मनोहरमन्जरी	मनोहरमिश्र	हि० प०	ट	×
१७६.	३८६४	महावीरछंद	शुभचंद	हि० प०	अ	१६ वी ”
१७७.	२६३८	मानतुंगमानवतिचौपई	मोहनविजय	हि० प०	छ	×
१७८.	३१८५	मानविनोद	मानसिंह	हि० प०	ख	×
१७९.	३४९१	मित्रविलास	घासी	हि० प०	क	१७८९
१८०.	१९४८	मुनिसुव्रतपुराण	इन्द्रजीत	हि० प०	अ	१८८५
१८१	२३१३	यशोधरचरित्र	गारवदास	हि० प०	—	१५८१
१८२	२३१५	यशोधरचरित्र	पन्नालाल	हि० ग०	क	१९३२
१८३.	५११३	रत्नावलिव्रतविधान	ब्र० कृष्णदास	हि० प०	अ	१६ वीं
१८४.	५५०१	रविव्रतकथा	जयकीर्ति	हि० प०	अ	१७ वीं ”
१८५.	६०३८	रागमाला	श्याममिश्र	हि० प०	ट	१६०२
१८६	३४८४	राजनीतिशास्त्र	जसुराम	हि० प०	झ	×
१८७.	४३९९	राजसभारंजन	गगादास	हि० प०	अ	×
१८८.	६०५५	रुक्मणिकृष्णजीकोरास	तिपरदास	हि० प०	ट	×
१८९.	२६९८	रैदव्रतकथा	ब्र० जिनदास	हि० प०	क	१५ वी ”
१९०	६०९७	रोहिणीविधिकथा	वंसीदास	हि० प०	ट	१६९५
१९१	५९६६	लग्नचन्द्रिकाभाषा	स्योजीरामसोगाणी	हि० प०	ज	×
१९२	६०८६	लब्धिविधानचौपई	भीषमकवि	हि० प०	ट	१६१७
१९३	५९५१	लहुरीनेमीश्वरकी	विश्वभूषण	हि० प०	ट	×
१९४	६१०५	वसतपूजा	अजयराज	हि० प०	ट	१८ वी ”
१९५	५५१९	वाजिदजी के अडिल्ल	वाजिद	हि० प०	अ	×
१९६	२३५६	विक्रमचरित्र	अभयसोम	हि० प०	अ	१७२४
१९७.	३८६४	विजयकीर्त्तिछंद	शुभचंद	हि० प०	अ	१६ वी.
१९८	३२१३	विषहरनविधि	संतोषकवि	हि० प०	छ	१७४१
१९९.	२६७५	वैदरभीविवाह	पेमराज	हि० प०	अ	×
२००	३७०४	षटलेश्यावेलि	साहलोहट	हि० प०	झ	१७३०
२०१.	५४०२	शहरमारोठ की पत्री		हि० ग०	अ	×

क्रमांक	ग्रं सू क	ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार	भाषा	ग्रंथप्रकार	रचना काल
२ २	१४१०	शीलरास	गुणकीर्ति	हि० प०	म	१७११
२ ३	१५४१	शीलरास	ब्र रायमल्लदेवसूरि	हि प०	म	१६ वी
२०४	१६६१	शीलरास	विजयदेवसूरि	हि प	म	१६ वी
२०५	२७०१	श्रेणिकचौपई	डू गावैद	हि प	म	१८२६
२०६	२४६२	श्रेणिकचरित्र	विजयकीर्ति	हि० प	म	१८२
२ ७	१३६२	समोसरण	ब्र गुलाल	हि प	म	१६६८
२ ८	१५२६	स्यामबत्तीसी	नन्ददास	हि प	म	×
२ ९	२४१८	सागरदत्तचरित्र	हीरकवि	हि प	म	१७२४
२१	१२१६	सामायिकपाठभाषा	तिलोकचन्द	हि प	म	×
२११	१७ ६	हम्मीररासो	महेशकवि	हि प	म	×
२१२	१६६४	हरिवंशपुराण	×	हि० प	म	१७०१
२१३	२०४२	होलिका चौपई	डूंगरकवि	हि प	म	१६२९

भट्टारक सकलकीर्ति कृत यशोधर चरित्र की सचित्र प्रति के दो सुन्दर चित्र

यह सचित्र प्रति जयपुर के दि० जैन मंदिर पार्श्वनाथ के शास्त्र भण्डार मे संग्रहीत है।
राजा यशोधर दु स्वप्न की शाति के लिये अन्य जीवों की बलि न
चढा कर स्वयं की बलि देने को तैयार होता है।
रानी हाहाकार करती है।

[दूसरा चित्र अगले पृष्ठ पर देखिये]

जिन चैत्यालय एवं राजमहल का एक दृश्य
(ग्रंथ सूची क्र सं ७२६५ पत्र संख्या ११४)

❀ श्री महावीराय नम ❀

राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों

की

ग्रन्थसूची

विषय–सिद्धान्त एवं चर्चा

१ अर्थदीपिका—जिनभद्रगणि। पत्र स० ५७ से ६८ तक। आकार १०×४$\frac{3}{4}$ इञ्च। भाषा-प्राकृत। विषय-जैन सिद्धान्त। रचना काल ×। लेखन काल ×। अपूर्ण। वेष्टन सख्या २। प्राप्ति स्थान घ भण्डार।

विशेष—गुजराती मिश्रित हिन्दी टब्वा टीका सहित है।

२. अर्थप्रकाशिका—सदासुख कासलीवाल। पत्र स० ३०३। आ० ११$\frac{1}{2}$×८ इंच। भा० राजस्थानी (ढूंढारी गद्य) विषय–सिद्धान्त। र० काल स० १६१४। ले० काल ×। पूर्ण। वे० सं० ३। प्राप्ति स्थान क भण्डार।

विशेष—उमास्वामी कृत तत्वार्थ सूत्र की यह विशद व्याख्या है

३ प्रति सं० २। पत्र स० ११०। ले० काल ×। वे० स० ४८। प्राप्ति स्थान ङ भण्डार।

४ प्रति स० ३। पत्र स० ४२७। ले० काल स० १६३५ आसोज बुदी ६। वे० स० १८१६। प्राप्ति स्थान ट भण्डार।

विशेष—प्रति सुन्दर एव आकर्षक है।

५. अष्टकर्मप्रकृतिवर्णन । पत्र स० ४६। आ० ६×६ इच। भा० हिन्दी (गद्य)। विषय–आठ कर्मो का वर्णन। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। प्राप्ति स्थान ख भण्डार।

विशेष—ज्ञानावरणादि आठ कर्मों का विस्तृत वर्णन है। साथ ही गुणस्थानो का भी अच्छा विवेचन किया गया है। अन्त मे व्रतो एव प्रतिमाओ का भी वर्णन दिया हुआ है।

६. अष्टकर्मप्रकृतिवर्णन । पत्र स० ७। आ० ८×५ इच। भा० हिन्दी। विषय–आठ कर्मो का वर्णन। र० काल ×। ले० काल ×। पूर्ण। वे० स० २५८। प्राप्ति स्थान ख भण्डार।

७ अर्हत्प्रवचन । पत्र स० २। आ० १२×५$\frac{1}{2}$ इच। भा० सस्कृत। विषय–सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल ×। पूर्ण। वे० स० १८८२। प्राप्ति स्थान अ भण्डार।

१६ उत्तराध्ययनभाषाटीका ...। प० सं० ३। आ० १०×४ इंच। भा० हिन्दी। विषय-आगम। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० स० २२४४। प्राप्ति स्थान अ भण्डार।

विशेष—ग्रन्थ का प्रारम्भ निम्न प्रकार है।

परम दयाल दया करू, आसा पूरण काज।
चउवीसे जिणवर नमु', चउवीसे गणधार ॥ १ ॥
धरम ग्यान दाता सुगुरु, अहनिस ध्यान धरेस।
वाणी वर देसी सरस, विघन हार विघनेस ॥ २ ॥
उत्तराध्ययन चउदमइ, मित्र छए अधिकार।
अलप अकल गुण छइ घणा, कहू बात मति अनुसार ॥ ३ ॥
चतुर चाह कर साभलो, ए अधिकार अनुप।
निश विकथा परिहरी, सुण ज्यो आलस मूढ ॥ ४ ॥

आगे साकेत नगरी का वर्णन है। कई ढाले दी हुई है।

२०. उदयसत्तावंधप्रकृति वर्णन ।पत्र सं० ५। आ० ११×५३/४ इंच। भा० सस्कृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० स० १८४०। प्राप्ति स्थान ट भण्डार।

२१ कर्मग्रन्थमत्तरी .....। पत्र स० २८। आ० ६×४ इच। भा० प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल स० १७८६ माह बुदी १०। पूर्ण। वे० स० १२२। प्राप्तिस्थान अ भण्डार।

विशेष—कर्म सिद्धान्त पर विवेचन किया गया है।

२२. कर्मप्रकृति—नेमिचन्द्राचार्य। पत्र स० १२। आ० १०३/४×४१/२ इच। भा० प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल स० १६८१ मगसिर सुदी १०। पूर्ण। वे० स० २६७। प्राप्तिस्थान अ भण्डार।

विशेष—पांडे डालू के पठनार्थ नागपुर मे प्रतिलिपि की गई थी। संस्कृत मे सक्षिप्त टीका दी हुई है।

प्रशस्ति—सवत् १६८१ वरषे मिति मागसिर वदि १० शुभ दिने श्रीमन्नागपुरे पूर्णीकृता पांडे डालु पठनार्थ लिखित सुरजन मुनि सा० धर्मदासेन प्रदत्ता।

२३ प्रति स० २। पत्र स० १७। ले० काल ×। वे० स० ८५। प्राप्ति स्थान अ भण्डार।

विशेष—सस्कृत मे सामान्य टीका दी हुई है।

२४ प्रति स० ३। पत्र स० १७। ले० काल ×। वे० स० १४०। प्राप्ति स्थान अ भण्डार।

विशेष—सस्कृत मे सामान्य टीका दी हुई है।

२५ प्रति सं० ४ । पत्र सं० १२ । ले० काल सं० १७६८ । अपूर्ण । वे० सं० ११६३ । अ भण्डार ।

विशेष—भट्टारक जगतकीर्ति के शिष्य वृन्दावन ने प्रतिलिपि करवाई थी ।

२६ प्रति सं० ५ । पत्र सं० १४ । ले० काल सं० १८ २ फाल्गुन सुदी ७ । वे० सं० १ २ । क भण्डार ।

विशेष—इसकी प्रतिलिपि विद्यानन्दि के शिष्य धर्मदास ने स्वपठनार्थ के लिये की थी । प्रति के दोनों ओर तथा ऊपर नीचे संस्कृत में संक्षिप्त टीका है ।

२७ प्रति सं० ६ । पत्र सं० ७७ । ले० काल सं० १६७१ आषाढ सुदी ४ । वे० सं० २६ । ख भण्डार ।

विशेष—प्रति संस्कृत टीका सहित है । मालपुरा में श्री पार्श्वनाथ चैत्यालय में प्रतिलिपि हुई तथा सं० १६८७ में मुनि नन्दकीर्ति ने प्रति का संशोधन किया ।

२८ प्रति सं० ७ । पत्र सं० ११ । ले० काल सं० १८२१ ज्येष्ठ सुदी १४ । वे० सं० १ ५ ख । भण्डार ।

२९ प्रति सं० ८ । पत्र सं० १३ । ले० काल सं० १८११ ज्येष्ठ सुदी ६ । वे० सं० ६१ । घ भण्डार ।

३० प्रति सं० ९ । पत्र सं० ११ । ले० काल × । वे० सं० ६१ । ङ भण्डार ।

विशेष—संस्कृत में संकेत दिये हुये हैं ।

३१ प्रति सं० १० । पत्र सं० ११ । ले० काल × । वे० सं० २८९ । छ भण्डार ।

विशेष—१२६ गाथायें हैं ।

३२. प्रति सं० ११ । पत्र सं० २१ । ले० काल सं० १७६१ वैशाख सुदी ११ । वे० सं० ११२ । ज भण्डार ।

विशेष—सम्भावती में पं० ... महात्मा ने पं० चौथाराम के शिष्य मोहनलाल के पठनार्थ प्रतिलिपि की थी ।

३३ प्रति सं० १२ । पत्र सं० १७ । ले० काल × । वे० सं० १२१ । ञ भण्डार ।

३४ प्रति सं० १३ । पत्र सं० १७ । ले० काल सं० १६४४ कार्तिक सुदी १ । वे० सं० १२९ । ञ भण्डार ।

३५ प्रति सं० १४ । पत्र सं० १४ । ले० काल सं० १६२२ । वे० सं० २१२ । ञ भण्डार ।

विशेष—वृन्दावन में राव सुलतान के राज्य में प्रतिलिपि हुई थी ।

३६. प्रति सं० १५ । पत्र सं० १६ । ले० काल × । वे० सं० ४०५ । ञ भण्डार ।

३७ प्रति सं० १६ । पत्र सं० ३ से १८ । ले० काल × । अपूर्ण । वे० सं० २८० । ञ भण्डार ।

३८ प्रति सं० १७ । पत्र सं० १७ । ले० काल × । वे० सं० ४०५ । ञ भण्डार ।

३९. प्रति सं० १८ । पत्र सं० १४ । ले० काल × । वे० सं० १३० । ञ भण्डार ।

४०. प्रति सं० १९ । पत्र सं० ५ से १७ । ले० काल सं० १७६० । अपूर्ण । वे० सं० २००० । ट भण्डार ।

विशेष—वृन्दावती नगरी मे पार्श्वनाथ चैत्यालय में श्रीमान् बुधसिंह के विजय राज्य मे आचार्य उदयभूषण के प्रशिष्य प० तुलसीदास के शिष्य त्रिलोकभूषण ने संशोधन करके प्रतिलिपि की। प्रारम्भ के तथा बीच के कुछ पत्र नहीं है। प्रति संस्कृत टीका सहित है।

४१ प्रति सं० २० । पत्र सं० १३ से ४३ । ले० काल × । अपूर्ण । वे० सं० १९८९ । ट भण्डार ।

विशेष—प्रति प्राचीन है। गुजराती टीका सहित है।

४२. **कर्मप्रकृतिटीका—टीकाकार सुमतिकीर्त्ति** । पत्र सं० २ से २२ । आ० १२×५$\frac{3}{4}$ इंच । भा० संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । र० काल × । ले० काल सं० १८२२ । वे० सं० १२५२ । अपूर्ण । अ भण्डार ।

विशेष—टीकाकार ने यह टीका भ० ज्ञानभूषण के सहाय्य से लिखी थी।

४३. **कर्मप्रकृति** . . । पत्र सं० १० । आ० ८$\frac{1}{4}$×४$\frac{3}{4}$ इंच । भा० हिन्दी । र० काल × । पूर्ण । वे० सं० ३९४ । अ भण्डार ।

४४. **कर्मप्रकृतिविधान—बनारसीदास** । पत्र सं० १६ । आ० ८$\frac{3}{4}$×४$\frac{1}{2}$ इंच । भा० हिन्दी पद्य । विषय-सिद्धान्त । र० काल × । ले० काल × । अपूर्ण । वे सं० ३७ । ङ भण्डार ।

४५. **कर्मविपाकटीका—टीकाकार सकलकीर्त्ति** । पत्र सं० १४ । आ० १२×५ इंच । भा० संस्कृत । विषय-सिद्धान्त । र० काल × । ले० काल सं० १७९८ आषाढ बुदी ५ । पूर्ण । वे० सं० १५९ । अ भण्डार ।

विशेष—कर्मविपाक के मूलकर्त्ता आ० नेमिचन्द्र हैं।

४६. प्रति सं० २ । पत्र सं० १७ । ले० काल × । वे सं० १२ । घ भण्डार ।

विशेष—प्रति प्राचीन है।

४७. **कर्म्मस्तवसूत्र—देवेन्द्रसूरि** । पत्र सं० १२ । आ० ११×६ इंच । भा० प्राकृत । विषय-सिद्धान्त । र० काल × । ले० काल × । वे० सं० १०५ । छ भण्डार ।

विशेष—गाथाओं पर हिन्दी मे अर्थ दिया हुआ है।

१ कल्पसूत्र—भद्रबाहु। पत्र स० ६। आ० ११×४½ इच। भा० प्राकृत। विषय-आगम। र० का ×। ले० का स० १५६० आसोज सुदी ८। पूर्ण। वे० स० १८४६। ट भण्डार।

५२. प्रति सं० २। पत्र स० ८ से २७४। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० स० १८६४। ट भण्डार।

विशेष—सस्कृत टीका सहित है। गाथाओ के ऊपर अर्थ दिया हुआ है।

५३ कल्पसूत्र टीका—समयसुन्दरोपध्याय। पत्र स० २५। आ० ६×४ इन्च। भाषा-सस्कृत। विषय-आगम। र० काल ×। ले० काल स० १७२५ कार्तिक। पूर्ण। वे० स० २८। ख भण्डार।

विशेष—लूणकर्णसर ग्राम मे ग्र थ की रचना हुई थी। टीका का नाम कल्पलता है। सारक ग्राम मे प० भाग्य विशाल ने प्रतिलिपि की थी।

५४ कल्पसूत्रवृत्ति । पत्र स० १२६। आ० ११×६½ इच। भा० प्राकृत। विषय-आगम। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० स० १८१८। ट भण्डार।

५५ कल्पसूत्र । पत्र स० १० से ४८। आ० १०½×४½ इच। भाषा-प्राकृत। विषय-आगम। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० स० २००२। अ भण्डार।

विशेष—सस्कृत मे टिप्पण भी दिया हुआ है।

५ . क्षपणासारवृत्ति—माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव। पत्र स० ६७। आ० १२×७½ इच। भा० सस्कृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल शक स० ११२५ वि० स० १२६०। ले० काल स० १८१६ बैशाख बुदी ११। पूर्ण। वे० स ११७। क भण्डार।

विशेष—ग्र थ के मूलकर्त्ता नेमिचन्द्राचार्य है।

५७. प्रति स० २। पत्र स० १४८। ले० काल स० १६५५। वे० स० १२०। क भण्डार।

५८ प्रति स० ३। पत्र स० १०२। ले० काल स० १८४७ आषाढ बुदी २। ट भण्डार।

विशेष—भट्टारक सुरेन्द्रकीर्त्ति के पठनार्थ जयपुर मे प्रतिलिपि की गयी थी।

५६ क्षपणासार—टीका । पत्र स० ६१। आ० १२½×५½ इच। भा० सस्कृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० स० ११८। क भण्डार।

६० क्षपणासारभाषा—पं० टोडरमल। पत्र स० २७३। आ० १३×८ इच। भा० हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। र० काल स० १८१८ माघ सुदी ५। ले० काल १६४६। पूर्ण। वे० स० ११६। क भण्डार।

विशेष—क्षपणासार के मूलकर्त्ता आचार्य नेमिचन्द्र है। जैन सिद्धान्त का यह अपूर्व ग्रन्थ है। महा प० टोडरमलजी की गोमट्टसार (जीव-काण्ड और कर्मकाण्ड) लब्धिसार और क्षपणासार की टीका का नाम सम्यग्ज्ञान चन्द्रिका है। इन तीनो की भाषा टीका एक ग्रन्थ मे भी मिलता है। प्रति उत्तम है।

७७ **गुणस्थानवर्णन** · ···· । पत्र स० २० आ० १०×५ इंच । भा० संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । काल × । ले० काल × । अपूर्ण । वे० स० ७८ । च भण्डार ।

विशेष—१४ गुणस्थानों का वर्णन है ।

७८ **गुणस्थानवर्णन** · । पत्र स० १५ से २१ । आ० १२×५½ इंच । भा० हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । र० काल × । ले० काल × । अपूर्ण । वे० स० १३६ । ङ भण्डार ।

७९ प्रति स० २ । पत्र स० ८ । ले० काल स० १७९३ । वे० स० ४९६ । ञ भण्डार ।

८० **गोम्मटसार (जीवकाण्ड)**—आ० नेमिचन्द्र । पत्र स० १३ । आ० १३×५ इंच । भा०—प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । र० काल × । ले० काल स० १५५७ आषाढ सुदी ९ । पूर्ण । वे० स० ११८ । अ भण्डार ।

प्रशस्ति—सवत् १५५७ वर्षे आषाढ शुक्ल नवम्या श्रीमूलसघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्री कुदकुदाचार्यान्वये भट्टारक श्री पद्मनन्दि देवास्तत्पट्टे भट्टारक श्री सुभचद्रदेवास्तत्पट्टे भट्टारक श्री जिनचद्रदेवास्तच्छिष्य मुनि श्री मडलाचार्य रत्नकीर्त्ति देवास्तत्शिष्य मुनि हेमचंद्र नामा तदाम्नाये सहलवालवंसे सा० देल्हा भार्या देल्ही तत्पुत्र सा० मोजा तद्भार्या अरणभास्तत्पुत्रा सा० मावचो द्वितीय अमरणो तृतीय जाल्हा एतै सास्त्रमिदं लेखयित्वा तस्मै ज्ञानपात्राय मुनि श्री हेमचद्राय भक्त्या प्रदत्तं ।

८१. **प्रति सं० २** । पत्र स० ७ । ले० काल × । वे० स० ११९४ । अ भण्डार ।

८२. **प्रति स० ३** । पत्र स० १४९ । ले० काल स० १७२६ । वे० सं० १११ । अ भण्डार ।

८३. **प्रति स० ४** । पत्र स० ५ से ४८ । ले० काल स० १६२४ । चैत्र सुदी २ । अपूर्ण । वे० स० १२८ । क भण्डार ।

विशेष—हरिश्चन्द्र के पुत्र सुनपथी ने प्रतिलिपि की थी ।

८४ **प्रति स० ५** । पत्र स० १२ । ले० काल × । अपूर्ण । वे० स० १३६ । क भण्डार ।

८५. **प्रति स० ६** । पत्र स० १८ । ले० काल × । वे० स० १३६ । ख भण्डार ।

८६. **प्रति स० ७** । पत्र स० ३७४ । ले० काल सं० १७३८ श्रावण सुदी ५ । वे० सं० १४ । घ भण्डार ।

विशेष—प्रति टीका सहित है । श्री वीरदास ने अकबराबाद में प्रतिलिपि की थी ।

८७. **प्रति सं० ८** । पत्र स० ७४ । ले० काल स० १८६९ आषाढ सुदी ७ । वे० सं० १३८ । क भण्डार ।

९९. प्रति सं० २। पत्र सं० ३७६। ले० काल सं० १९८८ भादवा सुदी १५। वे० सं० १४१। क भण्डार।

१००. प्रति सं० ३। पत्र सं० ११। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० सं० १२६७। अ भण्डार।

१०१ प्रति सं० ४। पत्र सं० ५७६। ले० काल सं० १८८५ माघ सुदी १५। वे० सं० १८। ग भण्डार।

विशेष—कालूराम साह तथा मन्नालाल कासलीवाल ने प्रतिलिपि करवायी थी।

१०२ प्रति सं० ५। पत्र सं० ३२८। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० सं० १४९। ङ भण्डार।

विशेष—२७४ से आगे ५४ पत्रों पर गुणस्थान आदि पर यंत्र रचना है।

१०३ प्रति सं० ६। पत्र सं० ५३। ले० काल ×। वे० सं० १५०। ङ भण्डार।

विशेष—केवल यंत्र रचना ही है।

१०४. **गोम्मटसार-भाषा—पं० टोडरमल**। पत्र सं० २१३। आ० १५×१० इंच। भा० हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। र० काल सं० १८१८ माघ सुदी ५। ले० काल सं० १९४२ भादवा सुदी ५। पूर्ण। वे० सं० १५१। ङ भण्डार।

विशेष—लब्धिसार तथा क्षपणासार की टीका है। गणेशलाल सुन्दरलाल पांड्या ने ग्रंथ की प्रतिलिपि करवायी।

१०५ प्रति सं० २। पत्र सं० ११११०। ले० काल सं० १८५७ सावण सुदी ५। वे० सं० ५३८। च भण्डार।

१०६ प्रति सं० ३। पत्र सं० ६७१ से ७२५। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० सं० १२६। ज भण्डार।

१०७ प्रति सं० ४। पत्र सं० ८१८। ले० काल सं० १८८७ वैशाख सुदी ३। अपूर्ण। वे० सं० २२१८। ट भण्डार।

विशेष—प्रति बड़े आकार एवं सुन्दर लिखाई की है तथा दर्शनीय है। कुछ पत्रों पर बीच में कलापूर्ण गोलाकार दिये हैं। बीच के कुछ पत्र नहीं हैं।

१०८. **गोम्मटसारपीठिका-भाषा—पं० टोडरमल**। पत्र सं० ६२। आ० १५×७ इंच। भा० हिन्दी। विषय-सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल ×। अपूर्ण। वे० सं० २३२। भ भण्डार।

१०६. गोम्मटसारटीका (जीवकाण्ड) ...... । पत्र सं ४१२ । आ ११×८½ इंच । भा संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । र० काल × । ले काल × । अपूर्ण । वे सं १९६ । ग्र भण्डार

विशेष—टीका का नाम तत्वप्रदीपिका है ।

११० प्रति स० २ । पत्र सं १२ । ले काल × । अपूर्ण । वे स १११ । ग्र भण्डार ।

१११ गोम्मटसारसदृष्टि—प० टोडरमल । पत्र सं ८६ । आ १५×७ इंच । भा हिन्दी । विषय–सिद्धान्त । र काल × । ले काल × । पूर्ण । वे सं २ । ग भण्डार ।

११२. प्रति स० २ । पत्र सं ४८ से २ ८ । ले काल × । अपूर्ण । वे सं ५१६ । च भंडार ।

११३ गोम्मटसार (कर्मकाण्ड)—नेमिचन्द्राचार्य । पत्र सं ११६ । आ ११×७½ इंच । भा प्राकृत । विषय–सिद्धान्त । र काल × । ले काल सं १८८५ चैत सुदी ८ । पूर्ण । वे सं ८१ । च भण्डार ।

११४ प्रति स० २ । पत्र सं १८१ । ले काल । अपूर्ण । वे सं ८ । च भण्डार ।

११५ प्रति स० ३ । पत्र सं १६ । ले काल × । अपूर्ण । वे सं ८३ । च भण्डार ।

११६ प्रति स० ४ । पत्र सं ११ । ले काल सं १५४४ चैत्र सुदी १४ । अपूर्ण । वे सं १८२ । ट भण्डार ।

विशेष—भट्टारक भुवनकीर्ति के शिष्य ब्रह्म सर्वसुख व ब्रह्मकमार्य मडौरिए नगर म प्रतिलिपि की गई ।

११७ गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) टीका—कनकनन्दि । पत्र सं १ । आ ११½×५ ८ इंच । भा संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । र काल × । ले काल × । पूर्ण । (तृतीय अधिकार तक) । वे सं १५५ । क भण्डार ।

११८. गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) टीका—भट्टारक ज्ञानभूषण । पत्र सं ५४ । आ ११½ ७½ इंच । भा संस्कृत । विषय–सिद्धान्त । र काल × । ले काल सं १६७० माघ सुदी ५ । पूर्ण । वे सं १५८ । क भण्डार ।

विशेष—सुमतिकीर्ति की सहायता से टीका लिखी गयी थी ।

११९. प्रति सं० २ । पत्र सं ८३ । ले काल सं १६७३ फागुण सुदी ५ । वे सं १६६ । क भण्डार ।

१२० प्रति स० ३ । पत्र सं २१ । ले काल × । अपूर्ण । वे सं ८७० । ङ भण्डार ।

१२१ प्रति सं० ३ । पत्र स० ५१ । ले० काल X । वे० स० २५ । ख भण्डार ।

१२२. प्रति स० ४ । पत्र स० २१ । ले० काल स० १७५ । वे० स० ४६० । ञ भण्डार ।

१२३. **गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) भापा—प० टोडरमल** । पत्र स० ६६४ । आ० १३×८ इच । भा० हिन्दी गद्य (ढूढारी) । विषय-सिद्धान्त । र० काल १६ वी शताब्दी । ले० काल स० १९४६ ज्येष्ठ सुदी ८ । पूर्ण । वे० स० १३० । क भण्डार ।

विशेष—प्रति उत्तम है ।

१२४. प्रति स० २ । पत्र स० २४० । ले० काल X । वे० स० १४८ । ङ भण्डार ।

विशेष—सहष्टि सहित है ।

१२५. **गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) भापा—हेमराज** । पत्र स० ५२ । आ० ६×५ इच । भा० हिन्दी । विषय-सिद्धान्त । र० काल स० २०१७ । ले० काल स० १७८८ पौष सुदी १० । पूर्ण । वे० स १०५ । अ भण्डार ।

विशेष—प्रश्न साह आनन्दरामजी खण्डेलवाल ने पूछया तिस ऊपर हेमराज ने गोम्मटसार को देख कै क्षयोपशम माफिक पत्री मे जबाव लिखने रूप चर्चा की वासना लिखी है ।

१२६ प्रति स० २ । पत्र स० ८५ । । ले० काल स० १७१७ आसोज बुदी ११ । वे. स १२६ ।

विशेष—स्वपठनार्थ रामपुर मे कल्याण पहाडिया ने प्रतिलिपि करवायी थी । प्रति जीर्ण है । हेमराज १८ वी शताब्दी के प्रथम पाद के हिन्दी गद्य के अच्छे विद्वान हुये हैं । इन्होने १० से अधिक प्राकृत व सस्कृत रचनाओं का हिन्दी गद्य मे रूपातर किया है ।

१२७. **गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) टीका** । पत्र स० १६ । आ० ११½×५ इच । भा० सस्कृत । विषय-सिद्धान्त । र० काल X । ले० काल X । अपूर्ण । वे० स० ८३ । च भण्डार ।

विशेष—प्रति प्राचीन है ।

१२८ प्रति सं० २ । पत्र स० ६८ । ले० काल स० X । वे० स० ६६ । ङ भण्डार ।

१२९ प्रति स० ३ । पत्र स० ४८ । ले० काल X । वे० स० ६१ । छ भण्डार ।

विशेष—अन्तिम पुष्पिका निम्न प्रकार है —

इति प्राय श्रीगुमट्टसारमूलानुटीकाच्च नि वाक्यक्रमेणएकीकृत्य लिखिता । श्री नेमिचन्द्रसैद्धान्ती विरचितकर्मप्रकृतिग्र थस्य टीका समाप्ता ।

१३० गौतमकुलक—गौतम स्वामी। पत्र सं० २। आ० १×४½ इञ्च। भा० प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल ×। ले० काल ×। पूर्ण। वे० सं० १७६६। ट भण्डार।

विशेष—प्रति गुजराती टीका सहित है २ पत्र हैं।

१३१ गौतमकुलक……। पत्र सं० १। आ० १×४ इञ्च। भा० प्राकृत। विषय-सिद्धान्त। र० काल-×। ले० काल-×। पूर्ण। वे० सं० १२४२। अ भण्डार।

विशेष—संस्कृत टीका सहित है।

